34 वां स्थापना वर्ष

# समवेत शिखर

वर्ष-35 अंक-261 | रायपुर, मंगलवार 06 फरवरी 2024 | पृष्ठ : 8, मूल्य : 2.50 रुपए, ई-पेपर: samvetshikhar.com




## फर्स्ट कालम

### पूर्व आईपीएस किरण बेदी होंगी पंजाब की नई राज्यपाल



**चंडीगढ़।** देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी पंजाब की राज्यपाल बनाई गई है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार होने के चलते किरण बेदी को राज्यपाल बनाए जाने के चर्चे खूब चल रहे हैं, क्योंकि आम आदमी पार्टी के साथ किरण बेदी का पुराना रिश्ता भी रहा है ।जिसके चलते वह पार्टी के तौर-तरीकों को अच्छे ढंग से जानती हैं और इन्हें किस तरीके से काबू में रखा जा सकता है, इस बारे में भी उन्हें भली-भांति जानकारी है। किरण बेदी को पंजाब का राज्यपाल बनाए जाने के संबंध में अधिकृत आदेश आ गया। कमल सोई द्वारा ट्विटर हैंडल से पोस्ट को हटाए जाने के पश्चात भी किरण बेदी को पंजाब का राज्यपाल नियुक्त किए जाने की चर्चा पंजाब भर में खूब चल रही है।

### उद्धव की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट सुनवाई को तैयार

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना सुप्रीमो उद्धव ठाकरे की याचिका पर सुनवाई के लिए सुप्रीम कोर्ट तैयार हो गया है। उद्धव ने महाराष्ट्र के स्पीकर राहुल नार्वेकर के उस फैसले को चैलेंज किया है, जिसमें उन्होंने शिंदे गुट को असली शिवसेना बताया है। ठाकरे गुट की ओर से पेश सीनियर एडवोकेट कपिल सिब्बल ने चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच से कहा- मामला सोमवार को लिस्ट होनी थी, लेकिन नहीं की गई। इस पर बेंच ने कहा कि हम इसे देखेंगे।

### बीमार पत्नी से हफ्ते में एक बार मिलेंगे मनीष सिसोदिया

**नई दिल्ली।** दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने सोमवार (5 फरवरी) को आप नेता मनीष सिसोदिया को कस्टडी पैरोल में सप्ताह में एक बार अपनी बीमार पत्नी से मिलने की अनुमति दे दी है। इस दौरान डॉक्टर भी उसने मिल सकेंगे। यह व्यवस्था कोर्ट के अगले आदेश तक जारी रहेगी। कोर्ट ने कहा कि सिसोदिया की नियमित जमानत पर अगली सुनवाई 12 फरवरी को दोपहर 2 की जाएगी। दिल्ली के शराब नीति घोटाले में मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने 26 फरवरी 2023 को गिरफ्तार किया था।

### लाक्षागृह पर हिंदुओं को मिला हक, बागपत कोर्ट ने 53 साल बाद सुनाया फैसला

**बागपत।** यूपी में बागपत जिले के बरनावा में बने महाभारत काल के लाक्षागृह पर कोर्ट ने हिंदू पक्ष को मालिकाना हक दिया है। सोमवार को बागपत की सिविल जज जूनियर डिवीजन प्रथम शिवम द्विवेदी ने इस मामले में फैसला सुना दिया। पिछले करीब 53 साल से मामले में हिंदू और मुस्लिम पक्ष की ओर से कोर्ट में मुकदमा चल रहा था। मेरठ की कोर्ट में साल 1970 में यह केस दायर किया गया था। 1997 में यह केस बागपत कोर्ट में शिफ्ट हुआ था, तभी से इसकी सुनवाई यहां हो रही थी। यहां मुस्लिम पक्ष मजार और कब्रिस्तान होने का दावा कर रहा था, जिसे कोर्ट ने नकार दिया। फैसला आने के बाद हिंदू पक्ष के लोगों में उत्साह है। जबकि कोर्ट के फैसले के बाद लाक्षागृह पर भारी पुलिस फोर्स तैनात किया गया है।

### सिंगापुर-ट्रिब्यूनल ने जी के खिलाफ सोनी की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** सिंगापुर की आर्बिट्रेशन ट्रिब्यूनल ने जी के खिलाफ सोनी की याचिका को खारिज कर दिया है। याचिका में सोनी ने 10 अरब डॉलर की मर्जर डील को कैंसिल करने के बाद भारत में अदालती कार्यवाही पर रोक लगाने की मांग की थी। सोनी ने कहा कि वह सिंगापुर इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर (एसआईएसी) के फैसले से निराश है। ये अदालती कार्यवाही पुनित गोयनका के नेतृत्व वाली जी और मैड मेन फिल्म वेंचर्स ने शुरू की है। मैड मेन फिल्म वेंचर्स जी का शेयरधारक है। इसमें नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल से मांग की गई है कि वो सोनी को विलय करने का निर्देश दें।

राज्यपाल हरिचंदन ने छत्तीसगढ़ की 6वीं विधानसभा के दूसरे सत्र को संबोधित किया

# हमारी सरकार जनहितैषी है, जिसका फोकस किसानों महिलाओं, युवाओं और गरीबों पर है : हरिचंदन

### छत्तीसगढ़ विधानसभा की कार्यवाही दिनभर तक के लिए स्थगित

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ के राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन के अभिभाषण के साथ बजट सत्र का आगाज हो गया। अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही पहले 5 मिनट, फिर इसके बाद मंगलवार सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई। अपने अभिभाषण में राज्यपाल ने कहा कि हमारी सरकार जनहितैषी सरकार है, जिसका फोकस किसानों, महिलाओं, युवाओं और गरीबों पर है। अभिभाषण के बाद सदन की कार्यवाही 5 मिनट के लिए स्थगित की गई। इससे पहले उन्होंने पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई को भी याद किया।

इससे पहले विधानसभा पहुंचने पर राज्यपाल हरिचंदन का मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत तथा संसदीय कार्य मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने स्वागत किया। राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि माननीय सदस्यगण, छत्तीसगढ़ विधानसभा के वर्ष 2024 में आयोजित इस प्रथम सत्र में आपका हार्दिक अभिनंदन करता हूं। आप सभी को बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

**सुशासन का नया दौर शुरू करने के लिए सरकार संकल्पबद्ध :** नवगठित विधानसभा के प्रथम सत्र के अपने अभिभाषण में मैंने कहा था कि मेरी सरकार छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माता पूर्व प्रधानमंत्री माननीय स्व. अटल बिहारी वाजपेयी और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आदर्शों और सिद्धांतों के अनुसार छत्तीसगढ़ में सुशासन का नया दौर शुरू करने के लिए संकल्पबद्ध है।



**जनता से किए वादे पूरे करने की दिशा में ठोस कदम :** मुझे खुशी है कि अल्प अवधि में मेरी सरकार ने जनता से किए गए वादे पूरे करने की दिशा में ठोस कदम उठाए हैं, जिसके कारण प्रदेश में न्याय, राहत और विकास का नया दौर शुरू हुआ है। 'समृद्ध किसान-संपन्न प्रदेश' की अवधारणा पर तेजी से अमल साल के धान के बकाया बोनस 3 हजार 716 करोड़ रुपए की राशि किसानों के खाते में डाल दी गई है।

**संस्कृति, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार पर तेजी से काम :** जनजाति उत्थान-प्रदेश का मान ध्येय वाक्य अनुसूचित जनजाति के जीवन से जुड़े सभी पहलुओं पर मेरी सरकार की संवेदनशीलता और सकारात्मक सोच को दर्शाता है। बच्चों की शिक्षा से लेकर पूरे समुदाय की संस्कृति, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, रोजगार, जीवन स्तर उन्नयन जैसे सभी मुद्दों पर तेजी से काम किया जाएगा। (शेष पेज-3 पर)

### विधानसभा में 13487 हजार करोड़ का अनुपूरक बजट पेश



**रायपुर।** सोमवार को विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 13487 हजार 4 लाख 91 हजार 207 करोड़ का अनुपूरक बजट पेश किया है। इसमें कृषि उन्नत योजना के लिए 12 हजार करोड़ का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि हर वर्ग की जरूरत को समझते हुए बजट में उचित प्रावधान किए जा रहे हैं। मुख्य बजट 9 फरवरी को पेश किया जाएगा। छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे बड़ी धान की खरीदी हुई है। छत्तीसगढ़ के किसानों के अंतर की राशि देने की तैयारी भाजपा सरकार कर रही है। सरकार ने धान 3100 रुपए में खरीदने का वादा किया था। मगर धान खरीदी 2203 रुपए के समर्थन मूल्य पर की गई है। अब अंतर की राशि देने के लिए अनुपूरक बजट में प्रावधान किया गया है। (शेष पेज-3 पर)

# परिवारवादी राजनीति लोकतंत्र के लिए चिंता का विषय : मोदी

**नई दिल्ली (ए)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को संसद में कहा कि एक परिवारवादी राजनीति और परिवारवादी पार्टियां लोकतंत्र के लिये खतरा हैं और देश के लोकतंत्र के लिये परिवारवाद की राजनीति चिंता का विषय होना चाहिए।



श्री मोदी संसद के बजट सत्र के प्रारंभ में दोनों सदनों की संयुक्त बैठक में राष्ट्रपति के अभिभाषण के धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में हुयी चर्चा का जबाव दे रहे थे। उन्होंने कहा, ÷ परिवारवादी पार्टियां, परिवारों द्वारा चलायी जाने वाली पार्टियां लोकतंत्र के लिये खतरा हैं।

श्री मोदी ने कहा, देश ने परिवारवाद का खामियाजा उठाया है, कांग्रेस ने भी परिवारवाद का खामियाजा उठाया है। उन्होंने विपक्षी सदस्यों की टोका-टोकी के बीच कहा कि एक परिवार के एक से ज्यादा सदस्य यदि अपनी मेहनत और योग्यता से राजनीति में आगे बढ़ते हैं, तो उसका स्वागत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि एक परिवार के 10 लोग राजनीति में आयें, कोई बुराई नहीं लेकिन हम ऐसे परिवारवाद की चर्चा कर रहे हैं, जिसमें एक ही परिवार पार्टी चलाता है, पार्टी के सभी लोगों की जिम्मेदारी एक परिवार होता है। उन्होंने विपक्ष की टोका-टोकी के बीच में कहा, राजनाथ सिंह (रक्षा मंत्री) और अमित शाह (गृह मंत्री) कोई पार्टी नहीं चलाते हैं। श्री मोदी ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुये कहा, एक ही प्रोडक्ट (उत्पाद) को बार-बार लॉन्च करने के चक्कर में दुकान को ताला लगने की नौबत आ गयी है। उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण को तथ्यों पर आधारित एक बड़ा दस्तावेज बताया और कहा कि उससे यह पता लगता है कि भारत इस समय किस गति और किस बड़े पैमाने से आगे बढ़ रहा है? उन्होंने राष्ट्रपति के अभिभाषण की आलोचना के विपक्ष के तौर-तरीके की भर्त्सना करते हुये कहा कि वह टुकड़ों में सोचता है और देश को बांटने की बात करता है।

#### जिसने देश को लूटा है उसे लौटाना पड़ेगा

जहां संविधान का राज है, जहां लोकतंत्र है, वहां ऐसी बातें लंबी नहीं चल सकती हैं। जांच करना एजेंसियों का काम है, एजेंसियां स्वतंत्र रहती हैं। जज करने का काम न्यायाधीशों का है। वे अपना काम कर रहे हैं। जिसको जितना जुल्म करना है, कर ले, मेरी भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। जिसने देश को लूटा है, उसे लौटाना पड़ेगा।

#### चोरी में जेल जाने पर महिमा मंडन किया जाता है

सभी राजनीतिक दलों को भी सोचने की जरूरत है। आज देश का दुर्भाग्य है पहले क्लास में कोई चोरी करता था तो दस दिन तक किसी को अपना मुंह नहीं दिखाता था। आज जिस पर भ्रष्टाचार सिद्ध हो जाता है। चोरी में जेल हो आता है। उनका महिमा-मंडन किया जा रहा है। आपकी ऐसी कौन सी मजबूरी है।

#### अब बिचौलियों के लिए गरीबों को लूटना मुश्किल हो गया है

डायरेक्ट बैनिफिट स्कीम से लोग लूटने से बचे। कांग्रेस के पीएम ने कहा था- एक रुपए भेजते हैं 15 पैसे पहुंचते हैं। हमने 30 लाख करोड़ भेजे, पूरे पहुंचे। हमने 10 करोड़ फर्जी नाम हटाए। उनकी व्यवस्था ऐसी थी, जिस बेटी का जन्म नहीं हुआ, उसे विधवा पेंशन जाती थी।

# पुलिस विभाग में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी 46 आईपीएस अफसरों के तबादले

- 4 आईजी व 25 जिलों के एसपी बदले गए
- आईपीएस संतोष सिंह रायपुर के नए एसपी होंगे
- अमरेश मिश्रा रायपुर रेंज के नए आईजी होंगे




समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** प्रदेश सरकार ने पुलिस महकमे में बड़ी प्रशासनिक सर्जरी की है। गृह विभाग ने रविवार आधी रात बाद 46 आईपीएस अफसरों का तबादला आदेश जारी किया है। पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश में चार आईजी समेत 25 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए हैं। 2011 बैच के आईपीएस संतोष सिंह अब रायपुर के नए एसपी होंगे। इससे पहले वे बिलासपुर के एसपी थे। इनकी जगह रजनेश सिंह बिलासपुर पुलिस अधीक्षक होंगे। वहीं, डेपुटेशन पर केंद्र से लौटे अमरेश मिश्रा का रायपुर रेंज का महानिरीक्षक बनाया गया है।

मौजूदा सरकार ने जिन अफसरों को बड़ी जिम्मेदारी दी है, वे पिछली सरकार में पूरी तरह साइडलाइन थे, जबकि यही अफसर 2018 से पहले मेन स्ट्रीम में थे। इसके साथ ही दागी अफसरों को फ्रंटलाइन से हटाकर बैकफुट पर कर दिया गया है। इनमें ऐसे अफसर शामिल हैं जो पिछली सरकार में अहम पदों पर थे, लेकिन विवाद में भी रहे।

गृह विभाग के आदेश के मुताबिक महानिरीक्षक स्तर के 10 अधिकारियों का भी प्रभार बदला है।

#### आईजी के प्रभार बदले

आईपीएस दीपांशु काबरा को एडीजी पुलिस मुख्यालय, डॉ आनंद छाबड़ा को आईजी, पुलिस मुख्यालय, रतनलाल डांगी को निदेशक राज्य पुलिस अकादमी चंदखुरी, अजय कुमार यादव को आईजी पुलिस मुख्यालय, बद्री नारायण मीणा को आईजी पुलिस मुख्यालय, संजीव शुक्ला को आईजी बिलासपुर, अमरेश मिश्रा को आईजी रायपुर रेंज, शेख आरिफ हुसैन को आईजी छसबल सरगुजा (उत्तर क्षेत्र), बीएस ध्रुव को डीआईजी छसबल (पीएचक्यू) रायपुर, रामगोपाल को प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग, दीपक कुमार झा को प्रभारी पुलिस महानिरीक्षक राजनांदगांव, बालाजी राव सोमावर को डीआईजी पुलिस मुख्यालय, पारुल माथुर को डीआईजी पुलिस मुख्यालय, प्रशांत कुमार अग्रवाल को डीआईजी छसबल बस्तर क्षेत्र, केएल ध्रुव को डीआईजी कांकेर रेंज व डी. रविशंकर को अतिरिक्त परिवहन आयुक्त बनाया गया है।

अमरेश मिश्रा जहां रायपुर के नए आईजी बनाए गए हैं। वहीं, 2004 बैच के संजीव शुक्ला अब बिलासपुर आईजी होंगे। (शेष पेज-3 पर)

# झारखंड में चंपई फ्लोर टेस्ट में पास

### पक्ष में 47, विरोध में 29 विधायक

**रांची (ए)।** झारखंड में चंपई सोरेन सरकार ने विश्वास मत जीत लिया। 5 फरवरी को करीब 2 बजे हुई वोटिंग में पक्ष में 47 तो विपक्ष में 29 वोट पड़े। भाजपा, झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) का एक-एक विधायक और एक निर्दलीय गैरहाजिर रहे। वहीं निर्दलीय सरयू राय सदन में थे, लेकिन वोटिंग नहीं की।



मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने विश्वास मत का प्रस्ताव पेश किया था। स्पीकर ने इस पर चर्चा के लिए एक घंटे 10 मिनट का समय निर्धारित किया था। इस दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, पूर्व सीएम हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी, कांग्रेस नेता आलमगीर आलम और आजसू के सुदेश महतो ने बात रखी। 23 मिनट के भाषण में हेमंत सोरेन ने केंद्र सरकार और भाजपा को तीखे लहजे में जवाब दिया। कहा कि देश में पहली बार किसी मुख्यमंत्री को गिरफ्तार किया गया। लगता है इसमें राजभवन शामिल है। वे एक भी पेपर दिखा दें कि मैंने साढ़े 8 एकड़ जमीन हड़पी है तो राजनीति से संन्यास क्या, मैं झारखंड छोड़कर चला जाऊंगा। उन्होंने आगे कहा कि इन लोगों को ये अच्छा नहीं लग रहा कि एक आदिवासी सीएम बीएमडब्ललू में कैसे चल रहा है। इनका बस चले तो ये हमें फिर से जंगल में भेज देंगे। हमारे पास बैठने से इनके कपड़े गंदे होते हैं। इसके जवाब में नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने कहा कि राज्यपाल ने जो अभिभाषण दिया, वो मुख्यमंत्री ऑफिस (सीएमओ) से लिखकर आया था, न कि प्रधानमंत्री ऑफिस (पीएमओ) से। ये तो वहीं बात हुई, चोर मचाए शोर।

### चंडीगढ़ मेयर चुनाव पर बोले सीजेआई-लोकतंत्र की हत्या हुई निगम की बैठकों पर रोक

**चंडीगढ़।** चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। चुनाव अधिकारी अनिल मसीह को सुप्रीम कोर्ट ने फटकार लगाई। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- यह स्पष्ट है कि उन्होंने (चुनाव अधिकारी) बैलट पेपरों को डिफेस्ड (खराब) किया। क्या वह इसी तरह चुनाव आयोजित करते हैं? यह लोकतंत्र का मजाक है। यह लोकतंत्र की हत्या है। इस अफसर पर मुकदमा चलाया जाना चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने आदेश दिया कि मेयर चुनाव के पूरे रिकॉर्ड को जब्त कर पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट रजिस्ट्रार जनरल के पास रखा जाए। बैलट पेपर और वीडियोग्राफी को संभालकर रखा जाए। इसके साथ कोर्ट ने निर्देश दिया कि चंडीगढ़ निगम की आगामी बैठक स्थगित रहेगी।

### चुनाव प्रचार में बच्चों का इस्तेमाल न करें : चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव से पहले चुनाव आयोग ने सोमवार 5 फरवरी को सभी राजनीतिक दलों को सलाह दी है कि चुनाव प्रचार अभियानों में बच्चों का इस्तेमाल किसी भी रूप में न करें। पार्टियों को भेजी गई एडवाइजरी में चुनाव पैनल ने पार्टियों और उम्मीदवारों से चुनावी प्रक्रिया के दौरान बच्चों से पोस्टर और पर्चे बांटने, नारेबाजी करने को लेकर जीरो टॉलरेंस जाहिर किया है। आयोग ने कहा कि राजनीतिक नेता और उम्मीदवार प्रचार के दौरान बच्चों को गोद में लेने और गाड़ियों में में न बैठाएं, न उनको रैली में शामिल करें। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि यह प्रतिबंध कविता, गाने, बोले गए शब्दों, राजनीतिक दल या उम्मीदवार के चुनाव चिन्ह के इस्तेमाल के अलावा किसी भी तरीके से राजनीतिक अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों के उपयोग पर भी लागू होगा।

# आदिवासियों की सरकार भाजपा को स्वीकार नहीं एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई : राहुल

### राहुल गांधी ने चलाई 200 किलो कोयले से लदी साइकिल

**रांची (ए)।** झारखंड में कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का चौथा दिन है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने सोमवार को अपने यात्रा की शुरुआत रामगढ़ के महात्मा गांधी चौक से की। इस दौरान राहुल गांधी ने साइकिल पर कोयला ले जा रहे युवाओं से मुलाकात की।



रांची में जनसभा को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि झारखंड में आपकी सरकार को क्यों हटाया गया। क्योंकि, यहां आदिवासियों की सरकार थी, जो बीजेपी को स्वीकार नहीं। लेकिन, हमलोग एक साथ खड़े हुए तो सरकार बच गई। केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल करके लोकतंत्र पर अटैक किया जा रहा है और जनता की आवाज को दबाया जा रहा है। हमारा गठबंधन लोकतंत्र की आवाज को कभी दबने नहीं देगा।

# आतंकी संगठन सिमी पर एक्शन ले सकेंगी राज्य सरकारें, गृह मंत्रालय ने अधिकार दिया

**नई दिल्ली (ए)।** अब देश के सभी राज्य आतंकी संगठन स्टूडेंट्स इस्लामिक मूवमेंट ऑफ इंडिया (सिमी) को अपने क्षेत्र में बैन कर सकते हैं। साथ ही उस पर ॅक्क एक्ट के तहत एक्शन भी ले सकते हैं। गृह मंत्रालय ने सोमवार (5 फरवरी) को अधिसूचना जारी करके राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों को ये अधिकार दिया है।

इससे पहले 29 जनवरी 2024 को केंद्र ने सिमी पर लगाए गए बैन को पांच साल के लिए बढ़ाया है। सरकार ने कहा था कि सिमी (स्ढ्ढरूढ्ढ) देश में आतंकवाद को बढ़ावा देने, शांति और



सांप्रदायिक सद्भाव को बिगाड़ रहा है। देश में कुल 44 संगठनों को ॅक्क 1967 की धारा 35 के तहत बैन किया गया। इनमें शामिल सिमी को पहली बार 27 सितंबर 2001 में गैरकानूनी घोषित किया गया था। उस वक्त अटल बिहार वाजपेयी सरकार थी। तब से इस पर लगा बैन बढ़ाता रहा है।

कैडर

राष्ट्रपति ने लेखा सेवाओं के प्रोबेशनरी अधिकारियों के बैच को संबोधित किया

# अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार : राष्ट्रपति मुर्मू

**नई दिल्ली (ए)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सोमवार को कहा कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है। वह यहां अरुण जेटली राष्ट्रीय वित्तीय प्रबंधन संस्थान में प्रशिक्षण के लिए भेजे गए लेखा सेवाओं के प्रोबेशनरी अधिकारियों के एक बैच को संबोधित कर रही थीं।



ये प्रशिक्षु अधिकारी भारतीय सिविल लेखा सेवा, भारतीय रक्षा लेखा सेवा और भारतीय पीएंडटी (वित्त और लेखा) सेवा से हैं, जो राष्ट्रपति से मिलने गए थे। राष्ट्रपति भवन की एक विज्ञप्ति के अनुसार श्रीमती मुर्मू ने इन अधिकारियों से कहा कि एक अच्छी सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली ही सुशासन का आधार है। राष्ट्रपति ने कहा कि ये अधिकारी जिस संगठित वित्तीय सेवाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं, उन पर एक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली के निर्माण और उसे बनाए रखने का दायित्व है, जो सरकार के कुशल कार्यप्रणाली को संचालित करने में सहायता करती हैं। उन्होंने इन अधिकारियों से अपनी क्षमताओं को प्राप्त कर और उनका उपयोग करके इस जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति ने कहा कि वे ऐसे समय इन सेवाओं में शामिल हुए हैं, जब देश डिजिटल रूपांतरण के दौर से गुजर रहा है। जनता के बीच पारदर्शिता और जवाबदेही लाने के साथ-साथ सेवा वितरण में अधिक दक्षता की अपेक्षा बढ़ रही है। इन अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए सरकारी विभागों द्वारा प्रौद्योगिकी का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करना और शासन प्रणाली को नागरिक-केंद्रित, कुशल एवं पारदर्शी बनाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि उनका काम न केवल वित्तीय संसाधनों की उपयोगिता को अधिकतम करने तक सीमित है, बल्कि नीतिगत परिवर्तनों के प्रभाव का विश्लेषण करना और वित्तीय प्रबंधन प्रणालियों सहित शासन की विभिन्न प्रणालियों में संवर्द्धन के लिए सुधारों का प्रस्ताव रखना भी शामिल है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से इन कार्यों को करने के लिए लगातार बदलती और उन्नत होती प्रौद्योगिकी की दुनिया के साथ तालमेल बनाए रखने की सलाह दी।श्रीमती मुर्मू ने कहा कि उनका प्रयास नवीनतम तकनीक का उपयोग करने और हमारी लेखांकन एवं लेखा परीक्षा प्रणालियों को सुगम बनाने के लिए तंत्र को विकसित करने का होना चाहिए।

## ►► न्यूज ब्रीफ

### जुआरियों से 23000 रुपए नगद बावन पत्तियों के साथ जब्त



**राजनांदगांव।** थाना प्रभारी लालबाग निरीक्षक नंद किशोर गौतम द्वारा पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव के निर्देशन एवं नगर पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर थाना लालबाग ने ट्रांसपोर्ट नगर में जूआ खेल रहे 07 जुआरियों 01-जसपाल सिंह जसपाल सिंह वैशाली नगर वैशाली नगर वार्ड नंबर 39 कौरीन राजनादगांव 2. हर्ष मंदर सिंह उम्र 35 वर्ष वार्ड नंबर 45 बसंतपुर 3.जितेंद्र सिंह उम्र 50 वर्ष सा0 कमला कॉलेज HIG 56 राजनांदगांव 4.मनोज साहू उम्र 45 वर्ष शंकरपुर वार्ड नंबर 10 एटीएम के पास राजनांदगांव। 5.अनवर हुसैन उम्र 35 वर्ष कुंआ चौक नंदई 6.गुरप्रीत सिंह कंडा उम्र 44 वर्ष स्टेशन पारा वार्ड नंबर 12 राजनांदगांव 7.राजू साहू उम्र 45 वर्ष सा0 वार्ड नंबर 42 राजनांदगांव को रेड कार्यवाही कर पकड़ा, जिनके कब्जे से 52 पत्ती ताश, 23000/- रूपये नगद जप्त कर छत्तीसगढ़ जूआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्यवाही की।

### बूथ पर कमल सखी की बैठक ली गई



**गंडई पंडरिया।** लोकसभा विस्तारक प्रशांत तिवारी, राकेश ठाकुर जिला कार्यकारिणी सदस्य, के दिशा निर्देश पर बूथ, बूथ पर कमल सखी की बैठक ली गई कमल सखी बूथ स्तर पर अध्यक्ष नियुक्त किया गया,और उनके कार्य करने की और प्रधानमंत्री योजनाओं की जानकारी दी गई, महतारी वंदना योजना की जानकारी कमल सखियों के द्वारा, राशन कार्ड नवीनीकरण के विषय में भी बताया गया है द्य बैठक में उपस्थित महिला मोर्चा की सभी बहने रही, जिला माहिला मोर्चा उपाध्यक्ष प्रिया तिवारी , मंत्री महिला मोर्चा अंबिका यादव, मंडल अध्यक्ष उमा चौबे,भारती तिवारी, अंजनी देवांगन, मनीषा चतुर्वेदी, सोनिया दुबे, आशा कुर्रे उपस्थित रहे।

### आईपीएस रामगोपाल गर्ग ने लिया आईजी दुर्ग रेंज का चार्ज

**भिलाईनगर।** दुर्ग रेंज के नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग ने सोमवार शाम को पदभार ग्रहण कर लिया। आईपीएस बद्री नारायण मीणा ने पुष्पगुच्छ सौंपकर उन्हें प्रभार दिया। राम गोपाल गर्ग भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2007 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं।राम गोपाल गर्ग 07 वर्ष सीबीआई नई दिल्ली सहित छत्तीसगढ़ राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें राज्य के सरगुजा रेंज पुलिस महानिरीक्षक और रायगढ़ रेंज एवम राजनांदगांव में डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। साथ ही जिला दुर्ग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी रह कर शांतिपूर्वक विधानसभा चुनाव संपन्न करा कर सोमवार को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज का पदभार ग्रहण किया।नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के पदभार ग्रहण बाद कार्यालय के सभी कर्तव्यरत अधिकारी व कर्मचारियों से मीटिंग लेकर परिचय प्राप्त कर उनके कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मीता पवार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पदमश्री तंवर, प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय प्रमोद सबद्र, उप पुलिस अधीक्षक पनीकराम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक विंध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, स्टेनो श्रीनिवास राव, रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी भिलाई नगर राज कुमार लहरे, पीआरओ दुर्ग पुलिस आरक्षक प्रशांत शुक्ला सहित अन्य उपस्थित रहे।

### जिले के गन्ना किसानों ने किया टिश्यू कल्चर लैब रायपुर का भ्रमण

**बालोद।** बालोद जिले के गन्ना कृषकों को गन्ना टिश्यू कल्चर लैब रायपुर का भ्रमण किया। उप संचालक कृषि ने बताया कि 02 फरवरी 2024 को बालोद विकासखण्ड से 07, गुरूर विकासखण्ड से 05, डौण्डी विकासखण्ड से 05, डौण्डीलोहारा विकासखण्ड से 05 एवं गुण्डरदेही विकासखण्ड से 07 किसान सहित कुल 29 लैब पहुंचे।

# महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरना हुआ शुरू, महिलाओं में दिख रहा है उत्साह

### जिले के नगरीय निकायों के वार्डों में और ग्राम पंचायतों में लिए जा रहे आवेदन फार्म

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आज से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफ लाईन पंजीयन शुरू हो गया है। महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रहे हैं।

जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि महिलाओं फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाएं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाइल एप के माध्यम से



आवेदन कर सकती हैं। जिले के नगरीय निकायों के वार्डों में और ग्राम पंचायतों में आवेदन फार्म जमा लिये जा रहे हैं। महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी।

# भिलाई निगम के मुख्य व सभी जोन कार्यालय में मिलेगा महतारी वंदन योजना का फार्म

### होंगे 3 काउंटर मंगलवार से शुरू होगा

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ शासनके कैबिनेट से महत्वकान्क्षी महतारी वंदन योजना को मंजूरी मिलने के बाद अब योजना को लागू किया जा रहा है। इसके लिए भिलाई निगम के मुख्य कार्यालय तथा सभी पांचजोन कार्यालय में फॉर्म वितरण एवं जमा लेना प्रारंभ किया जाए।निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने आदेश जारी कर सभी जोन कार्यालय में 3 काउंटर लगाने के निर्देश दिए है। योजना के तहत विवाहित महिलाओं को शासन की तरफ से हर महीने 1,000 रुपये मिलेंगे।छत्तीसगढ़ शासन ने महतारी वंदन योजना को मंजूरी मिलने के बाद अब इसे लागू किया जा रहा है।

भिलाई निगम क्षेत्र के महिला हितग्राहियों को योजना से लाभान्वित करने के लिए निगम मुख्य कार्यालय सुपेला , जोन 01 नेहरूनगर, जोन 02 वैशालीनगर, जोन 03 मदर टेरेसा नगर, जोन 04 शिवाजी नगर खुर्सीपार, जोन 05 सेक्टर 06 कार्यालय सहित परियोजना कार्यालय महिला एवं बाल विकास विभाग जुनवानी में तीन काउंटर लगाए जाएंगे। कार्यालयीन समय सुबह 10 बजे से 4 बजे तक हितग्राहियों की सुविधा के लिए काउंटर खुले रहेगे। पहले काउंटर पर फॉर्म वितरण, दूसरे काउंटर पर हितग्राही द्वारा दिए गए फॉर्म की स्क्रूटनी एवं तीसरे काउंटर में फॉर्म को जमा लिया जाएगा। इस योजना के तहत राज्य की विवाहित महिलाओं को एक हजार रुपये प्रतिमाह यानि कि वर्ष मे 12 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

# हम होंगे कामयाब कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने बच्चों को दिए टिप्स

### बोर्ड परीक्षा के विद्यार्थियों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से किया मार्गदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** कलेक्टर जनमेजय महोबे के निर्देशानुसार जिले में चल रहे स्वयंसेवक परीक्षा के समय और उसके बाद विद्यार्थियों के लिए विशेष पहल हम होंगे कामयाब कैंपेन आयोजन किया जा रहा है। इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों को संबंधित अवधारणाओं को समझने, उन्हें स्वस्थ मानसिकता रखने के लिए प्रेरित करने और पढ़ाई के दौरान और उसके बाद तनाव से बचने के लिए एक माध्यम प्रदान करना है। यूनिसेफ के सहयोग एवं जिला प्रशासन के माध्यम से हम होंगे कामयाब कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक कार्यालय के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल से पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव ने जिले के सभी शासकीय हाई एवं हायर सेकण्ड्री स्कूलों के विद्यार्थियों को टिप्स दिए।



पुलिस अधीक्षक ने संबोधित करते हुए बताया कि परीक्षा के पूर्व किस प्रकार से तैयारी करना है, परीक्षा से डरने की जरुरत नहीं है, परीक्षा से आप लोग हर समय गुजरेगें इसलिए अपनी तैयारी को पूर्ण रखे यदि चिंता होती है तो अपने साथी या शिक्षक को जरुर बताएं। इस दौरान 10 वीं एवं 12 वीं कक्षा के विद्यार्थी जो हाल ही में आने वाली बोर्ड परीक्षाओं में अपना परिश्रम दिखाने वाले हैं, पूरे जिले के अलग-अलग स्कूल से जुड़कर ध्यान पूर्वक आईपीएस डॉ.अभिषेक पल्लव की बातों को सुने एवं उनसे लाइव अपने सवाल पूछे। विद्यार्थियों द्वारा पढ़ते पढ़ते नींद आ जाती है, पढ़ते है और भूल जाते है, माता पिता का अंकों को लेकर दवाब रहता है, अभी एक महीने बचे है परीक्षा के तो किस प्रकार से तैयारी करना है जैसे सवाल पूछे गए। सत्र की शुरुआत दीपक बागरी जिला समन्वयक ने विद्यार्थियों को उनके परीक्षा के दौरान स्वस्थ मानसिकता रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि परीक्षा का समय स्थायी होता है, और इसमें सफलता प्राप्त करने के लिए एक स्वस्थ मानसिकता बहुत आवश्यक है। विद्यार्थियों को योग और ध्यान का अभ्यास करने का सुझाव दिया गया, जो उन्हें तनाव मुक्त रखने में मदद कर सकता है। उन्होंने आगे बढ़ते हुए, हम होंगे कामयाब चैंपियन अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पढ़ाई के दौरान सकारात्मक भावना बनाए रखने का संदेश दिया। इस अभियान का उद्देश्य विद्यार्थियों को प्रेरित करना है कि वे अपने लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्षम हैं और वे हमेशा सकारात्मक रहें।

# रामगोपाल गर्ग ने पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज का किया पदभार ग्रहण

### राम गोपाल गर्ग भारतीय पुलिस सेवा संवर्ग के वर्ष 2007 बैच के छत्तीसगढ़ कैडर के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी हैं

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ शासन, गृह (पुलिस) विभाग, नवा रायपुर द्वारा जारी स्थानांतरण आदेश के पालन में सोमवार को दुर्ग रेंज में नवपदस्थ पुलिस महानिरीक्षक राम गोपाल गर्ग द्वारा पदभार ग्रहण किया गया। राम गोपाल गर्ग 07 वर्ष सीबीआई नई दिल्ली सहित छत्तीसगढ़ राज्य में कई महत्वपूर्ण पदों पर अपनी सेवाएं दी हैं, जिनमें राज्य के सरगुजा रेंज पुलिस महानिरीक्षक और रायगढ़ रेंज एवम राजनांदगांव में डीआईजी के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं।

साथ ही जिला दुर्ग में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में भी रह कर शांतिपूर्वक विधानसभा चुनाव संपन्न करा कर आज दिनांक को पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज का पदभार ग्रहण किए। नव पदस्थ पुलिस महानिरीक्षक दुर्ग रेंज राम गोपाल गर्ग के पदभार ग्रहण बाद पु.म.नि.कार्या.रेंज दुर्ग के सभी कर्तव्यरत अधिकारी/कर्मचारियों से मीटिंग लेकर परिचय प्राप्त कर



उनके कार्यों के बारे में जाना। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दुर्ग अभिषेक झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मीता पवार, पु.म.नि.कार्या.रेंज दुर्ग के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती पदमश्री तंवर ,प्रशिक्षु आईपीएस अक्षय प्रमोद सबद्र, पु.म.नि.कार्या.रेंज दुर्ग उप पुलिस अधीक्षक पनीकराम कुजूर, उप पुलिस अधीक्षक श्रीमती शिल्पा साहू, उप पुलिस अधीक्षक यातायात सतीश ठाकुर, उप पुलिस अधीक्षक विंध्यराज, उप पुलिस अधीक्षक राजीव शर्मा, पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पाटन देवांश सिंह राठौर, सीएसपी छावनी आशीष बंछोर, स्टेनो श्रीनिवास राव, रक्षित निरीक्षक दुर्ग नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी भिलाई नगर राज कुमार लहरे, पीआरओ दुर्ग पुलिस आरक्षक प्रशांत शुक्ला सहित पु.म.नि.कार्या. दुर्ग रेंज में कर्तव्यरत अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

# महतारी वंदन का लाभ लेने 5000 महिलाएं पहुंची शिविर तक, 1500 ने कराया जमा

### आयुक्त ने किया निरीक्षण

समवेत शिखर संवाददाता

**रिसाली।** महतारी वंदन योजना के तहत 1000 की राशि लेने पंजीयन कराने बड़ी संख्या में महिलाएं शिविर पहुंच रही है। रिसाली निगम क्षेत्र में लगभग 1500 महिलाओं ने आवेदन प्रस्तुत किया। वही 5000 महिलाओं ने आवेदन में लगने वाले अनिवार्य दस्तावेज के बारे में जानकारी ली।निगम क्षेत्र में महिलाओं को सुविधा देने के लिए 32 अलग अलग स्थानों पर शिविर लगाया जा रहा है।



निगम आयुक्त ने पहले दिन वार्डो में लगे शिविर का निरीक्षण किया।इस दौरान आयुक्त ने शिविर में ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने महिला हितग्राहियों से चर्चा कर आवेदन जमा करते समय अनिवार्य दस्तावेज के बारे में जानकारी दी। आयुक्त ने आधार, निवास, राशन कार्ड, विवाह और आय के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

#### शिविर में लगाया फ्लैक्स

निगम द्वारा लगाए शिविर में आयुक्त ने फ्लैक्स लगाने के निर्देश दिए है। फ्लैक्स में पात्र, अपात्र और जमा होने वाले आवश्यक दस्तावेज का उल्लेख किया गया है।

# प्रोफेसर कॉलोनीवासियों ने अवैध रूप से संचालित दुकानों की शिकायत की

### कृषक ने खेत के पानी निकासी हेतु नाली निर्माण के लिए लगाई गुहार

समवेत शिखर संवाददाता

**दुर्ग।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रति सोमवार को आयोजित होने वाले कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम में कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने जिले के विभिन्न स्थानों से आवेदन लेकर पहुंचें लोगों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही करने के लिए आवश्यक पहल करने को कहा।

जनदर्शन में आज 170 आवेदन प्राप्त हुए। प्रोफेसर कॉलोनी के निवासियों ने अवैध रूप से संचालित दुकानों की शिकायत करते हुए बताया कि आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल एवं साईस कॉलेज के



पास प्रोफेसर कॉलोनी दीपक नगर जाने वाले रोड पर अवैध रूप से दुकानों का संचालन किया जा रहा है, दुकानों में आने वाले ग्राहकों द्वारा रोड पर गाड़ी खड़ी कर देते हैं, जिससे कॉलोनी में आने जाने वालों को परेशानी होने के साथ वाद विवाद की स्थिति निर्मित होती है। साथ ही स्कूल की निर्धारित परिधि के आसपास दुकानों के संचालन से असामाजिक व मनचले युवाओं द्वारा स्कूल में जाने वाले बच्चों से छेड़खानी करते हैं। कलेक्टर ने उनकी समस्याओं को ध्यान देते हुए नगर निगम दुर्ग को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम पोटियाकला वासियों ने स्ट्रीट लाईट लगवाने दिया आवेदन। उन्होंने बताया कि ग्राम पोटियाकला वार्ड 54 में स्ट्रीट लाईट नही होने की वजह से अंधेरे के कारण असामाजिक तत्व का जमावाड़ा बना रहता है, जिससे कारण मोहल्लेवासियों को अंधेरे के कारण आने जाने में परेशानी होती है। इसी प्रकार खोपली निवासी ने इलाज के लिए आर्थिक सहायता की मांग की। खोपली निवासी गंगा अत्यंत गरीब एवं कमजोर वर्ग की है। रोजी मजदूरी कर अथवा भरण पोषण करती है। आर्थिक रूप से सक्षम नही होने के कारण अपना इलाज करवाने में असमर्थ है। इस पर कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

मिनी स्टेडियम पद्मनाभपुर के निवासियों ने शिकायत करते हुए बताया कि मिनी स्टेडियम में सालभर होने वाले क्रिकेट मैच में लाउडस्पीकर, डीजे और ड्रम का उपयोग करते हैं जिससे ध्वनि प्रदूषण होता है, जो कि रात 12 बजे तक चलता रहता है।

# मैत्रीबाग फ्लावर शो 2024 : 50 हजार लोगों ने किया दीदार

### पल्लवी विनर, रवि रनर ऑफ दॅ शो, मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बानदास गुप्ता उपस्थित थे

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मैत्रीबाग फ्लावर शो-2024 यादगार बन गया। पुष्प प्रदर्शनी में 500 से अधिक प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसे देखने लगभग 50,000 दर्शकों का जन सैलाब इकट्ठा हुआ। 50 हजार लोगों ने फूलों को नजदीक से निहारा। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने फ्लावर शो के विभिन्न विजेताओं को पुरस्कृत किया। जिसमें पल्लवी रजत बारामाते को विनर आफद शो एवं रवि बंसोड को रनर आफद शो घोषित किया गया। इसके अतिरिक्त बड़ी संख्या में सांत्वना पुरस्कार भी वितरित किए गए।

मैत्रीबाग के फ्लावर शो के आयोजन में, मुख्य अतिथि के रूप में भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता उपस्थित थे। भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष त्रिपर्णा दासगुप्ता के अलावा कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार, कार्यपालक निदेशक (वित्त एवं लेखा) डॉ. अशोक कुमार पंडा, कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार, कार्यपालक निदेशक (माइंस) बीके गिरी, भिलाई महिला समाज की अतिरिक्त उपाध्यक्ष मीरा पंडा, अतिरिक्त उपाध्यक्ष स्मिता गिरी और इस्पात बिरादरी के वरिष्ठ अधिकारियों सहित अन्य सदस्यगण मौजूद थे। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों ने फ्लावर शो का अवलोकन किया।इस फ्लावर शो के तहत विभिन्नश्रेणियोंमेंप्रतियोगिताओं के विजेताओं एवं प्रतिभागियों को अनिर्बान दासगुप्ता ने बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए अपने संक्षिप्त सन्देश में कहा, कि इस फ्लावर शो का उद्देश्य प्रकृति प्रेम को बढ़ावा देना और उसके प्रति लोगों को जागरूक करना है।आप सभी की वजह से ही यह आयोजन इतना भव्य हो पाया है, इसकी खूबसूरती आप लोगों के द्वारा लाये गए पुष्पों की वजह से है।मैं आशा करता हूँ कि आने वाले दिनों में मैत्री बाग का यह फ्लावर शो ना सिर्फ भिलाई, बल्कि पुरे छत्तीसगढ़ में सबसे बड़े फ्लावर शो के रूप में जाना जाए। साथ ही उन्होंने प्रकृति, पर्यावरण संरक्षण जैसे विषयों पर भी प्रकाश डाला और इस भव्य आयोजन में सहयोगी विभिन्न विभागों को धन्यवाद दिया।कार्यक्रम की अध्यक्षता कर



रहे ईडी पीएंडए पवन कुमार ने अपने उद्बोधन में कहा, कि फ्लावर शो की प्रसिद्धि और लोगों की उपस्थिति हमें प्रकृति के संरक्षण एवं संवर्धन में और भी अधिक कार्य करने के लिए प्रोत्साहित करती है, और हमारा विभाग इसे एक ध्येय मानकर निरंतर कार्य कर रहा है।आयोजित कार्यक्रम में निर्णायकों की भूमिका में सुजाता भगत, सुरजीत मलिक, यशवंत साहू, सुमिता सरकार, सरोज झा, पीपी राय, नितिन कनिकदले, राजेश शर्मा, उमाशंकर राव का उल्लेखनीय योगदान रहा।विभाग की ओर से स्वागत भाषण देते हुए नगर सेवाएं विभाग के महाप्रबंधक विष्णु कुमार पाठक ने विभागीय कार्यों की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा, कि भिलाई इस्पात संयंत्र के उच्च प्रबंधन के निर्देशों एवं नगर सेवाएं विभाग के मुख्य महाप्रबंधक जेवाय सपकाले के मार्गदर्शन सहित विभागीय अधिकारियों के सहयोग से मैत्रीबाग परिसर में प्रति वर्ष दो बड़े आयोजन-वन्य प्राणी संरक्षण सप्ताह और फ्लावर शो के बारे में अवगत कराया। उन्होंने कहा यह आयोजन, जन सहयोग से निरंतर नई उंचाईयों को छू रहा है और वर्तमान में यह एक जन उत्सव का रूप ले चुका है। फ्लावर शो के तहत विभिन्न श्रेणियों में प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में प्रकृति और पर्यावरण प्रेमियों ने भाग लिया था। विभिन्न वर्गों और विभिन्न प्रकार के पुष्प, सब्जी, फ्लावर डेकोरेशन, गार्डन आदि के साथ, फ्लावर शो में आवासीय व शालेय बागवानी प्रतियोगिता, गमलों में लगे केक्टस, बोनसाई, क्रोटन, फोलियेज़, औषधीय एवं मौसमी पौधों इलायची, दालचीनी, हल्दी, अदरक, सेवंती, डहेलिया, गुलाब आदि प्रदर्शित किया गया था। साथ ही इन्हीं पौधों के कट फ्लावर की प्रतियोगिता तथा बीएसपी कर्मियों के घर के बगीचों से विशेष सब्जियों व फलों का प्रदर्शन उपस्थित अतिथियों एवं जन समुदाय के समक्ष किया गया।इसके अलावा विभिन्न प्रतियोगिता जैसे पुष्प-सज्जा, विशेष रंगोली, गुलदस्ता (बुके), फलों एवं सब्जियों से तैयार मॉडल आदि का आयोजन भी किया गया।

# 14 फरवरी को सेक्टर 5 गणेश मंदिर से कार्यक्रम की शुरुआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश पूजन से होगा

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** सांसद विजय बघेल स्वयं रामभक्त और धर्म में अटूट आस्था और विश्वास रखते हैं, उनके अथक प्रयास और लगन के फलस्वरूप, न सिर्फभिलाई के बल्कि, संपूर्ण छत्तीसगढ़ वासियों को जगतगुरु स्वामी राम भद्राचार्य महाराज को सुनने का मौका मिलने जा रहा है।जनमानस को पद्मश्री, तुलसी पीठाधीश्वर, शास्त्रों के ज्ञाता, प्रकांड विद्वान जगतगुरु स्वामी राम भद्राचार्य महाराज के मुख से 14 से 23 फरवरी 2024 तक राम कथा की अमृत धारा का रसास्वादन, आत्मसाध करने का सौभाग्य प्राप्त होगा।



आयोजन को भव्य और सफलतम बनाने के उद्देश्य से बीएसपी वर्कर्स यूनियन ने यूनियन कार्यालय में अध्यक्ष उज्जवल दत्ता के नेतृत्व में बैठक कर सक्रिय तौर पर इस आयोजन के लिए हर स्तर पर सहयोग का निर्णय लिया। अध्यक्ष उज्वल दत्ता ने बताया कि जगदुरु रामभद्राचार्य ऐसे महान संत हैं, जिनकी आंखों की रोशनी दो माह की उम्र में चली गई थी। इसके बावजूद जगदुरु 22 भाषाओं के ज्ञाता हैं। 80 महाग्रंथ की रचना कर चुके हैं। इससे भी महत्वपूर्ण है कि राम जन्म भूमि, बाबरी मस्जिद के केस में, उन्होंने वैदिक प्रमाण देकर, अपनी गवाही से इस केस की दशा और दिशा दोनों बदल दिए। पद्म विभूषित तुलसीपीठाधीश्वर जगद्गुरु रामभद्राचार्य महाराज प्रकांड विद्वान हैं, शिक्षाविद, बहू भाषाविद, रचनाकार दार्शनिक और एक कथाकार हैं।जगदुरु के कार्यक्रम की रुपरेखा कुछ इस प्रकार 14 फरवरी 2024 दोपहर 2:00 बजे सेक्टर 5 गणेश मंदिर से कार्यक्रम की शुरुआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश पूजन से होगा। तदपश्चात मातृशक्ति के द्वारा दिव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी, जो मंदिर प्रांगण से प्रारम्भ होकर कथा स्थल जयंती स्टेडियम तक होगा।15 फरवरी से 23 फरवरी तक रोज प्रातः काल 9:00 बजे से दोपहर 1:00 बजे तक 1008 कुंडीय हनुमत महायज्ञ होगा।दोपहर 2:30 बजे से सायंकाल 6:30 बजे तक प्रतिदिन राम कथा रस की अमृतधारा प्रवाहित होगी।

# महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरना हुआ शुरू, महिलाओं में दिख रहा है उत्साह

## मोबाइल नम्बर नहीं होने पर राशन कार्ड की छायाप्रति कर सकते हैं जमा

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आज से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रहे हैं। जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि महिलाओं फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाएं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल https://mahtarivandan.cgstate.gov.in तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।



महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी। योजनांतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रूपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रूपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा।

# जिले में न हों महतारी वंदन योजना फॉर्म की कमी : कलेक्टर



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने सोमवार को रेड क्रॉस सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर ने जिले में ''महतारी वंदन योजना'' के सुचारू संचालन हेतु निर्देश दिए। उल्लेखनीय है कि 1 मार्च 2024 से लागू होने वाली इस योजना हेतु ऑनलाइन फॉर्म एवं ऑफलाइन पंजीयन आज से शुरू हो गया है। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग अधिकारी को निर्देशित किया कि जिले में पर्याप्त संख्या में फॉर्म की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

साथ ही ऑनलाइन फॉर्म भरने के लिए कर्मचारियों का प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन लगातार किया जाए ताकि महिलाओं को फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न हो। कलेक्टर डॉ सिंह ने राजिम कुम्भ मेले की तैयारियों का जायजा लिया और लोक निर्माण विभाग, लोक यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग एवं अन्य विभागों को समन्वय के साथ कुम्भ मेले के लिए आवश्यक सभी कार्य समय सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। डॉ सिंह ने धान खरीदी की प्रगति की समीक्षा की. अधिकारियों ने बताया कि धान खरीदी 100 प्रतिशत पूर्ण हो चुकी है और उठाव का कार्य 20 फरवरी तक पूर्ण कर लिया जायेगा। कलेक्टर ने विगत कुछ माह से रसोइयों का वेतन न निकलने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए संबंधित अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए।

## न्यूज़ ब्रीफ

### कांफ्रेंस में कैंसर के प्रकार और उनके इलाज की जानकारी दी गई




**रायपुर।** ओम हॉस्पिटल एवं इंडियन डेंटल एसोसिएशन के द्वारा ओरल कैंसर डे के उपलक्ष्य में होटल फ्लोरेंस में कांफ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ के विख्यात ओरल सर्जन डॉ गुंजन अग्रवाल द्वारा कैंसर के प्रकार और उनके इलाज की जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम मे विशिष्ट अतिथि श्री विक्की अग्रवाल, डॉ. कमलेश अग्रवाल, डॉ. विजय अग्रवाल, डॉ. स्तुती अग्रवाल एवं उनकी टीम उपस्थित थी। एवं आई डी ए के गणमान्य सदस्य डॉ. आभाष डॉ. सोपान, डॉ प्रवेश, डॉ आशीष अग्रवाल, डॉ.विवेक, डॉ. वैभव, डॉ.शीराज, डॉ. अंशुल उपस्थित थे।

### नेशनल हाइवे पर स्टंट करते दिखे युवक ट्रैफिक डीएसपी बोले-एक्शन लेंगे

**रायपुर।** रायपुर में युवकों का कार की खिड़की से निकलकर डांस करने का वीडियो सामने आया है। वीडियो में युवक मस्ती के मूड में नजर आ रहे हैं। यह वीडियो तेलीबांधा के आसपास नेशनल हाईवे का बताया जा रहा है। इस मामले में ट्रैफिक डीएसपी ने कार्रवाई करने की बात कही है। वीडियो में देखा जा सकता है कि कार में तेज आवाज में गाना बज रहा है। उसमें सवार एक युवक रूफटॉप में, तो दूसरा खिड़की से बाहर निकलकर डांस कर रहा है। कार रायपुर नंबर की रजिस्टर्ड दिख रही है। इस घटना का पीछे चल रहे दूसरे कार वाले ने वीडियो बना लिया। जो अब सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। यह वीडियो एक-दो दिन पुराना बताया जा रहा है। वीडियो में हैवी ट्रक भी नजर आ रही है। जिससे यह साफ है कि वीडियो रायपुर से गुजर रहे तेलीबांधा के आसपास के नेशनल हाईवे का है। हालांकि इसकी पुष्टि अब तक नहीं हो पाई है।

### रायपुर में बदले की नीयत से युवक को मारा चाकू : 2 गिरफ्तार

**रायपुर।** रायपुर के तेलीबांधा थाना क्षेत्र में दो युवकों ने पुराने विवाद का बदला लेने की नियत से एक युवक पर 12 से अधिक बार चाकू से हमला कर दिया। जिससे वो बुरी तरह जख्मी हो गया। घटना के बाद पुलिस ने घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़ित की मां रेणु नेताम ने रविवार को थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी कि, शाम सवा 6 बजे के आसपास बेटे जय नेताम को प्रत्यूष बल्थरे ने फोन कर कैनाल रोड यात्री प्रतीक्षालय के पास बात करने बुलाया था। वहां जय पहुंचा और रोशन मरकाम पहले से मौजूद था। जय नेताम के वहां पहुंचते ही आरोपी उससे उलझ गए। पुरानी बातों को लेकर बहस करने लगे। विवाद बढ़ा तो गाली-गौलाज कर मारपीट करने लगे। इसी बीच रोशन और प्रत्यूष ने मिलकर उस पर चाकू से वार कर दिया। जिससे उसके हाथ, पैर, पेट और शरीर के कई अन्य जगहों पर चोट आई है।

### ससुर ने दामाद का फोड़ा सिर पति-पत्नी का झगड़ा छुड़ाने के दौरान वारदात, एफआईआर दर्ज

**रायपुर।** रायपुर में एक ससुर ने अपने दामाद को डंडे से मारकर उसका सिर फोड़ दिया। जिससे दामाद लहूलुहान हो गया। उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पति-पत्नी का झगड़ा छुड़ाने के दौरान हमला कर दिया। घटना धरसींवा थाना क्षेत्र की है। दरअसल, पीड़ित मुकेश वर्मा मोहदी गांव में रहता है। कंपनी में सुपरवाइजर का काम करता है। उसकी शादी पिंकी यादव से एक साल पहले हुई थी। दोनों ने लव मैरिज की थी। वह अपने पिता के साथ रहता है। घरेलू बात पर पति-पत्नी के बीच में विवाद हो रहा था। तभी मुकेश के ससुर पुनित राम यादव घर पर आ गए। उन्होंने अपनी बेटी का पक्ष लेते हुए कहा कि तुम मेरी बेटी से बहला फुसला कर शादी किए हो। फिर वे मुकेश से गाली-गलौज कर मारपीट करने लगे। उसने मुकेश के सिर पर डंडा मारकर घायल कर दिया। जिसके बाद उसे अस्पताल ले जाया गया। इस मामले में धरसींवा पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है और आगे की जांच जारी है।

# बड़े शहरों की तरह बूढ़ातालाब होगा विकसित : बृजमोहन



## रायपुर में खुला बूढ़ा तालाब-चांदनी चौक मार्ग

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** रायपुर के बूढ़ा तालाब से चांदनी चौक जाने वाली सड़क को सोमवार को खोल दिया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव और मंत्री बृजमोहन अग्रवाल शामिल रहे। अरुण साव ने कहा कि इसके लिए काफी लंबा संघर्ष करना पड़ा। वहीं छात्राओं ने कहा कि इससे हमें बहुत राहत मिलेगी। सड़क का नाम स्वामी विवेकानंद सरोवर बूढ़ा तालाब पथ रखा गया है। दरअसल, कांग्रेस शासन काल में नगर निगम और स्मार्ट सिटी लिमिटेड ने बूढ़ा तालाब के सौंदर्यीकरण के दौरान पाथ-वे और गार्डन बनाकर सड़क बंद कर दी थी। उस समय स्थानीय लोगों के साथ भाजपा ने सालों पुरानी सड़क को बंद करने का विरोध किया था।

**लंबा संघर्ष करना पड़ा - साव :** डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि इसके लिए लंबा संघर्ष करना पड़ा, लंबे समय तक आंदोलन किया और आज आपको वाजिब हक मिला है। मैं सभी को शुभकामनाएं देता हूं। शहर में स्मार्ट सिटी का काम तेजी से चल रहा है। सभी अधिकारी सफाई के कामों को लेकर काम कर रहे हैं। राजधानी के गरिमा के अनुरूप अब काम किए जाएंगे।

**बूढ़ातालाब को बड़े शहरों की तरह विकसित जाएगा :** मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कार्यक्रम के दौरान कहा कि जिस तरह देश के बड़े शहरों में तालाबों को विकसित किया जाता है उसी तरह बूढ़ातालाब को विकसित किया जाएगा। दानी स्कूल और डिग्री गर्ल्स कॉलेज की दीवार से लग

कर कोई भी दुकान नहीं लगेगी। कोई चाट का ठेला नहीं लगेगा। अब सड़क रहेगी और सडक के उस पार तालाब से लगकर इंटरटेनमेंट के साधन होंगे। मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि अटल बिहारी वाजपेई रायपुर के सप्रे मैदान में गर्जना किया करते थे। कांग्रेस की सरकार ने उसी मैदान को छोटा कर दिया। स्कूली बच्चों के खेल मैदान को छोटा कर दिया और सड़क को बंद कर दिया था।

# विस अध्यक्ष रमन सिंह की अध्यक्षता में हुई कार्य मंत्रणा समिति की बैठक



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह की अध्यक्षता में कार्य मंत्रणा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, नेता प्रतिपक्ष डॉ चरणदास महंत, उपमुख्यमंत्री अरुण साव और विजय शर्मा समेत समिति के सदस्य मौजूद रहे। बजट सत्र एक मार्च तक चलेगा और 9 फरवरी को सरकार बजट पेश करेगी। खास बात यह है कि करीब 20 साल बाद वित्त मंत्री बजट पेश करेंगे। इससे पहले कल बीजेपी विधायक दल की बैठक में सत्र को लेकर रणनीति बनी।

## 24 लाख से ज्यादा किसानों ने बेचा 144.92 लाख टन धान

**रायपुर ।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की गारंटी के अनुरूप छत्तीसगढ़ में समर्थन मूल्य पर अब तक की सबसे बड़ी धान की खरीदी हुई है। एक नवंबर से 4 फरवरी तक चले इस अभियान में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद अब तक हुई यह सबसे बड़ी धान खरीदी है। इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया था। इस साल की धान खरीदी की तुलना करने पर यह पिछली धान खरीदी से 37.39 लाख टन अधिक है।

# लोकसभा चुनाव में हमें और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत : किरण देव




## मछुआरा प्रकोष्ठ की कार्यसमिति बैठक संपन्न

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** भाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति बैठक सोमवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में संपन्न हुई।

टभाजपा मछुआरा प्रकोष्ठ की प्रदेश कार्य समिति की बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय विशेष रूप से उपस्थित हुए। मछुआरा प्रकोष्ठ की कार्य समिति को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण देव ने कहा कि आप सभी कार्यकर्ताओं ने संपन्न हुए विधानसभा चुनाव में कठोर परिश्रम किए हैं जिसके फलस्वरुप प्रदेश में फिर से भाजपा की सरकार बनी है। भाजपा कार्यकर्ता जो ठान लेते हैं उसे पूरा अवश्य करते हैं और आप सभी ने भी अपने कर्तव्यों का अच्छे से निर्वहन किए हैं। उन्होंने कहा कि आगे प्रधानमंत्री मोदी का चुनाव है और इस चुनाव में हमें और ज्यादा मेहनत करने की जरूरत है प्रदेश की सभी 11 लोकसभा सीटों में भाजपा की जीत के लिए आप सभी कार्यकर्ता तैयार हो जाइए। आगामी लोकसभा चुनाव में छत्तीसगढ़ की सभी 11 सीटों में कमल खिलाकर केंद्र में मोदी के नेतृत्व वाली मजबूत सरकार बनाने में अपना सहयोग देंगे। भाजपा प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय ने प्रदेश कार्य समिति में आए लोगों को महत्वपूर्ण मार्गदर्शन दिए।

## अच्छे परिणाम के लिए तनावमुक्त प्लानिंग, प्रिपरेशन व परिश्रम जरूरी



समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** जैन संवेदना ट्रस्ट द्वारा बोर्ड वार्षिक परीक्षा के पूर्व बच्चों को परीक्षा के तनाव से निजात दिलाने सन्तोषीनगर स्थित वर्धमान दी स्कूल में कैसे हो तनावमुक्त परीक्षा की तैयारी विषय पर मोटिवेशनल कार्यशाला का आयोजन किया गया । ट्रस्ट के अध्यक्ष महेन्द्र कोचर ने बताया कि बच्चों के मन में वार्षिक परीक्षा के डर को दूर करने व परीक्षा में सफलता के लक्ष्य निर्धारण हेतु मोटिवेशनल कार्यशाला आयोजित की गई । आज की कार्यशाला में प्रसिद्ध शिक्षाविद विजय चोपड़ा ने मेरी तनावमुक्त परीक्षा की तैयारी विषय पर बच्चों को मोटिवेशनल स्पीच देते हुए कहा कि परीक्षा में अच्छे परिणाम के लिए डरे बिना तनावमुक्त सही प्लानिंग, व्यवस्थित प्रिपरेशन व कड़ा परिश्रम बहुत जरूरी है । विजय चोपड़ा ने कहा कि पूर्व के वर्षों में पांचवीं व आठवीं में भी बोर्ड परीक्षा होती थी लेकिन वर्तमान शिक्षा प्रणाली में बच्चों को सीधे दसवीं में बोर्ड़ परीक्षा देनी होती है।

# मेरे घर आईटी रेड कराकर मानसिक रूप से परेशान करने की कोशिश की गई : अमरजीत

## कहा-मारपीट कर गलत दस्तावेज पर साइन लिए गए

समवेत शिखर न्यूज

**रायपुर।** पूर्व मंत्री अमरजीत भगत ने आयकर विभाग की कार्रवाई पर प्रेस कांफ्रेंस कर कहा कि गैर भाजपाई आदिवासी नेताओं को बीजेपी टारगेट कर रही है। इससे तो अच्छा झंझट से बचने आप हमें और जितने आदिवासी नेता हैं उन्हें गोली मार दीजिए। साथ ही उन्होंने आरोप लगाया कि गलत दस्तावेज पर मारपीट कर साइन कराए गए हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा पूरे देश में गैर भाजपाइयों राज्य सरकारों के खिलाफ टेरर पैदा करने का काम कर रही. गैर भाजपाई आदिवासी नेताओं को टारगेट किया जा रहा। मेरे घर आईटी रेड कराकर मानसिक रूप से परेशान करने की कोशिश की गई। लगातार 4 दिन अमरजीत भगत के निवास समेत उनके करीबियों के ठिकानों पर आईटी ने कार्रवाई की थी। शनिवार को यह कार्रवाई खत्म हुई जिसके बाद सोमवार को रायपुर में भगत ने प्रेस कॉन्फ्रेंस ली। कांग्रेस प्रदेश कार्यालय राजीव भवन में मीडिया से उन्होंने बातचीत की। आईटी की कार्रवाई पर भगत का कहना है कि हमारे पुराने स्टाफके साथ मारपीट कर गलत दस्तावेज में दस्तखत और



बयान लिए गए। यह क्या चाहते हैं आदिवासियों को जीने का हक नहीं है क्या। विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस के तमाम नेताओं पर कार्रवाई की गई। इस प्रदेश में इतने बड़े-बड़े धन्ना सेठ हैं लेकिन उन्हें सिर्फ एक आदिवासी ही दिखा। केंद्रीय एजेंसियों का गलत इस्तेमाल कांग्रेस के खिलाफ और गैर बीजेपी शासित राज्यों के खिलाफकर दहशत फैलाने का काम चल रहा है। हाल ही में आदिवासी नेता झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन के साथ भी ऐसा ही किया गया, पद से इस्तीफा देने तक मजबूर किया गया।

# प्रथम पेज का शेष

## हमारी सरकार जनहितैषी है, जिसका...

**आदिवासियों के विकास के लिए कृत संकल्पित :** प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी न्याय महाअभियान के तहत विशेष रूप से पिछड़े जनजातीय समूहों (बैगा, कमार, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर और अबूझमाड़िया) को मूलभूत सुविधाओं जैसे, पक्के आवास गृह, सड़कें, छात्रावास का निर्माण, शुद्ध पेयजल, विद्युतीकरण, बहुउद्देशीय केन्द्रों, आंगनबाड़ी केन्द्रों और वनधन केन्द्रों का निर्माण, मोबाइल टावर की स्थापना, व्यवसायिक शिक्षा और कौशल के लिए सरकार कृत संकल्पित है। पीएम जनमन महाअभियान के तहत खासतौर से संरक्षित जनजातियों के स्वास्थ्य की जांच, इलाज और दवा वितरण के लिए 66 मोबाइल चिकित्सा इकाई वाहनों का उपयोग किया जा रहा है।

**लघु वन उपजों से जुड़े आजीविका साधनों को मजबूत बनाएंगे :** तेंदूपत्ता, महुआ, इमली समेत सभी लघु वन उपजों से जुड़े आजीविका के साधनों को मजबूत बनाने को मेरी सरकार उच्च प्राथमिकता देगी। तेंदूपत्ता संग्रहण पारिश्रमिक 5500 रुपए प्रति मानक बोरा और संग्राहकों को 4500 रुपए तक बोनस देने सरकार कटिबद्ध है। संग्राहकों और उनके परिवारजन को अलग-अलग योजनाओं से लाभान्वित किया जाएगा, जो उनके स्वास्थ्य, शिक्षा और चहुंमुखी विकास का मार्ग प्रशस्त करेंगी। इसके साथ ही विकास के क्षेत्रीय असंतुलन को दूर करने, नई संभावनाओं, नए अवसरों का फायदा उठाने के लिए स्थानीय लोगों को सक्षम बनाया जाएगा।

**आवासहीन परिवारों को नया जीवन मिलेगा :** प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभ से वंचित करीब 18 लाख हितग्राहियों को पक्के आवास देने का फैसला कैबिनेट की पहली बैठक में लिया गया। इससे ग्रामीण अंचलों में आवासहीन परिवारों को नया जीवन मिलेगा। वहीं, सरकार घर-घर निर्मल जल पहुंचाने के लिए ल जीवन मिशन का काम शत-प्रतिशत पूरा करने के लिए अग्रसर है।

**महिलाओं का जीवन बनाया जा रहा आसान :** महिलाओं का जीवन आसान बनाने में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना की बड़ी भूमिका रही है। इसके तहत प्रदेश में अब तक 36 लाख से ज्यादा नए गैस कनेक्शन जारी किए गए हैं। यह सुविधा भी शत-प्रतिशत पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाई जाएगी।

**पुलिस को नई सुविधाओं से लैस किया जाएगा :** सरकार ने पुलिस बल को नई सुविधाओं से लैस करने का फैसला लिया है। वहीं, दूसरी ओर उनकी समस्याओं को सुलझाने के लिए मानवीय दृष्टिकोण से संवेदनशील कदम भी उठाए हैं। पुलिस बल को आधुनिक हथियार, दूरसंचार और दूसरी जरूरतों के अनुसार बेहतर क्वालिटी के उपकरण दिए जाएंगे।

**प्रदेश को नक्सल समस्यामुक्त बनाने के लिए संकल्पित :** नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में पुलिस अधोसंरचना के विकास के लिए लगभग 201 करोड़ रुपए की लागत से काम जल्द पूरे किए जाएंगे। सरकार प्रदेश में कानून का राज स्थापित करने के लिए दृढ़ संकल्पित है। साथ ही छत्तीसगढ़ को पूरी तरह नक्सल समस्यामुक्त राज्य बनाने के लिए कटिबद्ध है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्राथमिकता के आधार पर काम किया जाना सरकार का मुख्य मकसद है।

**सामाजिक सद्भाव बनाने पर हो रहा काम :** राज्यपाल ने कहा कि सामाजिक सद्भाव बनाने में सरकार हर मोर्चे पर काम कर रही है। हमारी सरकार अलग-अलग संस्कृतियों को संरक्षित कर रही है, पर्यटन को बढ़ावा दे रही है। शक्तिपीठों को हमारी सरकार संस्कृति के साथ पर्यटन का केंद्र बना रही है। इससे पर्यटन बढ़ेगा। राजिम कुंभ का नाम राष्ट्रीय के साथ वैश्विक स्तर पर हो रहा है। श्रीराम का नाम दुनिया के साथ छत्तीसगढ़ में रामायण मंडलियों की ओर से फैलाया जा रहा है। रामलला योजना शुरू करके हमारी सरकार लोगों को अयोध्या श्रीराम मंदिर के दर्शन करा रही है।

**छात्रों-युवाओं के लिए लगातार हो रहा काम :** उन्होंने कहा कि विज्ञान केंद्र रायपुर में विज्ञान के आविष्कार से स्टूडेंट्स को रूबरू कराया जा रहा है। मेरी सरकार नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति को अमलीजामा पहनाने का लगातार काम कर रही है। सरकार ने नौकरियों में उम्र की सीमा को पांच वर्ष बढ़ाकर रोजगार के लिए अवसर बढ़ाए हैं।

## विधानसभा में अनुपूरक बजट पेश...

एक नवंबर से 4 फरवरी तक चले इस अभियान में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इस वर्ष 130 लाख टन धान खरीदी का अनुमान लगाया गया था। इस साल की धान खरीदी की तुलना करने पर यह पिछली धान खरीदी से 37.39 लाख टन अधिक है। पिछले साल 107.53 लाख टन धान की खरीदी हुई थी। छत्तीसगढ़ सरकार ने किसानों से 21 क्विंटल प्रति एकड़ के मान से धान खरीदी की गई। वर्तमान में किसानों को समर्थन मूल्य का भुगतान नहीं किया गया है। जल्द ही अंतर की राशि का भुगतान किसानों को किया जाएगा। धान खरीदी सीजन में 24 लाख 72 हजार से अधिक किसानों से 144.92 लाख टन धान की खरीदी की गई है। इसके एवज में किसानों को 30 हजार 68 करोड़ 81 लाख रूपए का भुगतान किया गया है।

## पुलिस विभाग में बड़ी प्रशासनिक...

इससे पहले अजय कुमार यादव के पास ये जिम्मेदारी थी., उन्हें पुलिस मुख्यालय नवा रायपुर अटैच किया गया है। बड़े पैमाने पर आईपीएस अफसरों के तबादले के साथ ही बस्तर में नक्सल मोर्चे पर तैनात राज्य सशस्त्र बलों को एक कमान के नीचे लाकर डीआईजी पदस्थ किया गया है। अब तक सभी बटालियन आईजी बस्तर रेंज के अधीन रही हैं। बस्तर में इस समय एक दर्जन राज्य बल की बटालियन तैनात हैं।

**एटीएस में एसपी की पोस्टिंग :** रायपुर में एंटी टेरेरिस्ट स्क्वॉड में एसपी की पोस्टिंग की गई है। रमन सरकार में बनी एटीएस का एक नोटिफाइड थाना भी है। इसकी कमान जांच में माहिर एसपी अजातशत्रु बहादुर सिंह को दी गई है। उन्होंने राजधानी में एसएसपी रहते कई उलझे मामलों की जांच की है। बिलासपुर में पत्रकार हत्याकांड और साल 2016-17 के अश्लील सीडी कांड के अपराधियों को दिल्ली से पकड़ा था।

**25 जिलों के पुलिस अधीक्षक बदले गए :** संतोष कुमार सिंह एसपी रायपुर, इंदिरा कल्याण एलेसेला एसपी कांकेर, प्रशांत कुमार ठाकुर कमांडेंट 5वीं वाहिनी छसबल जगदलपुर, अजातशत्रु बहादुर सिंह एसपी (एटीएस) रायपुर, आशुतोष सिंह एसपी महासमुंद, विवेक शुक्ला एसपी जांजगीर-चांपा, शशि मोहन सिंह एसपी जशपुर, विजय अग्रवाल एसपी सरगुजा, रामकृष्ण साहू एसपी बेमेतरा, जितेंद्र शुक्ला एसपी दुर्ग, दिव्यांग पटेल एसपी रायगढ़, शलभ कुमार सिन्हा एसपी जगदलपुर, चंद्रमोहन सिंह एसपी मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, भावना गुप्ता एसपी गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सूरज सिंह एसपी कोरिया, सिद्धार्थ तिवारी एसपी कोरबा, त्रिलोक बंसल एसपी खैरागढ़-छुईखदान-गंडई, सुनील शर्मा एआईजी पुलिस मुख्यालय, जितेंद्र कुमार यादव एसपी बीजापुर, आंजनेय वार्ष्णेय एसपी धमतरी, अंकिता शर्मा एसपी सक्ती, पुष्कर शर्मा एसपी सारंगढ़-बिलाईगढ़, योगेश पटेल कमांडेंट, 4थी बटालियन छसबल माना रायपुर, प्रभात कुमार एसपी नारायणपुर, रजनेश सिंह एसपी बिलासपुर, धर्मेंद्र सिंह छवई एआईजी पुलिस मुख्यालय, सरजूराम (रापुसे) एसपी बालोद, सदानंद कुमार एसपी बलौदाबाजार, गिरिजाशंकर जायसवाल एसपी मुंगेली व एमआर अहिरे एसपी सूरजपुर बनाए गए हैं।

**महादेव-कोयला में जिन अफसरों का नाम सभी लूप-लाइन में :** ऐसे आईपीएस अफसर, जिनका नाम महादेव ऐप और कोयला घोटाले में सामने आया है। इसके अलावा जिन अफसरों ने कांग्रेस सरकार में नियमों के विरूद्ध बीजेपी नेताओं और कार्यकर्ताओं पर कार्रवाई की है। उनको मुख्यालय और जंगल क्षेत्र में पोस्टिंग दी गई है। इन अफसरों की कार्यप्रणाली की मॉनिटरिंग भी गृह विभाग की ओर से की जा रही है। विभागीय सूत्रों के अनुसार, आने वाले दिनों में ईओडब्ल्यू (आर्थिक अपराध शाखा) में इन अफसरों के खिलाफ यदि केस दर्ज होगा, तो इनकी परेशानी बढ़ सकती है।

**53 दिन की जांच के बाद निकाला गया आदेश :** पुलिस सूत्रों के अनुसार, जिन अफसरों का रविवार रात को तबादला किया गया, उनकी कार्यप्रणाली की चार लेयर में जांच करवाई गई है। इसके लिए उनके राजनेता से करीबी, पूर्व सरकार में ड्यूटी, अभी की ड्यूटी के तरीकों की जांच की गई। करीब 53 दिन की जांच के बाद तबादला आदेश निकाला गया।

शिखर बने उतुंग, शिखर अपने प्रताप से।
डरे कभी वह नहीं, किसी के उग्र शाप से।।

## संपादकीय



### शिखर को सम्मान

बीजेपी के वरिष्ठ नेता लालकृष्ण आडवाणी को भारत रत्न प्रदान करना राजनीति की उस परंपरा को सम्मानित करना है, जो हर जरूरी मौके पर दलगत सीमाओं से ऊपर उठती रही है, जो विरोधियों का सम्मान करने और उनसे सम्मान पाने की क्षमता से ताकत पाती रही है। निश्चित रूप से यह एक बड़ा फैसला है और इसके कई पहलू हैं।

**फैसले की टाइमिंग :** यह फैसला ऐसे समय किया गया है, जब अयोध्या के राममंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम धूमधाम से संपन्न हुआ है। अगर रामजन्मभूमि आंदोलन को परवान चढ़ाने का श्रेय किसी एक राजनीतिक नेता को दिया जा सकता है तो वह आडवाणी ही हैं। नब्बे के दशक की शुरुआत में की गई उनकी रथयात्रा ने इस मुद्दे को जितनी मजबूती दी, उतनी शायद ही किसी एक घटना ने दी हो। बावजूद इसके, हाल के दिनों में ऐसी आवाजें उठ रही थीं कि आडवाणी को उतना श्रेय नहीं मिला जितना मिलना चाहिए था। भारत रत्न देने का यह फैसला ऐसी तमाम आलोचनाओं की गुंजाइश समाप्त कर देता है।

**संतुलन की कोशिश :** पिछले महीने ही केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न देने की घोषणा की थी। हालांकि उस फैसले का राजनीति की सभी धाराओं ने समर्थन किया, लेकिन फिर भी कहीं न कहीं यह बात भी दर्ज हो ही गई थी कि सरकार ने उस समाजवादी धारा को सम्मानित किया जो वैचारिक तौर पर मौजूदा राष्ट्रवादी धारा के खिलाफ मानी जाती है। ऐसे में जाने-अनजाने इस फैसले ने राजनीतिक संतुलन की जरूरत को भी पूरा कर दिया है।

**शुचिता की राजनीति :** मगर आडवाणी को भारत रत्न देने के फैसले का बड़ा संदेश है जो इन छोटी-मोटी जरूरतों से काफी आगे जाता है। आडवाणी की राजनीति में भले ही एक तरह की वैचारिक आक्रामकता रही हो और इस वजह से उसके समर्थन और विरोध में तीव्र भावनाएं देखने को मिलती हों, जहां तक उनके व्यक्तिगत आचरण की बात है तो उन्होंने हमेशा शुचिता बनाए रखी और यह बात उनके कट्टर विरोधी भी स्वीकार करते हैं। हवाला घोटाला में नाम आते ही आडवाणी ने न सिर्फ संसद की सदस्यता छोड़ दी बल्कि यह भी कहा कि जब तक बेदाग नहीं साबित हो जाते तब तक न तो चुनाव लड़ेंगे और न ही कोई सार्वजनिक पद स्वीकार करेंगे।

**आध्यात्मिक परंपरा पर जोर :** उनके राजनीतिक जीवन का जो नेगेटिव बिंदु कहा जा सकता है वह है उनकी अगुआई वाले आंदोलन के दौरान बाबरी मस्जिद का तोड़ा जाना, जिसे सुप्रीम कोर्ट ने भी अपराध करार दिया है। लेकिन यहां खास बात यह रही कि उन्होंने कभी उस घटना का समर्थन नहीं किया। वह हमेशा मंदिर आंदोलन की रचनात्मक विशिष्टता को रेखांकित करते हुए उसे देश की गौरवशाली आध्यात्मिक परंपरा से जोड़े रखने पर जोर देते रहे। उन्हें भारत रत्न देने का फैसला निस्संदेह स्वागत योग्य है।

# देश को विश्वास हो चला है कि भ्रष्टाचारी कितना भी बड़ा हो, वह कानून से नहीं बच पाएगा

ललित गर्ग, वरिष्ठ स्तंभकार





झारखंड राज्य में जमीन खरीद में गड़बड़ी, अवैध खनन और मनी लॉन्ड्रिंग के कथित पुराने मामलों की जांच कर रही प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई से झारखंड की सरकार संकट में आ गयी और उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा। भ्रष्टाचार के खिलाफ केन्द्रीय एजेंसियों ने इस समय कार्रवाई का बिगुल बजाया हुआ है, जिससे राजनीति में बढ़ रहे भ्रष्टाचार पर नियंत्रण का नया सूरज उदित होता हुआ दिखाई दे रहा है, जो दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र के आदर्श एवं सशक्त होने की बड़ी अपेक्षा है। आजादी के अमृत काल में राजनीति का शुद्धिकरण एवं अपराध मुक्ति ही भारत को सशक्त एवं विकसित राष्ट्र बना सकेगा। हेमंत सोरेन के बाद अब अगला नम्बर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल का है। स्पष्ट है कि अब भ्रष्टाचारियों की नैया पार होने वाली नहीं है। अगर ये लोग सोचते हैं कि ताकतवर होने के कारण कानून उन तक नहीं पहुंच सकता, तो ये मुगालते में हैं। अगर उन्होंने भ्रष्टाचार किया है, तो उन्हें अपने किए की सजा मिलेगी ही। भ्रष्ट आचरण से करोड़ों-अरबों की संपत्ति लूटने वाले नेतागण शायद नहीं जानते कि केंद्र में ऐसी मजबूत सरकार है, जो भ्रष्टाचार को बर्दाश्त नहीं करती। इसीलिए तो जांच एजेंसियों को पूरी छूट मिली हुई है कि वे भ्रष्ट आचरण करने वालों को पकड़ें। दबाव मुक्त केन्द्रीय एजेंसियां अपने काम में जुटी भी हुई हैं, उनकी टांग खींचने की बजाय उनका हौसला बढ़ाना चाहिए।

इन दिनों गैर-भाजपा प्रांतों में भ्रष्टाचार के मामले बड़ी संख्या में उजागर हो रहे हैं। इंडिया गठबंधन के प्रमुख घटक दल आम आदमी सरकार के स्वास्थ्य मंत्री रहे सतेन्द्र जैन, उपमुख्यमंत्री रहे मनीष सिसोदिया एवं पश्चिम बंगाल में उद्योग मंत्री पार्थ चटर्जी जेल की सलाखों के पीछे हैं। इनकी गिरफ्तारी बता रही है कि ममता बनर्जी एवं अरविन्द केजरीवाल भ्रष्टाचार मुक्त शासन के कितने ही दावे क्यों न करें, लेकिन उनके वरिष्ठ मंत्री भी भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के घेरे में हैं। विभिन्न राजनीतिक दलों एवं विभिन्न प्रांतों की सरकारों में भ्रष्टाचार की बढ़ती स्थितियां गंभीर चिन्ता का विषय है। ऐसा लगता है आज हम जीवन नहीं, राजनीतिक मजबूरियां जी रहे हैं। राजनीति की सार्थकता एवं साफ-सुथरा उद्देश्य नहीं रहा, स्वार्थपूर्ति का जरिया बन गया है। राजनीतिक दल अच्छे-बुरे, उपयोगी-अनुपयोगी का फर्क नहीं कर पा रहे हैं। मार्गदर्शक यानि नेता शब्द कितना पवित्र व अर्थपूर्ण था पर अब नेता खलनायक बन गया है। नेतृत्व व्यवसायी एवं भ्रष्टाचारी बन गया। आज नेता शब्द एक गाली है। जबकि नेता तो पिता का पर्याय था। उसे पिता का किरदार निभाना चाहिए था। पिता केवल वही नहीं होता जो जन्म का हेतु बनता है अपितु वह भी होता है, जो अनुशासन सिखाता है, ईमानदारी का पाठ पढ़ाता है, विकास की राह दिखाता है। आगे बढ़ने का मार्गदर्शक बनता है।

भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं जाति-सम्प्रदाय के हिंसक आग्रहों पर इंडिया गठबंधन में कोई बहस नहीं है, कोई आदर्श राष्ट्र निर्माण की दृष्टि एवं दिशा नहीं है। राजनीति में लगे लोगों में जब इन मसलों की गहराई तक जाने का धैर्य और गंभीरता चुक जाए, तो उनके मंच के संवाद पहले निम्न दर्जे तक गिरते हैं और फिर कीचड़ को ही संवाद का विकल्प मान लिया जाता है। इन दिनों यही हो रहा है। भ्रष्टाचार के लिए मोदी सरकार जो कार्रवाइयाँ कर रही हैं, वह सराहनीय है। भारतीय राजनीति में भ्रष्टाचार का पर्याय बन चुके ऐसे नेताओं की कमी नहीं है, जो यह मानते हैं कि सरकार उनकी है और वे कुछ भी कर सकते हैं। इस तरह की भ्रामक सोच भारतीय राजनीति का पतन कर रही है। इसकी शुचिता और पारदर्शिता को धूमिल कर रही है। पहले राजनीति का अर्थ लोगों की सेवा करना होता था, लेकिन बाद में यह अपने लोगों की सेवा का माध्यम समझी जाने लगी। बिहार, बंगाल, दिल्ली और झारखंड जैसे राज्य तो इसमें सबसे ऊपर दिखते हैं। झारखंड में ही अभी जो घटनाक्रम हुआ है, क्या उससे यह धारणा नहीं बनती कि हेमंत सोरेन ने जरूर कुछ ऐसे कार्य किए हैं कि पहले उन्हें ईडी से भागना पड़ा और जब उन पर दबिश बढ़ी, तो उन्हें मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर ईडी अधिकारियों के हाथों गिरफ्तार होना पड़ा। बिहार का हाल भी झारखण्ड से अलग नहीं है। वहां पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव का भ्रष्टाचार लगातार खबरों में रहा है, वे भी सजा भुगत चुके हैं। उनके पुत्र तेजस्वी यादव व अन्य परिजनों पर भी जमीन घोटाले के आरोप हैं। कहा जाता है कि जब ईडी ने तेजस्वी यादव से सवाल पूछे, तो वह भी संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। उन्होंने घोटाले के वक्त खुद के नाबालिग होने की बात कही। जब ईडी अधिकारियों ने पूछा कि करोड़ों की कंपनी कैसे बनाई, तो उन्होंने इस बारे में कोई जानकारी न होने की बात कही। जबकि लालू यादव के पास इतनी संपत्ति कैसे जमा हुई, यह कोई छिपा रहस्य नहीं है। इसलिए यह कयास भी गलत नहीं है कि देर-सबेर तेजस्वी यादव भी अपने पिता की तरह जेल में दिख सकते हैं। कुछ इसी तरह की कहानी देश के अन्य राज्यों में भी है, जहां मुख्यमंत्री और बड़े नेता ईडी के निशाने पर हैं, इसलिए मुमकिन है कि आने वाले दिनों में हम और भी कई नेताओं को कालकोठरी में देख सकते हैं। बात केवल आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा राष्ट्रीय जनता दल, की ही नहीं है, भ्रष्टाचार जहां भी हो, उसकी खिलाफ बिना किसी पक्षपात के कार्रवाई की जानी चाहिए। भाजपा एक राष्ट्रवादी पार्टी है, नया भारत एवं सशक्त भारत को निर्मित करने के लिये तत्पर है तो उसकी पार्टी के भीतर भी यदि भ्रष्टाचार है तो उसकी सफाई ज्यादा जरूरी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नेताओं के भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई का बिगुल बजाये हुए हैं तो यह आजादी के अमृत महोत्सव मनाने की सार्थक पहल है, जिसके माध्यम से वे भारत के विलक्षण और ऐतिहासिक प्रधानमंत्री माने जाएंगे। राजनीतिज्ञों की साख गिरेगी, तो राजनीति की साख बचाना भी आसान नहीं होगा। हमारे पास राजनीति ही समाज की बेहतरी का भरोसेमंद रास्ता है और इसकी साख गिराने वाले कारणों में अपराधीकरण और भ्रष्टाचार के बाद तीसरा नंबर इस कीचड़ उछाल राजनीति का भी है, जिसमें गलत को गलत नहीं माना जाता। ये तीनों ही राजनीति के औजार नहीं हैं, इसलिए राजनीति को तबाही की ओर ले जाते हैं। अपराधीकरण और भ्रष्टाचार का मसला काफी गहरा है और इसके खिलाफ लड़ाई के लिए काफी वक्त और ऊर्जा की जरूरत है, लेकिन कीचड़ उछाल से परहेज करके और सार्थक बहस चलाकर देश की राजनीति का सुधार आंदोलन शुरू किया जा सकता है। राजनैतिक कर्म में अपना जीवन लगाने वालों से इतनी उम्मीद तो की ही जानी चाहिए कि भ्रष्टाचार के खिलाफ होने वाली कार्रवाइयों को राजनीतिक रंग न दें।

## प्रेरक प्रसंग

### जैसा भाव वैसी ही सफलता

रसायनशास्त्री आचार्य नागार्जुन को एक ऐसे नवयुवक की तलाश थी जो उनकी प्रयोगशाला में उनके साथ मिलकर रसायन तैयार कर सके। उन्होंने विज्ञप्ति निकाली। दो नवयुवक उनसे मिलने आये। प्रथम नवयुवक को रसायन बनाकर लाने को कहा, फिर दूसरा युवक आया उसे भी यही आदेश दिया।

प्रथम नवयुवक दो दिन बाद रसायन लेकर आ गया। नागार्जुन ने पुछा- तुम्हें इस काम में कोई कष्ट तो नहीं हुआ? युवक ने कहा- मान्यवर बहुत कष्ट उठाना पड़ा। पिता को उदर कष्ट था, मां ज्वर से पीड़ित थीं। छोटा भाई पैर पीड़ा से परेशान था कि गाँव में आग लग गई, पर मैंने किसी पर भी कोई ध्यान नहीं दिया। एकनिष्ठ रसायन बनाने में तल्लीन रहा। नागार्जुन ने ध्यान से सुना। कुछ भी नहीं कहा। युवक सोच रहा था मेरा चुनाव तो निश्चित ही है, क्योंकि अभी तक दूसरा युवक लौटा ही नहीं था। इसी बीच दूसरा युवक उदास लौटा। नागार्जुन ने पूछा - क्यों क्या बात है? रसायन कहाँ गया? दूसरे नवयुवक ने कहा - मुझे दो दिन का समय चाहिए। मैं रसायन बना ही न सका, क्योंकि जैसे ही बनाने जा रहा था कि एक बूढ़ा रोगी दिखायी पड़ा, जो बीमारी से कराह रहा था। मैं उसको अपने घर ले गया और सेवा करने लगा। अब वह ठीक हो गया, तो मुझे ध्यान आया कि मैंने रसायन तो बनाया ही नहीं। इसीलिए क्षमा याचना के लिए चला आया। कृप्या दो दिन का समय दीजिए। नागार्जुन मुस्कराये और कहा- कल से तुम काम पर आ जाना। पहला युवक सोच ही नहीं पा रहा था कि उसे क्यों नहीं चुना गया।

## धर्म-कर्म

### षटतिला एकादशी व्रत पर जरूर करें ये उपाय, दूर होंगी सभी मुश्किलें

सनातन धर्म में एकादशी तिथि बहुत महत्वपूर्ण मानी जाती है। साल में कुल 12 एकादशी आती हैं। माघ माह के कृष्ण पक्ष में पड़ने वाली एकादशी को षटतिला एकादशी व्रत के नाम से जाना जाता है। इस साल यह व्रत 6 फरवरी यानी कल रखा जाएगा। इस दिन के उपवास को लेकर लोगों की अपनी - अपनी मान्यताएं और धारणाएं हैं।

ज्योतिष शास्त्र में इस दिन को लेकर कई सारे उपाय बताए गए हैं, जिन्हें करने से सारी समस्याओं से निजात पाया जा सकता है। तो आइए जानते हैं -

षटतिला एकादशी व्रत पर जरूर करें ये अचूक उपाय

**गरीबों को भोजन कराएं :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत के दिन सुबह उठकर अपने नहाने के पानी में गंगाजल और तिल मिलाएं। पवित्र स्नान के बाद भगवान विष्णु के मंदिर जाएं और वहां पर विधि अनुसार पूजा करें। पूजा में भूलकर भी चावल को शामिल न करें। मंदिर से निकलते समय गरीबों को भोजन कराएं।

**शुभ मुहूर्त में करें पूजा :** एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा शुभ मुहूर्त में ही करें। पूजा में पीले फूल, गोपी चंदन, पंचामृत, पंजीरी और काले तिल शामिल करें। ऐसा करने से भगवान विष्णु की कृपा प्राप्त होगी। साथ ही घर में सुख-समृद्धि का वास बना रहेगा। इस बात का ध्यान रहे कि पूजा राहु काल के दौरान न हो।

**पितृ दोष होगा दूर :** ज्योतिष शास्त्र के अनुसार, षटतिला एकादशी पर पितरों का तर्पण करना बेहद शुभ माना जाता है।

इस पेज में प्रकाशित लेख लेखक के उनके निजी विचार हैं।

## आंचलिक

# कलेक्टर ने महतारी वंदन योजनान्तर्गत आवेदन लेने आयोजित विशेष शिविरों का लिया जायजा

### महतारी वंदन योजना को लेकर मातृ शक्तियों में दिखा गजब का उत्साह

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने सोमवार को राज्य शासन की नवीनतम महतारी वंदन योजनान्तर्गत आवेदन प्राप्त करने के लिए आयोजित विशेष शिविरों का जायजा लिया और शिविरों में योजना से लाभान्वित होने उत्साहित महिलाओं की अधिकाधिक संख्या को देखते हुए व्यवस्थित ढंग से आवेदन प्राप्त करने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिए। उन्होंने इस दौरान नगर पालिक निगम जगदलपुर के रोटरी क्लब और आमचो बस्तर क्लब तथा ग्रामीण ईलाके के आड़ावाल एवं बिलौरी ग्राम पंचायत में लगाए गए शिविर का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान मातृ शक्तियों में योजना से लाभान्वित होने के लिए गजब का उत्साह देखा गया। इन शिविरों में बड़ी संख्या में पहुंची माताएं-बहनें कतारबद्ध होकर आवेदन भरने की प्रक्रिया पूरी करते हुए दिखाई दीं। वहीं कुछ महिलाएं अपनी बारी का इंतजार करते परिलक्षित हुए।

कलेक्टर श्री विजय ने इन शिविरों में महिलाओं से कहा कि शासन की यह बहुत अच्छी योजना है, सभी पात्र मातृ शक्तियों को इस योजना से लाभान्वित किया जाएगा। प्रत्येक वार्ड एवं ग्राम पंचायत के लिए विशेष शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। आवेदन भरने के लिए 15 दिन का समय है इसलिए पढ़े-लिखे होने पर भी पूरी सावधानी से आवेदन भरें। जो आवेदन नहीं भर सकते हैं उनके आवेदन भरने हेतु स्थानीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। ये कर्मचारियों द्वारा आवेदन भरने हेतु पूरी मदद किया जाएगा। उन्होंने सम्बन्धित वार्ड पार्षद तथा पंचायत पदाधिकारियों को भी योजना की विस्तृत जानकारी देने तथा आवेदन भरने के लिए आवश्यक सहयोग प्रदान करने कहा। वहीं महिलाओं के बैठने तथा पेयजल की उपलब्धता और अन्य व्यवस्था सुनिश्चित किये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने आवेदन प्राप्त करने हेतु गर्भवती एवं निःशक्त महिलाओं सहित बुजुर्ग महिलाओं को प्राथमिकता देकर उनके कार्य को पहले पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे, नगर निगम आयुक्त हरेश मण्डावी, जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी श्री अरुण पाण्डेय, सीईओ जनपद पंचायत जगदलपुर श्री अमित भाटिया सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

राज्य शासन की नवीन महतारी वंदन योजना से महिलाएं खासा उत्साहित हैं और इसे वादे पूरे करने वाली सरकार की उत्कृष्ट पहल निरूपित कर रहे हैं। इस बारे में जगदलपुर नगर स्थित बस्तर क्लब के शिविर में पहुंची वीर सावरकर वार्ड निवासी अनिता गुप्ता ने बताया कि इस योजना से महिलाएं काफी खुश हैं, जिन्हें नरेंद्र मोदी की गारंटी का लाभ सरकार बनते ही मिल रहा है। वहीं आड़ावाल नयापारा निवासी सरिता नेताम ने कहा कि इस योजनान्तर्गत साल में 12 हजार रुपए मिलने की काफी खुशी है, इससे उनके आर्थिक विकास में काफी मदद मिलेगी। राज्य सरकार की यह योजना महिलाओं के विकास के लिए मील का पत्थर साबित होगा।




### कलेक्टर ने विश्व कैंसर दिवस पर कैंसर जागरूकता रैली को किया रवाना

**जगदलपुर।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर महारानी ज़िला अस्पताल परिसर में कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. ने अरपा कैंसर वेलफेयर फाउंडेशन के सहयोग से शहीद महेन्द्र कर्मा विश्विद्यालय जगदलपुर तथा सूर्या कॉलेज के युवाओं द्वारा आयोजित कैंसर जागरूकता रैली को रवाना किया। इस दौरान अरपा कैंसर वेलफेयर फाउंडेशन के पदाधिकारी महफूजा हुसैन ने बताया कि उक्त कैंसर जागरूकता रैली के माध्यम से साप्ताहिक संजय बाजार में आम लोगों को कैंसर की जांच एवं उपचार के बारे में अवगत कराया जाएगा। इस मौके पर सीईओ ज़िला पंचायत श्री प्रकाश सर्वे,सीएमएचओ डॉ. चतुर्वेदी,सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद तथा स्वयंसेवी संगठन बस्तर चैम्बर्स ऑफ कॉमर्स, सुषमा विंग्स के पदाधिकारी एवं सदस्य,समाजसेवी नागरिक तथा महारानी अस्पताल के चिकित्सकगण तथा पैरामेडिकल स्टॉफ मौजूद थे।

## महतारी वंदन योजनान्तर्गत आवेदन शुरू, प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं नगरीय निकाय में हो रहा शिविर का आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता

**जगदलपुर।** राज्य शासन के द्वारा प्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वावलंबन, उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सतत् सुधार और परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ़ करने हेतु महतारी वंदन योजना 2024 की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर श्री विजय दयाराम के. द्वारा बस्तर जिले में उक्त योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर ग्रामीण क्षेत्रों के लिए सीईओ जिला पंचायत श्री प्रकाश कुमार सर्वे को नोडल अधिकारी तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्री अरुण कुमार पाण्डेय को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु कर्तव्यस्थ किया गया है। वहीं विकासखण्ड स्तर पर सफल क्रियान्वयन हेतु संबंधित जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को नोडल अधिकारी एवं संबंधित बाल विकास परियोजना अधिकारी को सहायक नोडल अधिकारी के रूप में कार्य करने हेतु नियुक्त किया गया है। ग्राम पंचायत स्तर पर संबंधित ग्राम पंचायत सचिव ग्राम प्रभारी एवं संबंधित आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायक ग्राम प्रभारी होंगी। महतारी वंदन योजनान्तर्गत पात्र महिलाओं को लाभान्वित करने के लिए जिले में 05 फरवरी 2024 से 15 फरवरी 2024 तक ग्राम पंचायत अंतर्गत शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के विशेष शिविरों के सफल एवं सुचारू संचालन की दिशा में समन्वय हेतु जिला स्तर एवं बाल विकास परियोजना स्तर पर प्रभारी अधिकारी नियुक्त किए गये हैं। जिसके तहत जिला स्तर पर संरक्षण अधिकारी श्रीमती वीनु हिरवानी मोबाईल नंबर-9407611669 तथा परियोजना स्तर पर जगदलपुर शहरी क्षेत्र के लिए परियोजना अधिकारी श्रीमती अर्चना सेमसन मोबाईल नंबर- 9179572999, बस्तर हेतु सुश्री ज्योति मथरानी-7999742334, बकावंड के लिए श्री उत्तरा कुमार राठिया-8871318149, तोकापाल हेतु श्री अशीम शुक्ला-7999513748, लोहण्डीगुड़ा के लिए श्री आशाराम पोर्ते-7987458005 तथा बास्तानार एवं दरभा हेतु श्रीमती यू. खोबरागढ़े-6260045058 को प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## महतारी वंदन योजना अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव में प्रशिक्षण कार्यशाला का हुआ आयोजन

समवेत शिखर संवाददाता



**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ शासन की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना अंतर्गत जनपद पंचायत फरसगांव में रविवार को प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में विकासखण्ड के सभी सचिव, रोजगार सहायक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित सभी अधिकारियों ने हिस्सा लिया। जिसमें महतारी वंदन योजना के तहत फार्म भरने से लेकर समस्याओं के निदान तक सभी विषयों पर विस्तृत जानकारी परियोजना अधिकारी वीरेंद्र साहू द्वारा दी गयी। इसके साथ ही जनपद पंचायत सीईओ द्वारा सभी को योजना को गंभीरता से लेते हुए प्रत्येक महिला को योजना का लाभ दिलाने हेतु निर्देशित किया।

ज्ञात हो कि महतारी वंदन योजना के अंतर्गत 01 जनवरी 2024 को 21 वर्ष पूर्ण करने वाली सभी पात्र महिलाओं को प्रतिमाह एक हजार रूपए के मान से साल में 12 हजार रूपए की राशि महिलाओं के बैंक खातों में अंतरित की जाएगी। योजना का लाभ लेने के लिए महिलाओं से 05 से 20 फरवरी तक ऑनलाइन आवेदन लिए जाएंगे। आवेदन आंगनबाड़ी केन्द्रों, ग्राम पंचायतों एवं बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आईडी से किए जा सकते हैं।

नगरीय क्षेत्र के आवेदक वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त स्वयं भी एप्प एवं वेबसाइट के माध्यम से निःशुल्क आवेदन कर सकेंगे। महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन पूर्णतः निःशुल्क रखा गया है। इसके साथ ही ऑनलाइन आवेदन पोर्टल पर या योजना के लिए बनाए गए मोबाईल एप्प पर भी आवेदन जमा किया जा सकता है। योजना के लिए आवेदन इसके लिए महिलाओं की सुविधा के लिए आंगनबाड़ी और ग्राम पंचायत स्तर पर विशेष शिविरों का भी आयोजन किया जाएगा।

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक देवीचंद श्रीश्रीमाल द्वारा समवेत शिखर प्रेस, रजबंधा मैदान, रायपुर से मुद्रित कर प्रकाशित। संपादक : देवीचंद श्रीश्रीमाल, प्रबंध संपादक : विवेक श्रीश्रीमाल, समाचार संपादक: शंकर चंद्राकर*
(* पीआरबी एक्ट के तहत संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार) आर.एन.आई. रजि. क्र.- 52151/91, पो. रजि. नं.-सीजी/आरवाईपी डी.एन./ 28/2020-22 फोन : 0771-4334967, Email : news@samvetshikhar.com, www.samvetshikhar.com

## ►► न्यूज ब्रीफ

### बीएसपी के जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर को 5 हजार की रिश्वत लेते रंगे हाथ धर दबोचा सीबीआई ने

**भिलाईनगर।** सीबीआई द्वारा नगर सेवा विभाग भवन में आज बीएसपी का जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर को ?5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। पूरा मामला प्रार्थी को रिश्वत लेकर क्वार्टर अलॉटमेंट का बताया गया है।सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक नगर सेवा विभाग के एनफोर्समेंट डिपार्मेंट में अस्थाई तौर पर कार्यरत कर्मचारी समशुल जमा के द्वारा मकान आवंटन के लिए रिश्वत की मांग प्रार्थी से की गई थी। दोनों के पक्षों के मध्य ?5000 में सौदा तय हुआ था। योजना के अनुसार प्रार्थी के द्वारा इसकी शिकायत केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो सीबीआई रायपुर से कर दी गई थी। इसके तहत आज नगर सेवा विभाग भवन में आज बीएसपी कर्मी समशुल जमा को ?5000 की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया। समशुल जमा को पकड़ने वाली सीबीआई टीम अपने साथ ले गई है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के मुताबिक समशुल जमा मूलतः बीएसपी के पब्लिक हेल्थ डिपार्टमेंट में जूनियर हेल्थ इंस्पेक्टर के पद पर कार्यरत है। विगत चार माह से उसे मैनपावर की कमी के कारण अस्थाई तौर पर प्रवर्तन विभाग में भेजा गया था। फिलहाल उसे प्रवर्तन विभाग पर कोई भी पद नहीं दिया गया था।

### बाल विवाह एक सामाजिक बुराई ही नहीं, कानूनन अपराध भी है

**दुर्ग।** राज्य में बाल विवाह के प्रभावी रोकथाम हेतु विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किये गये हैं। बाल विवाह केवल एक सामाजिक बुराई ही नही अपितु कानूनन अपराध भी है। बाल विवाह से बच्चों का सर्वांगीण विकास प्रभावित होता है। बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अंतर्गत बाल विवाह करने वाले वर एवं वधु के माता-पिता, सगे-संबंधी, बाराती यहां तक कि विवाह कराने वाले पुरोहित पर भी कानूनी कार्यवाही की जा सकती है। इसके अतिरिक्त यदि वर या कन्या बाल विवाह पश्चात् विवाह को स्वीकार नही करते हैं, तो बालिग होने के पश्चात् विवाह को शून्य घोषित करने हेतु आवेदन कर सकते हैं। बाल विवाह के कारण बच्चों में कुपोषण, शिशु मृत्यु दर एवं मातृ-मृत्यु दर के साथ घरेलू हिंसा में भी वृद्धि होती है एवं बाल विवाह बालकों के सर्वोत्तम हित में नही है। राज्य में इसकी पूर्ण रोकथाम किया जाना आवश्यक है। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने राज्य में बाल विवाह की पूर्ण रोकथाम हेतु दिशानिर्देशों के अनुरूप वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत, सर्व अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), जिला शिक्षा अधिकारी, सर्व आयुक्त/मुख्य नगर पालिका अधिकारी/मुख्य नगर पंचायत अधिकारी नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत, सभी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अध्यक्ष बाल कल्याण समिति एवं केन्द्र समन्वयक चाइल्ड हेल्प लाईन को पत्र जारी कर कार्ययोजना तैयार कर जनप्रतिनिधियों, नगरीय निकाय/पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों, स्वयं सेवी संगठनों, जिला प्रशासन एवं संबंधित सभी विभागों के बीच प्रभावी समन्वय, समाज के सभी मुखियाओं के सहयोग से व्यापक प्रचार-प्रसार, मुनादी तथा आमजनों के सहयोग से परिणाम मूलक कार्यवाही कर 15 दिवस की समय सीमा में कृत कार्यवाही से महिला एवं बाल विकास विभाग को अवगत कराने को कहा है।

# महतारी वंदन योजना प्रारंभ होते ही जिले की महिलाओं में दिखा जबरदस्त उत्साह

### जिले की महिलाओं ने महतारी वंदन योजना को बताया कारगार

समवेत शिखर संवाददाता

**कवर्धा।** महतारी वंदन योजना से उत्साहित महिलाओं ने आवेदन का इंतजार करते हुए आज खुशी से फार्म भरने आंगनबाड़ी केंन्द्रों में पहुंच रहीं है। वहीं ग्राम स्तर पर पंचायतों में महिलाएं फार्म भर रही है। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सचिव, रोजगार सहायक महिलाओं को फार्म भरने में सहयोग कर रही है। फार्म भरने आ रहीं महिलओं में महतारी वंदन योजना के प्रति उत्साह देखा जा रहा है। उन्होंने महतारी वंदन योजना को कारगार बताते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार प्रकट किया है।

हितग्राही श्रीमती संतोषी देवांगन ने बताया कि महतारी वंदन योजना से आर्थिक रूप से सहायक होगी। उन्होंने बताया कि बेटा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहा है जिसके लिए प्रति माह पैसे की जरूरत होती है। महतारी वंदन योजना से प्रतिमाह 01 हजार रूपए मिलने से राहत मिलेगी। उन्होंने मुख्यमंत्री के प्रति आभार प्रकट किया है। आंगनबाड़ी केन्द्र में फार्म भरने आई श्रीमती रंजना ठाकुर ने कहा कि महतारी वंदन योजना से हम महिलाओं को संबल मिलेगा। प्रतिमाह 1 हजार रूपए मिलने से आर्थिक सहायता मिलेगी, जिससे हम इसका उपयोग अपने दैनिक जीवन में कर सकेंगे। हितग्राही



श्रीमती आरती झारिया ने बताया कि वह वार्ड 03 कैलाश नगर में निवास करती है। उन्होंने कहा कि साल में 12 हजार मिलने से हम अपनी आवश्यकता को पूरा कर सकेंगे। उन्होंने खुशी जाहिर करते कहा कि महिलाओं के लिए मोदी की गारंटी में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने उम्मीद की नई किरण लाई है। श्रीमती लक्ष्मी कंडरा, मीना साहू, लक्ष्मी सारथी ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय को धन्यवाद देते हुए कहा कि इस योजना से महिलाओं का सशक्तिकरण होगा। इस योजना से महिलाओं को मिलने वाली लाभ से आर्थिक दशा मे सुधार आएगी और कुछ पैसे बचाकर आगामी भविष्य के लिए उपयोग कर सकते है।

#### महतारी वंदन योजना अंतर्गत विवाहित महिलाओं की पात्रता

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है।



# महतारी वंदन योजना के आवेदन फार्म का वितरण भिलाई तीन में प्रारंभ

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** छत्तीसगढ़ सरकार की महत्वपूर्ण घोषणा महतारी वंदन योजना का फार्म आंगनबाड़ी केंद्र नूतन चौक भिलाई 3 में किया गया। फार्म वितरण करते हुए सांसद प्रतिनिधि विपिन चंद्राकर ने लोगो को राज्य सरकार की इस योजना में लगने वाले दस्तावेज के बारे में बताते हुए कहा भारतीय जनता पार्टी ने जो वादा किया उसे पूर्ण कर रही है। नेता प्रतिपक्ष रामखिलावन वर्मा ने कहा अभी यह योजना आज से प्रारंभ होकर 20 फरवरी तक निरंतर चलेगा।सभी आराम से फार्म लेकर पूर्ण दस्तावेज के साथ फार्म भरे ।वार्ड 9 शीतलापारा की पार्षद कुसुम चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार ने मातृ शक्तियो समृद्ध बनाने महत्वपूर्ण घोषणा पूर्ण की । मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े एवं घोषणा पत्र के संयोजक सांसद विजय बघेल का अभार जताया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से वरुण यादव प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भाजयुमो आंगनबाड़ी सुपरवाइजर श्यामली राय , सीमा जंघेल, महेंद्र साहू , ममता पटेल, योगेश्वरी ठाकुर, सहित वार्डवासी उपस्थित थे।

# आईसीएफएआई विश्वविद्यालय कुम्हारी में वार्षिकोत्सव समारोह आईफेस्ट 2024 की धूम

### विद्यार्थियों ने दी रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति

समवेत शिखर संवाददाता

**कुम्हारी ।** आई.सी.एफ.ए.आई. विश्वविद्यालय कुम्हारी का वार्षिकोत्सव समारोह आई फेस्ट-2024 विश्वविद्यालय प्रांगण में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निदेशक डॉ. एन वी रमन्ना राव उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं मंचस्थ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन के साथ हुआ। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. सत्य प्रकाश दुबे ने वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जिसमें उन्होने विश्वविद्यालय की वर्ष भर की समस्त गतिविधियों जिनमे शैक्षणिक, साहित्यिक, खेल, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक एवं तकनीकी संबंधी उपलब्धियां शामिल रही का विस्तृत



विवरण प्रस्तुत किया । इस अवसर पर विश्व विद्यालय के विद्यार्थियों ने विविध रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ.एन.वी रमन्ना राव ने अपने उद्बोधन में कहा कि विद्यार्थी जीवन में अनुशासन, सकारात्मकता, ईमानदारी का होना नितांत आवश्यक है क्योंकि चरित्र और संतुलन से ही जीवन सफ्ल होता है। वैज्ञानिक आविष्कारों एवं तकनीकी व्यवस्थाओं का बढ़ता स्तर आने वाले विद्यार्थियों के लिए मील का पत्थर सबित होगा । साथ ही भारत की विकास यात्रा में विकसित भारत जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए भारत की जी डी पी को आंकड़ों सहित बेहतर तरीके से विश्लेषित किया । इस आयोजन में विद्यार्थियों ने विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जिनमें छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य, एकल गायन, समूह गायन एवं बॉलीवुड, टॉलीवुड सहित विविध रंगो की छटा देखने को मिली। सभी आगंतुकों ने कार्यक्रम की भूरि -भूरि प्रशंसा की। कुलसचिव डॉ. मनीष उपाध्याय ने सभी को कार्यक्रम की सफ्लता हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया ।

# रक्षा टीम के कार्य स्थल पर यौन शोषण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया

### महिला कानून, घरेलू हिंसा सहित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** महिला कॉलेज छात्रावास सेक्टर 9 में कार्यस्थल पर यौन शोषण के संबंध में कार्यशाला का आयोजन किया गया। कन्या छात्रावास में रहने वाली छात्राओं को कार्य स्थल पर होने वाले यौन शोषण के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई तथा थाना प्रभारी महिला थाना श्रीमती वंदिता द्वारा महिला संबंधी अपराध एवं महिला थाना के कार्यशैली के बारे में विस्तृत जानकारी देकर सुरक्षा के संबंध में बताया गया।

महिला संबंधी कानून, पाक्सो एक्ट, घरेलू हिंसा के बारे में भी



विस्तार से जानकारी दी गई। सहायक उप निरीक्षक डॉक्टर संकल्प राय द्वारा जिला दुर्ग पुलिस द्वारा चलाई जा रही मुहिम साइबर प्रहरी के संबंध में जानकारी दी गई। साइबर संबंधी अपराधों के बारे में बताया गया तथा मोबाइल का उपयोग करते समय कौन-कौन सी सावधानियां बरतनी चाहिए उनके बारे में भी जानकारी दी गई। अपनी निजी जानकारी किसी अनजान व्यक्ति के साथ शेयर नहीं करने, सोशल मीडिया का सेफ्टी फीचर्स के साथ प्रयोग करने की सलाह दी गई।सहायक उप निरीक्षक संगीता मिश्रा रक्षा टीम द्वारा महत्वपूर्ण हेल्प लाइन नंबर, अभियक्ति एप की जानकारी देकर अपने मोबाइल पर इस ऐप को डाउनलोड करने कहा गया तथा आवश्यक इमरजेंसी नंबर की जानकारी दी गई। यातायात नियमों पालन करने और अपने मोबाइल में महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर को सुरक्षित रखने आदि की जानकारी दी गई।

# कांग्रेस पार्षद सलमान पर धोखाधड़ी का मामला सुपेला थाने में दर्ज

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** नगर निगम भिलाई के उप सभापति व वार्ड 35 शारदापारा के पार्षद इंजीनियर सलमान पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। सलमान पर निगम चुनाव में फर्जी जाति प्रमाण पत्र जमाकर चुनाव लड़ने का आरोप है। इस मामले में भिलाई नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा और वार्ड 35 के छाया पार्षद चंदन यादव ने सुपेला थाने में शिकायत दर्ज कराई थी।



सुपेला पुलिस ने इस मामले में इंजीनियर सलमान के खिलाफ धोखाधड़ी, दस्तावेजों का दुरुपयोग और जानबूझ कर दस्तावेजों में कूटरचना यानी धारा 420, 467, 468, 471 के तहत अपराध दर्ज किया है। शिकायतकर्ताओं ने सुपेला पुलिस को दिए गए अपने आवेदन में बताया कि 2021 में नगर निगम भिलाई के चुनाव हुए। भिलाई नगर निगम में कुल 70 वार्ड हैं। इन सभी वार्डों में पार्षद पद के चुनाव लड़ने के लिए निर्वाचन आयोग ने आरक्षण रोस्टर जारी किया था। इसके तहत शारदापारा वार्ड 35 को ओबीसी कैटेगरी में रखा गया था। इंजीनियर सलमान के पास ओबीसी जाति प्रमाण पत्र नहीं था। इसके बाद भी उसने फर्जी व कूटरचित दस्तावेज पेश करके पार्षद चुनाव लड़ा था। इन्हीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर उन्होंने ओबीसी कैटेगरी से चुनाव जीता है। भोजराज सिन्हा ने अपनी शिकायत में बताया कि इंजीनियर सलमान ने दूसरे की जाति प्रमाण पत्र पर अपना नाम अंकित करवाकर उसे निर्वाचन आयोग के सामने पेश किया और चुनाव जीतकर भिलाई निगम के उपसभापति बने हुए हैं।

उन्होंने बताया कि निर्वाचन के दौरान इंजीनियर सलमान ने जो ओबीसी सर्टिफिकेट जमा किया है उसका क्रमांक 363/ब-221/2015-16 है। 15 जून 2016 में बने इस सर्टीफिकेट की सत्यापित कापी सूचना के अधिकार के तहत मांगी गई तो इसमें नोमिता देशमुख नाम लिखा हुआ था। इस तरह यह साफ हो जाता है कि इंजीनियर सलमान ने जो जाति प्रमाण पत्र जिला निर्वाचन आयोग में दिया वो फर्जी जाति प्रमाण पत्र है। इसी मामले में सुपेला पुलिस ने शिकायत के आधार पर धारा 420 सहित अन्य धाराओं के तहत इंजीनियर सलमान उर्फ मो सलमान के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

### भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में हो : आयुक्त

**भिलाईनगर।** प्रधानमंत्री आवास योजना के विभिन्न घटक में निर्माणाधीन भवनों का निर्माण गुणवत्तापूर्ण व समय सीमा में पुरा हो ताकि पात्र हितग्राहियों को लॉटरी पद्धति से आवास आबंटन शीध्र किया जा सके।निगम आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव सोमवार को खम्हरिया में बन रहे प्रधानमंत्री आवास योजना के मकानो का स्थल अवलोकन किये, उन्होने मौके पर उपस्थित ठेकेदार से कहा कि ए.एच.पी के सभी भवनों को निर्माण समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण हो। आयुक्त सुबह 7 बजे जोन 1 में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए खम्हरिया पहुँचे थे। खम्हरिया के मॉडल स्टोन स्कूल के पास, ग्रीन वैली, सूर्या बिहार के पीछे, अविनाश मेट्रोपालिश, एंनार स्टेट में भवन का निर्माण किया जा रहा है। जिसकी संख्या 3709 है, जिसमें से 987 भवनो का आबंटन लॉटरी निकाल कर किया जा चुका है।

### महतारी वंदन योजना से महिला सशक्तीकरण को मिलेगा बढ़ावा : जिला पंचायत अध्यक्ष

**कवर्धा।** महतारी वंदन योजना प्रारंभ होते ही आज जिले के महिलाओं में जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रही हैं। इसके लिए पात्रता में आने वाली सभी महिलाएं आंगनबाड़ी केन्द्रों और पंचायतों में फार्म भरने के लिए पहुंच रही है। कवर्धा के मॉडल आंगनबाड़ी केन्द्र में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सुशीला भट्ट ने महतारी वंदन योजना के लिए फार्म भरने आई महिलाओं को तिलक लगाकर और पुष्पगुच्छ प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत सदस्य श्री रामकुमार भट्ट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती इंद्राणी चंद्रवंशी, श्री दिनेश चंद्रवंशी, पार्षद श्री उमंग पाण्डेय, प्रभारी कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ श्री संदीप अग्रवाल आदि उपस्थित थे।


**छत्तीसगढ़ शासन, जल संसाधन विभाग**

**कार्यालय मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, रायपुर ( छ.ग. )**

**ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

**eProcurement Portal : https://eproc.cgstate.gov.in**

( द्वितीय आमंत्रण )

सिस्टम निविदा क्रमांक **152333**/निविदा सूचना क्रमांक 14/व.ले.लि./2023-24, महासमुंद, दिनांक **02.02.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए दिनांक **19.02.2024** समय **17:30** तक ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है:-

**कार्य का नाम :** महासमुंद जिले के विकासखंड महासमुंद के अंतर्गत कोडार परियोजना के चिंगरौद वितरक मुख्य नहर के आर.डी. 3600 से 4050 मी., आर.डी. 4500 से 5760 मी., आर.डी. 14130 से 14970 मी. एवं आर.डी. 22640 से 24750 मी. साराडीह माईनर नंबर 010 से 1500 मी., बरोन्डा बाजार माईनर नंबर 01 आर.डी. 0 से 1200 मी., मचेवा माईनर नंबर 01 आर.डी. 0 से 750 मी., मचेवा माईनर नंबर 02 आर.डी. 0 से 450 मी., परसकोल माईनर नंबर 03 आर.डी. 0 से 1260 मी., भलेसर माईनर नंबर 01 आर.डी. 0 से 1500 मी., भलेसर माईनर नंबर 02 आर.डी. 0 से 1080 मी., भलेसर माईनर नंबर 03 आर.डी. 0 से 1170 मी., लाफिंगकला माईनर नंबर 01 आर.डी. 0 से 600 मी. तक जीर्णोद्धार एवं सी.सी. लाईनिंग कार्य, 25 नग पक्के कार्यों का जीर्णोद्धार, 10 नग पक्के कार्यों का निर्माण, नहर के सर्विस रोड में आर.डी. 5280 से 14160 मी., आर.डी. 14970 से 20880 मी. तक मुरुम टॉपिंग कार्य एवं 54 नग कुलाबा लगाने का कार्य।

**अनुमानित लागत : रु. 491.74 लाख**

**( दिनांक 01.08.2010 के एस.ओ.आर. तथा संशोधित 01.08.2014 के अनुसार )**

अन्य विवरण एवं विस्तृत निविदा छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाइट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर दिनांक **09.02.2024** समय **17.31** बजे से देखें तथा डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**नोट:**- निविदा में भाग लेने हेतु ठेकेदारों को ई-प्रोक्योरमेंट वेबसाईट **https://eproc.cgstate.gov.in** पर नामांकित/पंजीयन तथा लोक निर्माण विभाग की एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत ठेकेदार को उपयुक्त श्रेणी में पंजीयन कराना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**जल संसाधन संभाग, महासमुंद**
**जिला-कबीरधाम ( छ.ग. )**
**कृते मुख्य अभियंता महानदी गोदावरी कछार,**
**जल संसाधन विभाग, रायपुर ( छ.ग. )**

**जी-07538/7**



**न्यायालय तहसीलदार आरंग जिला-रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. ........... **ब/121 वर्ष 2023-24**
**ग्राम चोरहाडीह**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **द्वारिका प्रसाद गायकवाड पिता श्री रामधीन ग्राम चोरहाडीह तहसील आरंग द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अपने पिता रामधीन मृत्यु दिनांक 27/07/1998 है,** का पंजीयन कराने हेतु पंजीयक जन्म-मृत्यु का आदेश जारी करने की मांग किया है, ताकि जन्म/मृत्यु का प्रमाण पत्र आवेदक को प्राप्त हो सकें।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा/ आपत्ति हो तो वे इस न्यायालय में **दिनांक 21/02/2024** तक आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज **दिनांक 05/02/2024** को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन के मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग जिला-रायपुर



**न्यायालय तहसीलदार अभनपुर मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः- जिला रायपुर तहसील अभनपुर पहनं. 00004 पलौद ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी 202324416283000001

**//ईश्तहार//**

तहसील अभनपुर के पहनं. 00004 के अंतर्गत ग्राम पलौद के वर्तमान भूमिस्वामी जीवन लाल पिता सुन्दरलाल पिता/पति- पता सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 215 (0.2100) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता देवानंद साहू पिता/पति भगवती प्रसाद साहू पता-ग्राम पलौद के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/ खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 16.02.2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आम मुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है, प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.02.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
अभनपुर, जिला रायपुर



**न्यायालय तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. अ/27 वर्ष 2023-24
ग्राम परसदा पहनं. 18 रा.नि.मं. नवापारा
तह. गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग.
क्रमांक/ / तह./ वा-1/ 2024 नवापारा दिनांक 02.01.2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बंशीलाल साहू पिता स्व. विष्णु साहू निवासी ग्राम परसदा के द्वारा ग्राम परसदा पहनं. 18 रा.नि.मं. व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि खसरा नंबर 438/1, 930/1 रकबा 0.27, 0.40 हे. भूमि तथा खसरा नंबर 906, 922 रकबा 0.24, 0.13, हे. भूमि आवेदक तथा अनावेदकगणों के संयुक्त नाम पर दर्ज है। आवेदक उक्त का आपसी परिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 06.02.2024 को नियत की गई है।

इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/ आपत्ति प्रस्तुतकरना हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत पेशी दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है। बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया है।

मुहर

तहसीलदार
गोबरा नवापारा



**न्यायालय नायब तहसीलदार गोबरा नवापारा जिला रायपुर (छ.ग.)**

**//ईश्तहार//**

रा.प्र.क्र. अ/27 वं 2023-24 ग्राम सोनेसिली पहनं. 17 रा.नि.मं. व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर क्रमांक/ / तह./ वाचक-2/ 2024 नवापारा, दिनांक 22.01.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक अरुण कुमार मिश्रा पिता स्व. श्री चन्द्रिका प्रसाद मिश्रा निवासी सिनियर एम.आई.जी., 02 सेक्टर-3 डी.डी. नगर रायपुर द्वारा आवेदन पेश किया है कि ग्राम सोनेसिली पहनं. 17 रा.नि.मं. व तहसील गोबरा नवापारा जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 1092/2 रकबा क्रमशः 0.71 हे. भूमि आवेदक के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक अपने जीवन काल में अपने वारिसान/अनवोदक हर्षवर्धन मिश्रा पिता श्री अरुण कुमार मिश्रा को आपसी पारिवारिक बंटवारा कर प्रदान कर दिया गया है। जिसके कारण आवेदित भूमि को आपसी पारिवारिक बंटवारा अनुसार खाता विभाजन किये जाने हेतु छ.ग.भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 178(क) के तहत आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसकी सुनवाई दिनांक 22.02.2024 को इस न्यायालय में नियत है।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो आप अपने अधिवक्ता/अधिकृत व्यक्ति या स्वयं के द्वारा नियत दिनांक के पूर्व दावा आपत्ति पेश कर सकते है बाद में आये दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 22.01.2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

नायब तहसीलदार
गोबरा नवापारा



**न्यायालय नायब तहसीलदार उपतहसील खोरपा, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

ग्राम- टेकारी प.ह.नं. 03
रा.प्र.क्र. 202312111100082/अ-6(अ)
वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री देवकुमार साहू पिता स्व. सुददु राम साहू निवासी साहूपारा फाफाडीह रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा ग्राम टेकारी पटवारी हल्का नंबर 03 उपतहसील खोरपा स्थित भूमि खसरा नंबर 517/1 रकबा 0.713 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में आवेदक के नाम पर दर्ज है परन्तु त्रुटिवश आवेदक का नाम देवा दर्ज हो गया है जिसे सुधार कर आवेदक का नाम देवकुमार साहू दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र माननीय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अभनपुर के समक्ष पेश किया गया है जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। तत्संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था/समूह को कोई दावा आपत्ति हो तो वे अपना दावा आपत्ति आवेदन इस न्यायालय में नियत पेशी तारीख 08/02/2024 तक न्यायालयीन समय में स्वतः अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत तारीख के बाद प्राप्त आपत्ति आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से आज दिनांक 23/01/2024 को जारी किया गया।

मुहर

नायब तहसीलदार
उपतहसील खोरपा



**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र 202401112500135 अ/6**
**वर्ष 2024-25 आरंग, दिनांक 24.01.2024**
**ग्राम बैहार प.ह.नं. 28**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर- आदित्य विक्रय अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल निवासी कमल राईसमिल वार्ड नं. 12 बिल्हा, बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बैहार प.ह.नं 28 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 165/2, 173 का रकबा क्रमशः 0.1900, 0.3300 हे. भूमि कुल खसरा 02 कुल रकबा 0.5200 हे. भूमि खातेदार एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका पिता सुशील कुमार गोयनका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार एम.आर. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका द्वारा त्याग पत्र दिये जाने से पूर्व डायरेक्टर का नाम विलोपित कर कंपनी का नाम यथावत रखते हुए नवनियुक्त डायरेक्टर आदित्य विक्रम अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किये जाने पर प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग



**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र 202401112500136 अ/6**
**वर्ष 2024-25 आरंग, दिनांक 24.01.2024**
**ग्राम बैहार प.ह.नं. 28**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर- आदित्य विक्रय अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल निवासी कमल राईसमिल वार्ड नं. 12 बिल्हा, बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बैहार प.ह.नं 28 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 189/2 का रकबा 0.2799 हे. भूमि खातेदार एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका पिता सुशील कुमार गोयनका द्वारा मुख्तयारआम मृत्युजय पिता डा. व्ही.पी. शर्मा के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार एम.आर. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका द्वारा त्याग पत्र दिये जाने से पूर्व डायरेक्टर का नाम विलोपित कर कंपनी का नाम यथावत रखते हुए नवनियुक्त डायरेक्टर आदित्य विक्रम अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किये जाने पर प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग



**न्यायालय तहसीलदार आरंग, जिला रायपुर (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

**रा.प्र.क्र 202401112500137 अ/6**
**वर्ष 2024-25 आरंग, दिनांक 24.01.2024**
**ग्राम बैहार प.ह.नं. 28**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्रामवासियों को सूचित किया जाता है कि आवेदक एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर- आदित्य विक्रय अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल निवासी कमल राईसमिल वार्ड नं. 12 बिल्हा, बिलासपुर छ.ग. के द्वारा ग्राम बैहार प.ह.नं 28 रा.नि.मं. आरंग स्थित खसरा नंबर 174/2 का रकबा 0.2658 हे. भूमि खातेदार एम.आर.ए. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका पिता सुशील कुमार गोयनका के नाम पर राजस्व अभिलेख में दर्ज है। खातेदार एम.आर. ग्लोबल प्रा.लि. द्वारा डायरेक्टर महेंद्र कुमार गोयनका द्वारा त्याग पत्र दिये जाने से पूर्व डायरेक्टर का नाम विलोपित कर कंपनी का नाम यथावत रखते हुए नवनियुक्त डायरेक्टर आदित्य विक्रम अग्रवाल पिता सुभाषचंद अग्रवाल का नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पेश किये जाने पर प्रकरण भूईया से दर्ज होकर इस न्यायालय में प्रकरण प्रारंभ किया गया।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को दावा/आपत्ति हो तो स्वयं उपस्थित होकर या अपने अभिभाषक के माध्यम से न्यायालयीन समय में उपस्थित होकर इस न्यायालय में दिनांक 16.02.2024 तक प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 24.01.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
आरंग

## न्यूज़ ब्रीफ

### मुख्यमंत्री को भेंट किया राम मंदिर स्मृति चिन्ह




**महासमुंद।** झलप में रविदास समाज के सम्मेलन में पहुंचे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिला विद्यार्थी प्रमुख नरेश नायक ने अभिनंदन किया तथा मुख्यमंत्री बनने के बाद महासमुंद जिले में प्रथम आगमन पर स्मृति स्वरूप अयोध्या के प्रभु श्री राम मंदिर का मॉडल उन्हें भेंट किया।

### सीएचसी सराईपाली साइकेट्रिक ओपीडी में 43 पेसेंट का निःशुल्क इलाज



**महासमुंद।** राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत डॉ पी कुदेशिया मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, श्रीमती निलू घृतलहरे डीपीएम एनएचएम और डॉ छत्रपाल चंद्राकर नोडल अधिकारी मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम के निर्देशन पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरायपाली में निःशुल्क मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया गया। शिविर में 43 मरीजों का निदान किया गया। तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत निकोटीन गम भी दिया गया, निःशुल्क दवाई के साथ मनो सामाजिक परामर्श दिया गया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सराईपाली डॉ एच एल जांगड़े बी एम ओ, डॉ वर्षा सतपती ब्लॉक नोडल मानसिक स्वास्थ्य, श्रीमती सीतल सिंह बीपीएम, टी आर घृतलहरे बी ई एवं समस्त स्टॉफ का सहयोग रहा।

### मोती बाल उद्यान में कराई जा रही आकर्षक चित्रकारी

**महासमुंद।** पालिकाध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग द्वारा चलाए जा रहे ष्स्वच्छ पालिका स्वच्छ नगर



अभियान के तहत उद्यानों में सौंदर्यीकरण किया जा रहा है। इसी क्रम में शहर के सबसे पुराने मोती बाल उद्यान को भी निखारकर संवारने के लिए उद्यान की दीवारों पर आकर्षक चित्रकारी कराई जा रही है। रविवार को नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने चित्रकारों द्वारा यहां पर उकेरी जा रही तस्वीरों का अवलोकन किया और चित्रकार को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने उद्यान में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगे खेलकूद की सामग्रियों का भी अवलोकन किया।

# राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु ग्राम स्तर पर शिविर का आयोजन

### शिविर में बी वन पाठन सहित राजस्व प्रकरणों का होगा निराकरण

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कलेक्टर प्रभात मलिक ने सभी अनुभागीय अधिकारियों एवं तहसीलदारों को हल्का पटवारी स्तर पर ग्रामवार शिविर लगाकर राजस्व प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए है। जिसके तहत महासमुंद अनुविभागीय अधिकारी उमेश साहू ने महासमुंद अंतर्गत बी.1 पठन पाठन अन्य कार्य हेतु शिविर आयोजन करने ग्राम तिथि वार सूची जारी की है।

उन्होंने समस्त हल्का पटवारियों को निर्देश दिया है कि वे अपने अधीनस्थ ग्रामों के कोटवारों के माध्यम से मुनादी कराकर निर्धारित तिथि में आयोजित शिविर में बी.1 पठन पाठन एवं अपने दायित्व से संबंधित कार्य कराएं। साथ ही अविवादित नामांतरण एवं बंटवारा के मामले की ऑनलाईन भुईया में दर्ज करना, नवीन ऋष्ण पुस्तिका बना कर प्रदाय करना, भू.अभिलेखो की नकल प्रदाय करना, नक्शा बटांकन एवं सीमांकन हेतु आवेदन प्राप्त कर निराकरण करना,जाति प्रमाण हेतु वंशावली तैयार कर प्रदाय करना एवं राजस्व से संबंधित अन्य कार्य संपादित करना सुनिश्चित करे। शिविरों का आयोजन प्रारम्भ हो गया है। जहां ग्रामीण राजस्व प्रकरणों के संबंध में आवेदन लेकर पहुंच रहे हैं।

आवेदनों के निराकरण के लिए तहसीलदारों द्वारा भी शिविर का आयोजन किया जाएगा। महासमुंद अनुविभाग में जारी सूची के अनुसार 6 फरवरी को निम्न ग्रामों में शिविर लगाया जाएगा। इनमें बरबसपुर, परसकोल, परसट्ठी, घोड़ारी, सोरिद, पाली, सोरम, सिरगिड़ी, जामली, बनसिवनी, कुकराडीह, कौवाझर, बेलटुकरी, तुमगांव, भोरिंग, लभराकला, खरोरा, मुढ़ेना, साराडीह, चिंगरौद, गौरखेड़ा, मुरकी, सिंघुपाली, कुरूभाठा, झलप, जोरातराई, सिंधौरी, सिंघनपुर, गुड़ेलाभाठा, पण्डरीपानी, बरेकेलकला, सराईपाली, बिरबीरा, खिरसाली, अमोरा, सिंघनगढ़, भावा, पटेवा, बोडरा, सलीहाभाठा, कोकड़ी, नवागांव, बंबूरडीह, मुड़ियाडीह, सेनकपाट, अछोला, खट्टीडीह, गुढ़ेलाभाठा एवं मोहकम शामिल है। अनुविभागीय अधिकारी श्रीमती सृष्टि चंद्राकर ने बताया कि बागबाहरा अनुभाग अंतर्गत 6 फरवरी को ग्राम बंसुलाडबरीए मोंगरापाली रे, खेमड़ा, सुवरमाल, घोयनाबाहरा, बकमा, टेका, कोसमर्रा, टोंगोपानीकला, बोईरगांव, खुर्सीपार, झिटकी,धरमपुर में शिविर लगाया जाएगा। इसी तरह ग्राम स्तर पर प्राप्त आवेदनों का निराकरण पश्चात तहसीलदारों द्वारा ग्राम पंचायतों में 1 मार्च से शिविर लगाए जायेंगे। शिविर में समस्याओं के निराकरण एवं जाति प्रमाण पत्र वितरण की कार्रवाई की जायेगी।

# जन चौपाल में मिले 32 आवेदन




समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट में आयोजित जन चौपाल में कलेक्टर प्रभात मलिक द्वारा जिले के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से अपनी.अपनी समस्याएं एवं शिकायतें लेकर आने वाले आवेदकों की समस्याओं को समक्ष में सुना। आवेदकों द्वारा आवेदन देकर बताई गई समस्याओं पर गंभीरता पूर्वक निराकरण करने के लिए उपस्थित जिला अधिकारियों को मौके पर निर्देश दिए गए। जनसुनवाई में 32 आवेदन प्राप्त हुए। जनसुनवाई में ग्राम लाफिनखुर्द के शत्रुहन सिन्हा ने कृषि कार्य हेतु स्थापित मोटर पम्प का बिजली बिल अधिक आने के कारण सुधार के लिए, पटेवा के दीपक सिन्हा ने धान बोनस के लिए, धरमपुर के सुशील कुमार एवं ग्राम वासियों ने नल जल योजना के तहत चल रहे कार्यों को पूर्ण कराने, झलप के प्रवीण अग्रवाल ने भूमि स्वामी हक दिलाने के संबंध में, अमुरदा के श्री मनीराम चौहान ने आर्थिक सहायता राशि दिलाने आवेदन सौंपा। इसी तरह उखरा के समस्त ग्राम वासियों द्वारा विद्युत पोल लगवाने, महासमुंद के देवराज ने अवैध कब्जा हटाने, दुर्गा सेन ने भूमि स्वामी हक की भूमि में नरेगा के तहत भूमि सुधार के लिए एवं कोसरंगी की श्रीमती बिस्वंतीन व हरदी की श्रीमती चन्द्रवती कुर्रे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिलाने की मांग की।

# शिक्षक कोमल सिंह दीवान को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से नवाजा गया



समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** शासकीय प्राथमिक शाला रामसागर पारा में पदस्थ शिक्षक कोमल सिंह दीवान को मुख्यमंत्री गौरव अलंकरण पुरस्कार से मुख्य अतिथि योगेश्वर राजू सिन्हा विधायक महासमुंद, श्रीमती मीता मुखर्जी जिला शिक्षा अधिकारी महासमुंद, संदीप दीवान सांसद प्रतिनिधि, दाऊलाल चंद्राकर जिला अध्यक्ष स्काउट गाइडए के हाथों सम्मानित किया गया। श्री दीवान को सम्मान प्राप्ति पर संकुल प्राचार्य समीर चंद्र प्रधान, विखं शिक्षा अधिकारी लीलाधर सिन्हा, सहायक विखं शिक्षा अधिकारी, गजेंद्र ध्रुव, श्रीमति तारिका कुंजाम, श्रीमति हीना ढालेन, विकास खंड स्त्रोत समन्वयक जागेश्वर सिन्हा, संकुल समन्वयक राजू कुमार देवांगन, प्रधान पाठक दुष्यंत सिन्हा, शिक्षक साथी मेमन चंद्राकर सहित संकुल के समस्त शिक्षक गणए शाला समिति अध्यक्ष नागेंद्र ठाकुर, राजकुमार ठाकुर मोहन यादव, कमल ध्रुव, गोपाल यादव एवं समस्त ग्रामवासी रामसागर पारा ने हर्ष व्यक्त किया है।

# महतारी वंदन योजना का लाभ अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस से

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुन्द।** छ.ग. शासन मे भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व महिला बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े द्वारा भाजपा के मोदी गारंटी योजना के तहत महतारी वंदन योजना का शुभारंभ करने पर भाजपा नगरीय निकाय प्रकोष्ठ के जिला संयोजक एवं पार्षद देवीचन्द राठी ने मुख्यमंत्री, महिला बाल विकास मंत्री एवं भाजपा शीर्ष नेतृत्व को बधाई एवं आभार व्यक्त करते हुये कहा कि भाजपा जो कहती है वह करती है के तहत महिलाओं की इस महतारी योजना के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस 8 मार्च से विवाहित मातृशक्ति के बैंक खातों में 1000रू. प्रति माह छ.ग. की भाजपा सरकार के द्वारा दिया जावेगा।

पार्षद देवीचन्द राठी ने यह बताया कि ऑनलाईन फार्म जमा करने का बहुत ही सरल तरीका है इसके नियम के तहत विवाहित महिला छ.ग. प्रदेश की निवासी होना चाहिये आयु कम से कम 21 वर्ष होना चाहिये। विधवा, तलाकसुदा महिलाओं को भी इस योजना का लाभ मिलेगा। आवेदन आन लाईन पोर्टल एवं मोबाईल एप से किया जा सकता है इसके लिये सरकार द्वारा आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना, आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से व नगरीय क्षेत्रों मे वार्ड प्रभारी को लागिन आई.डी. जारी की जायेगी उक्त सभी जगह से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी किसी प्रकार का शुल्क नही देना है आवेदन करने पर प्री प्रिंटेड पावती भी हितग्राही को दी जावेगी। आवेदन के साथ स्वयं द्वारा सत्यापित पासपोर्ट फोटो स्वयं का जमा करना होगा। स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र या राशन कार्ड मतदाता पहचान पत्र दिखाना होगा। साथ ही स्वयं एवं पति का आधार कार्ड देना होगा, पेन कार्ड होने की स्थिति में स्वयं या पति का जमा करना होगा। विवाह का प्रमाण पत्र ग्राम पंचायत या स्थानीय निकाय द्वारा जारी प्रमाण पत्र लगेगा। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यू प्रमाण पत्र तलाक की स्थिति समाज द्वारा/वार्ड या ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र देना होगा। पात्र हितग्राही को बैंक खातें के विवरण बैंक पास बुक की फोटो कापी लगानी होंगी।

# धान केंद्रों में अव्यवस्था की सुधार को लेकर विधायक ने अधिकारियों को दिए निर्देश

समवेत शिखर संवाददाता

**भिलाईनगर।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विधायक ललित चंद्राकर ने आलबरस एवं निकुम केंद्र में प्राप्त सूचना के आधार पर विधायक ललित चंद्राकर ने व्यवस्था के सुधार को लेकर अधिकारियों को दूरभाष के माध्यम से आवश्यक दिशा निर्देश दिया।विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि प्राप्त सूचना के आधार पर धान खरीदी केदो पर परिवहन ना होना साथ ही उसके उचित रखरखाव न होने की सूचना प्राप्त हुई थी। मैं एक जनसेवक और और इस क्षेत्र की मतदाताओं के आशीर्वाद से विधायक चुने जाने के पश्चात कतई बर्दाश्त नहीं करूंगा, कि किसी भी प्रकार की मेरे क्षेत्र के मतदाताओं और आम जनमानस को असुविधा हो। ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के विकास को लेकर प्रतिबद्ध हूं। साथ ही साथ ग्रामीण विधानसभा की जनता मेरा परिवार है। और परिवार के सदस्यों को किसी भी प्रकार का दुख या असुविधा हो या मुझे बिल्कुल बर्दाश्त नहीं होगा। मेरे गृह निवास पर किसी भी प्रकार की असुविधा या समस्या होती है। तो 24 घंटे मेरे घर के दरवाजे मेरे विधानसभा क्षेत्र के लिए खुले हैं। उनकी समस्याओं का समाधान करना मेरा प्रथम दायित्व है।



# महतारी वंदन योजना के लिए फॉर्म भरना शुरू, महिलाओं में दिखा उत्साह

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** महतारी वंदन योजना के तहत सोमवार 5 फरवरी से महिलाओं द्वारा आवेदन भरने की शुरुआत हो चुकी है और महिलाओं में योजना का लाभ लेने गजब का उत्साह भी देखा जा रहा है। पहले ही दिन से आंगनबाड़ी केंद्रों में महिलाएं आवेदन भरने पहुंच रही हैं।

योजना के तहत आंगनबाड़ी केंद्रों में महिला बाल विकास के परियोजना अधिकारी और पर्यवेक्षकों द्वारा आवश्यक मार्गदर्शन दिए जा रहे हैं। स्थानीय वार्ड क्रमांक 09 की निवासी श्रीमती कमला मेश्राम, सोनम नायक, शहनाज, सजनी टांडी, गंगा सोनी, सुनीता सोनी और अंजना क्षत्रीय सहित अनेक महिलाएं वार्ड क्रमांक 09 के आंगनबाड़ी केन्द्र में आवेदन भरने पहुंची। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से स्वयं भी आवेदन कर सकती हैं। महतारी वंदन योजना के तहत फॉर्म आंगनबाड़ी केंद्रों, पंचायत स्तर पर, शहरी क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी स्तर पर सहित परियोजना कार्यालय, जिला कार्यालय में उपलब्ध हैं। विवाह पंजीयन नहीं होने पर स्वघोषणा शपथ पत्र जमा किया जा सकता है।

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है। यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, निवास प्रमाण, ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है। योजना अंतर्गत छग राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगे। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए।

# राहुल गांधी यात्रा का होगा भव्य स्वागत: रश्मि चंद्राकर

समवेत शिखर संवाददाता



**महासमुंद।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ रश्मि चंद्राकर ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा देश वासियों के लिये उम्मीदों की नई किरण राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा का छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत होगा छत्तीसगढ़ में राहुल गांधी की न्याय यात्रा 7 जिलों 536 किमी होकर गुजरेगी 67 दिनों में यात्रा 110 जिला, 100 लोकसभा, 337 विधानसभा क्षेत्रों में होकर गुजरेगी। राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की छत्तीसगढ़ में ऐतिहासिक स्वागत होगा। छत्तीसगढ़ के लोग तथा छत्तीसगढ़ के कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी की यात्रा के स्वागत को लेकर उत्साहित है। हम सब प्रसन्न है कि राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा छत्तीसगढ़ में 8 फरवरी को प्रातः 10 बजे, रायगढ़ में प्रवेश करने के बाद यात्रा छत्तीसगढ़ में 9 एवं 10 फरवरी को दो दिन विश्राम करेगी। दो दिन बाद 11 फरवरी को यात्रा रायगढ़, सक्ती, कोरबा होते हुये अंबिकापुर के रास्ते उत्तरप्रदेश प्रवेश करेगी। हमारे प्रदेश में यात्रा का गुजरना हम सबके लिये गौरव का विषय है। छत्तीसगढ़ में यह यात्रा राज्य के 7 जिलों से होकर गुजरेगी तथा 536 किलोमीटर 5 दिनों तक राहुल गांधी छत्तीसगढ़ में रहेंगे।

# महतारी वंदन योजना के लिए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी

## पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा

समवेत शिखर संवाददाता

**महासमुंद।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च से लागू की जाएगी। योजना अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होगें। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र होंगी।

योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा। महतारी वंदन योजना अंतर्गत 5 फरवरी को ऑनलाईन व ऑफ्लाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ होगा। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी हैं। अनंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा। अंतिम सूची का प्रकाशन 1 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 5 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च 2024 को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत व स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारीए वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10 वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व.घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं। इसके अलावा आंगनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत, सचिव ;ग्राम प्रभारी, बाल विकास परियोजना कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से आवेदन किया जा सकता है। आवेदन पत्र भरने की सम्पूर्ण प्रक्रिया निःशुल्क होगी। आवेदन प्रपत्र ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैम्प में उपलब्ध होंगे। प्राप्त आवेदनों की प्रविष्टि ग्राम पंचायत, वार्ड कार्यालय, आंगनबाड़ी केन्द्र, परियोजना कार्यालय तथा जिले द्वारा आयोजित विशेष कैम्प में कैम्प प्रभारी द्वारा ऑनलाईन की जाएगी। प्रत्येक आवेदन की प्री प्रिंटेड पावती दी जाएगी, यह पावती पोर्टल एप से सीधे एसएमएस द्वारा भी हितग्राही को प्राप्त होगी। निर्धारित तिथि तक आवेदन प्राप्त होने के पश्चात अनंतिम सूची का प्रकाशन किया जाएगा। आपत्तियों को प्राप्त एवं आपत्ति निराकरण समितियों द्वारा आपत्तियों का निराकरण किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों हेतु मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार व नायब तहसीलदार एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। नगरीय क्षेत्रों हेतु तहसीलदार, सीएमओ एवं परियोजना अधिकारी की समिति होगी। आपत्तियों का निराकरण पश्चात अंतिम सूची जारी किया जाएगा।

अपात्र हितग्राहियों की पृथक सूची भी पोर्टल पर प्रदर्शित की जाएगी। पात्र हितग्राही को स्वीकृति पत्र ग्राम सचिव व वार्ड प्रभारी द्वारा जारी किया जाएगा। यह सूची पोर्टल पर प्रदर्शित भी होगी। हितग्राही को राशि का भुगतान पात्र हितग्राही को राशि का भुगतान उनके आधार लिंक्ड डीबीटी आधारित बैंक खाते में किया जाएगा। आपत्ति निराकरण समिति द्वारा भविष्य में हितग्राही के संबंध में कोई आपत्ति प्राप्त होती है, तो उसकी जांच की जाएगी।

# मातृ वंदन योजना को लेकर कांग्रेसियों के बहकावे में बहनें ना आएं: अलका चंद्राकर

समवेत शिखर संवाददाता



**बागबाहरा।** भाजपा सरकार ने मोदी की गारंटी तहत महिला बहनों के सम्मान स्वाभिमान सशक्तिकरण हेतु मातृ वंदन योजना शुरू की यह योजना महिलाओं के जीवन में मील का पत्थर साबित होगा। 1000 प्रतिमाह महिलाओं के खाते में आने से उनका जीवन स्तर में सुधार आएगा महिला बहने किसी कांग्रेसियों के दुष्प्रचार बहकावे में ना आए उक्त बातें भाजपा विधानसभा प्रत्याशी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा अलका चंद्राकर ने महिला समूह के साथ एक भेंट में कहीं अलका ने कहा की मातृ वंदन योजना का लाभ हर महिला को मिलेगा तलाकशुदा परित्यकता विधवा बहने सभी इसके पात्र हैं सिर्फनौकरीपेसा आयकर दाता या किसी को 1000 से ज्यादा पेंशन मिल रहा है वही इस योजना के लाभ से वंचित रहेंगे अलका ने कहा कि प्रत्येक भाजपा कार्यकर्ता अपने ग्राम वार्ड में महिला बहनों के मातृ वंदन योजना फॉर्म भरने में सहयोग करें कोई भी पात्र महिला इस योजना से वंचित न हो राज्य शासन ने विवाह प्रमाण पत्र हेतु नियम में शिथिल किया है स्वघोषणा पत्र मान्य होगा महिला बहने आधार कार्ड बैंक खाता राशन कार्डअपने पास अनिवार्य रूप से रखें कई विरोधी नेता प्रमाण पत्र को लेकर भ्रम फैला रहे हैं उसके भ्रम में नहीं आना है हमारे विधानसभा में किसी को बहनों को कोई परेशानी हो तो मेरे मोबाइल नंबर 9977841241 पर संपर्क कर सकते हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### केंद्र सरकार का बजट विकसित भारत के नींव को सुदृढ़ करने वाला : चंद्रशेखर साहू



**फिंगेश्वर।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा सदन में पेश किए गए अंतरिम बजट को जिला पंचायत सदस्य व भाजपा नेता चंद्रशेखर साहू ने हर्ष व्यक्त कर विकसित भारत के नींव को मजबूत करने वाला बताया। उन्होंने कहा कि अंतरिम बजट मजबूत व्यापक आर्थिक बुनियादी सिद्धांतों को बनाए रखने पर विशेष ध्यान देने के साथ दूरदर्शी दृष्टिकोण वाला है। सरकार का जोर सिर्फ आर्थिक ही नहीं बल्कि समग्र विकास पर है। सरकार ने पारदर्शी, जवाबदेह और जन-केंद्रित प्रशासन अपनाया है। 'न्यूनतम सरकार, अधिकतम शासन' यही है। विकास के मोर्चे पर सरकार ने अभूतपूर्व गति से भौतिक, डिजिटल और सामाजिक बुनियादी ढांचे के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। सरकार व्यापक आर्थिक स्थिरता बनाए रखने में कामयाब रही है। संभवतः स्वतंत्र भारत का यह पहला बजट है जिसमें चुनाव के करीब होने के बावजूद सरकार ने रेवड़ियां बांटने का सहारा नहीं लिया। अंतरिम बजट के जरिये सरकार ने विकसित भारत की झलक पेश करने की कोशिश की है। जिन चार स्तंभों महिला, किसान, युवा और गरीब की नींव पर सरकार की विकसित भारत को खड़ा करने की आकांक्षा है, उस पर अंतरिम बजट को फोकस किया है।

### होरी लाल वर्मा राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के जिलाध्यक्ष नियुक्त



**राजिम।** सुरक्षित मजदूरों के अधिकार की रक्षा करने के लिए राष्ट्रीय मजदूर कॉंग्रेस पंजीयन क्रमांक 2163 ने अपनी दृढ़ प्रतिबद्धता को मजबूत करते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश में प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। इस विज्ञप्ति में राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के निर्देशानुसार प्रदेश अध्यक्ष बेनुराम साहू ने प्रदेश और जिला कार्यकारिणी का विस्तार किया है। इसी के साथ गरियाबंद जिले का जिला अध्यक्ष धूमा श्यामनगर निवासी होरी लाल वर्मा को नियुक्त किया गया है। वर्तमान में वे ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के सचिव व सेक्टर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष का सफलतापूर्वक निर्वहन कर रहे हैं। विगत 15 सालों से सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता की जिम्मेदारी निभाते चले आ रहे हैं। अपनी इस नियुक्ति पर राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रदेश अध्यक्ष, व नवनियुक्त उपाध्यक्ष खेलन तारक का आभार व्यक्त किया है। इस नियुक्ति पर प्रथम पंचायत मंत्री एवं पूर्व विधायक अमितेश शुक्ल, विधायक बिन्द्रानवागढ़ जनक राम ध्रुव, जिला कांग्रेस के अध्यक्ष भावसिंग साहू जी, ब्लॉक कांग्रेस के अध्यक्ष रूपेश साहू जी , हाफिज खान जी ,महिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष पदमा दुबे ,जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू , आईटी सेल के जिला अध्यक्ष रामगुलाल साहू , युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष गौरव मिश्रा , जोन अध्यक्ष जगदीश साहू , मुन्ना कुर्रे , सेक्टर अध्यक्ष वीरेंद्र साहू , विष्णु जांगड़े , मनीष दुबे, डॉ रमेश साहू , भीमशेन साहू , सुदामा वर्मा , भारत निर्मलकर , शंकर वर्मा , चैतू वर्मा , कामेश निर्मलकर , हिमेश्वरी साहू , हेमलता सिन्हा , हेमिन साहू , चंद्रिका साहू , जागेश्वर वर्मा , धर्मवीर वर्मा ,शांतु राम वर्मा, रेवा ओगरे , खेमू साहू , डोमन तारक रमेश साहू नरेस साहू , दुर्गा साहू सहित सैकड़ों कायकर्ताओं ने बधाई दिया है।

### तरेंगा में शराब बिक्री खुलेआम हो रही है

**भाटापारा।** शहर से 5 किलोमीटर दूर ग्राम तरेगा मे अवैध शराब बिक्री जोरों पर है अवैध शराब के चलते माहौल खराब हो चुका है। मोहल्लों मे छोटे-छोटे बच्चे अवैध शराब की चपेट मे है आये दिन अवैध शराब से विवाद की स्थिति निर्मित होते रहती है। अवैध शराब के कारण तीज त्यौहार मे शांति पूर्वक मनाया नहीं जा पाता है। इसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार पुलिस प्रशासन को सूचना दी है। उसके बावजूद भी किसी तरह की कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा नहीं की जा रही है, जिसको लेकर लोगों में आक्रोश व्याप्त है।

# महतारी वंदन योजना महिलाओं के वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम

### जिले में योजना के तहत आवदेन की प्रक्रिया शुरू

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा महिला सशक्तिकरण को प्रोत्साहित करने उठाए गए कदम के फलस्वरूप राज्य में महतारी वंदन योजना संचालित किया जाएगा इसके तहत आज सोमवार को नगर के वार्ड नौ के आंगनबाड़ी में पार्षद ऋतिक सिंहा व संदीप सरकार के द्वारा महिलाओ को महतारी वंदन योजना का फार्म भरवाना प्रारंभ किया गया।

ज्ञात हो कि प्रदेश की महिलाओं के लिए यह पहला अवसर होगा जब उनके बैंक खाते में प्रतिमाह 1 हजार रुपए सीधे प्राप्त होंगे।मुख्यमंत्री श्री साय के संवेदनशील पहल से बजट में भी इसके लिए प्रावधान कर लिया गया है।महतारी वंदन योजना महिलाओं की वित्तीय आत्मनिर्भरता की दिशा में महत्वपूर्ण और कारगर कदम साबित होंगी।इससे महिलाओं का आत्मविश्वास बढ़ेगा। जिससे महिलाएं स्वयं एवं परिवार के विकास में लगातार सकारात्मक भागीदारी निभाएंगी।शासन की ओर से प्रतिमाह 1 हजार रुपए मिलने से प्रदेश में महिलाओं के आर्थिक स्वावलम्बन में बढ़ोतरी होगी। साथ ही उनके स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में भी सतत् सुधार होगा। परिवार में महिलाओं की निर्णायक भूमिका सुदृढ़ होगी। जिससे समाज में महिलाओं के प्रति भेदभाव, असमानता एवं जागरूकता की कमी दूर होगी।



महतारी वंदन योजना के पैसे परिवार के विकास में भी होगा सहायक - महतारी वंदन योजना के फायदे और योजना के शुरू होने की जानकारी से जिले की महिलाओं में हर्ष व्याप्त है।आज से शुरू हुए पंजीयन के लिए महिलाएं उत्साह पूर्ण माहौल में आवेदन जमा करने के लिए आगे आ रही है। शासन द्वारा हितग्राहियों को ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनो तरीकों से आवेदन करने की सुविधा प्रदान की गई है। हितग्राही स्वयं अपने मोबाइल से मोबाइल एप के माध्यम से भी आवेदन कर सकती है। आज आवेदन जमा करने के लिए आंगनबाड़ी केंद्र, ग्रम पंचायत,परियोजना कार्यालय एवं नगरीय क्षेत्रों के वार्ड कार्यालयों में महिलाओं की भीड़ रही। छुरा निवासी कीर्ति साहू एवं योगेश्वरी गोस्वामी ने महतारी वंदन योजना पर खुशी जताते हुए कहा कि इस योजना से मिलने वाले पैसे स्वयं के अलावा परिवार के विकास में भी सहायक होंगी। महतारी वंदन योजना के तहत मिलने वाली राशि स्वयं के देखरेख,स्वास्थ्य एवं बच्चों की शिक्षा में भी मददगार होंगी।इसी प्रकार सधौली निवासी सुरेखा चंद्रवंशी एवं मंजू दुबे ने महतारी योजना का आवेदन करने के पी आर्थिक सुधार,बच्चों की पढ़ाई,स्वास्थ्य, वित्तीय स्वतंत्रता प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री का आभार

सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ में 'महतारी वंदन योजना' लागू किये जाने का निर्णय लिया गया है, जिसके अंतर्गत पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिमाह 1000 रूपये की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना 1 मार्च 2024 से लागू की जाएगी। आज से राज्य के सभी जिलों में ऑनलाईन फॉर्म एवं ऑफलाईन पंजीयन शुरू हो गया है। महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रहे हैं। जिला स्तर पर फॉर्म भरने के लिए कार्यशाला का भी आयोजन किया जा रहा है, ताकि महिलाओं फॉर्म भरने में किसी भी प्रकार की समस्या न होने पाएं। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी 2024 हैं। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए पात्र महिलाएं ऑनलाईन पोर्टल तथा मोबाईल एप के माध्यम से आवेदन कर सकती हैं।

महतारी वंदन योजना के क्रियान्वयन के संबंध में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा यह स्पष्ट किया गया है कि महिला के विवाहित होने के संबंध में यदि उनके पास दस्तावेज उपलब्ध न हो तो वह अपना स्वघोषणा शपथ पत्र प्रस्तुत कर सकती है।यदि महिला हितग्राही के पास मोबाइल नम्बर नहीं है तो इसके स्थान पर हितग्राही के द्वारा राशन कार्ड की छायाप्रति आवेदन पत्र के साथ अनिवार्य रूप से प्रस्तुत कर सकती है। गौरतलब है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विवाहित महिला को विवाह प्रमाण पत्र,राशन कार्ड,आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र,निवास प्रमाण,ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र को शामिल किया गया है।

# भाजपा के गांव चलो अभियान का आगाज

### महामंत्री अनिल अग्रवाल ने मंडल के पदाधिकारियों को सौंपी जिम्मेदारी

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** गांव चलो अभियान के तहत कार्यशाला खरोरा मंडल में आयोजित की गई। मुख्य वक्ता के रूप में अनिल अग्रवाल ज़िले के महामंत्री उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी के बारे में गांव गांव जाकर लोगों में विश्वास दिलाने और कल्याणकारी योजनाओं से वंचित लोगों को लाभान्वित करने के लिए भाजपा संगठन 'गांव चलो अभियान' की शुरुआत कर रहा है। यह अभियान 4 फरवरी से 11 फरवरी तक चलेगा। गांव चलो अभियान के सफल बनाने के लिए शुक्रवार को बैठक भी हुई थी। इसमें जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने मंडल के पदाधिकारियों को सभी बूथों में प्रवास के लिए जिम्मेदारी सौंपी।



जिला महामंत्री अनिल अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव से पहले गांव चलो अभियान चलाया जाएगा। इसमें प्रवासी कार्यकर्ता ग्रामीणों को सरकार के 10 वर्षों में गरीब कल्याण, महिला सशक्तीकरण आदि योजनाओं के बारे में अवगत कराएंगे। इस दौरान अभी गांव व नगरों के सभी बूथों पर एक कार्यकर्ता को 24 घंटे का समय क्षेत्र की जनता के साथ बिताना पड़ेगा।उक्त कार्यक्रम मे केंद्रीय रेलवे बोर्ड के सदस्य गुलाब टिकरिया, नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, जनपद सदस्य सुरेंद्र वर्मा मौजूद रहे।

# पालिका अध्यक्ष और उपाध्यक्ष ने बचाई अपनी कुर्सी

### ध्वस्त हुआ अविश्वास प्रस्ताव

समवेत शिखर संवाददाता

**नवापारा राजिम।** नगर पालिका परिषद गोबरा नवापारा के अध्यक्ष और उपाध्यक्ष के विरुद्ध भाजपा और निर्दलीय पार्षदों द्वारा लाया गया अविश्वास प्रस्ताव आज ध्वस्त हो गया । अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान के लिए पीठासीन अधिकारी नियुक्त किए गए अपर कलेक्टर बीबी पंचभाई ने आज सुबह 11 बजे पालिका के सभागार में कार्रवाई शुरू की।

अपर कलेक्टर पंचभाई ने उपस्थित अध्यक्ष धनराज मध्यानी, उपाध्यक्ष चतुर राम जगत सहित सभी पार्षदों को मतदान प्रक्रिया से अवगत कराने के बाद मतदान की कार्रवाई शुरू की। मतदान के बाद अध्यक्ष मध्यानी के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में 8 मत पड़े जबकि विपक्ष में 11 वहीं 2 मत निरस्त घोषित हुए । इसी प्रकार उपाध्यक्ष जगत के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पक्ष में भी 8 मत पड़े, वहीं विपक्ष में 12 और 1 मत निरस्त घोषित हुआ । जबकि अविश्वास प्रस्ताव पास होने के लिए 14 मत चाहिए थे । इस प्रकार अध्यक्ष मध्यानी और उपाध्यक्ष जगत की कुर्सी बच गई । अविश्वास प्रस्ताव ध्वस्त होने पर कांग्रेसियों में खुशी की लहर दौड़ गई । इस मौके पर पूर्व क्षेत्रीय विधायक धनेंद्र साहू भी पालिका पहुंचे, जिसके बाद कांग्रेसियों ने मिठाई बांटकर और पालिका कार्यालय के बाहर जमकर आतिशबाजी करते हुए खुशी मनाई । बताना जरूरी है कि 21 सदस्यीय पालिका में अध्यक्ष और उपाध्यक्ष दोनों ही कांग्रेस पार्टी के हैं । वहीं भाजपा के 8 और 2 निर्दलीय पार्षद हैं । अभनपुर के पूर्व विधायक धनेन्द्र साहू ने जीत पर अध्यक्ष धनराज मध्यानी, उपाध्यक्ष चतुर जगत सहित सभी कांग्रेस पार्षदों को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि सत्य की जीत हुई है। कांग्रेस ने पुनः विश्वास अर्जित किया है। कहा कि भाजपाईयों को प्रजातंत्रिक फैसले बर्दाश्त नहीं हो रही है। ऊपर से लेकर नीचे स्तर तक अपरेशन लोटस चलाकर जहां कांग्रेस के हाथ में सत्ता है वहीं उसे खरीदने का काम कर रही है। श्री साहू ने कहा कि यह जीत के बाद उसे करारा जवाब मिला है। हमारी एकता कभी नहीं टूटी है। जबकि उनकी एकता टूट गई और उन्हें हार का सामना करना पड़ है।



# विधायक अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन

समवेत शिखर संवाददाता

**भाटापारा।** विधायक इंन्द्र साव ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ अनिश्चितकालीन धरना प्रारंभ किया है। उन्होने कहा कि समूचे छत्तीसगढ़ में शराब कोंचियों की मानो बाढ़ सी आ गई भाटापारा शहर में चौक-चौराहों पर खुले आम शराब सहज व सुलभ रूप से मिलने लगी है जिससे यहां का माहौल खराब हो रहा है।

प्राप्त शिकायतों के मद्देनजर भाटापारा के विधायक इन्द्र साव ने कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं तथा आस-पास के ग्रामीणों के साथ स्थानीय जय स्तंभ चौक पर शराब कोंचियों पर लगाम लगाने व उन पर किसी भी प्रकार की स्थानीय प्रशासन द्वारा कार्रवाई नहीं करने को लेकर अनिश्चितकालीन धरने प्रदर्शन पर बैठ गये है। जिसमें प्रमुख रूप से सतीश अग्रवाल, सुशील शर्मा, राधेश्याम शर्मा (फगा), ईश्वर सिंह ठाकुर, अरूण यादव, शैली भाटिया, राजकुमार शर्मा, मुकेश साहू, घनाराम साहू, फिरेन्द्र कोशले, अमर मंडावी, दिवाकर मिश्रा, रविशंकर ध्रुव, देवनारायण बांधे, सीरिज जांगडे, अशोक ध्रुव, प्रमिला साहू, दानी भाट, सरस्वती साहू, पूर्णिमा श्रीवास, दीपा जांगड़े, हेमीन ध्रुव, सीमा रात्रे, महेन्द्र साहू, अरूण वर्मा, कुंजराम साहू, शैलेन्द्र अहिरवा, नंदू साहू, सत्यजीत सेंडे, विवेक यदु, लालु मानिकपुरी व जग्गाराव सहित कांग्रेसजन उपस्थित थे।



# जिला-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण की कार्यशाला हुई

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** कलेक्टर दीपक कुमार अग्रवाल की अध्यक्षता में आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में जिले के खदानों को जिला-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण से जारी पर्यावरण स्वीकृति को राज्य-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण से पुनर्मूल्यांकन कराये जाने के संबंध में कार्यशाला आयोजित की गई।

इस दौरान कलेक्टर श्री अग्रवाल ने कहा कि इसे परिवेश पोर्टल में जिला-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण से प्राप्त पर्यावरण सम्मति को राज्य-स्तरीय पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन प्राधिकरण में अपलोड करने पर जोर दिया।

साथ ही सभी दस्तावेज अपडेशन फार्म शीघ्र करने के निर्देश दिये।इस दौरान बुद्धदेव पांडे एवं विशाल पिथालिया के द्वारा पावर पाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से पंजीकृत योग्य व्यक्ति के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।इस अवसर पर अपर कलेक्टर अविनाश भोई, सहायक खनिज अधिकारी एफएल.नागेश, खनिज पट्टेदार प्रमोद तिवार, शरद चतुर्वेदी, योगेन्द्र सिंह, विकास चतुर्वेदी, रामूलाल जैन, भागीरथी साहू, किशोर सचदेव, रामविशाल ओगरे आदि पट्टेदार उपस्थित थे।



# यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा माह के तहत की गई वाहनों की जांच

समवेत शिखर संवाददाता

**गरियाबंद।** वरिष्ट पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले के निर्देश व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डीसी पटेल, डीएसपी सुश्री निशा सिन्हा के मार्गदर्शन जिला मुख्यालय में सड़क सुरक्षा माह का शुभारंभ 15 जनवरी को स्थानीय पुलिस कंट्रोल रूम में पुलिस विभाग के वरिष्ट अधिकारियों पुलिस जवान आम नागरिक और स्कूली बच्चों की उपस्थिति में किया गया है।आयोजित इस सड़क सुरक्षा माह में पुलिस विभाग द्वारा दुर्घटना में कमी लाने के साथ लोगो को यातायात के प्रति जागरूक करने हर दिन एक नया पहल किया जा रहा है।जिसमे सोमवार के शाम को नगर में चलने वाले ऐसे वाहन जिनमे प्रेशर हार्न,मोर्डीफाई खुले साइलेंसर वाहन तीन सवारी मोटरसाइकल और नशे में वाहन चलाने वाले वाहनों पर कार्यवाही किया गया।वही यातायात प्रभारी रामाधर मरकाम ने बताया कि उपरोक्त प्रेशर हार्न,मोर्डीफाई खुले साइलेंसर वाहन तीन सवारी मोटरसाइकल और नशे में वाहन चलाने वाले वाहनों से स्वयं की लापरवाही तो होती ही है ,इससे सामने वाले वाहन चालक परेशान होते है, इसके साथ ही प्रेशर हार्न,मोर्डीफाई खुले साइलेंसर वाहन से लोगो के परेशानी के साथ ध्वनि प्रदूषण भी होता है।इस तरह के वाहनों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जाएगी। इस कार्यवाही के दौरान यातायात पुलिस से रामाधर मरकाम, धर्मेंद ठाकुर, विकास कश्यप,अनिल पांडे, वीरेंद्र पटेल,संजय सूर्यवंशी, के एम मरकाम जिला अस्पताल से आरपी साहू शामिल थे।



# बिलासपुर एफसी की टीम बनी जेएसएफ राज्य स्तरीस फुटबॉल टूर्नामेंट सीजन-04 की चैंपियन, जीते एक लाख रुपए

समवेत शिखर संवाददाता

**खरोरा।** जे.एस.एफ क्लब खरोरा के तत्वाधान में आयोजित राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता सीजन 04 का समापन हुआ इस प्रतियोगिता का शुभारंभ दिनांक 01 फरवरी 2024 हुआ तथा समापन 04 फरवरी 2024 को देवजी भाई पटेल, पूर्व विधायक धरसींवा के मुख्य आतिथ्य में भव्य रूप से सम्पन्न हुआ।




इस प्रतियोगिता के अंतिम दिन में इंटर स्कूल अंडर-15 ग्रुप का खिताब जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल की टीम उपविजेता रही ए.वी.एम. बैकुण्ठ स्कूल की टीम, अंडर-18 ग्रुप का खिताब शास. हाई स्कूल बहेसर की टीम बनी चैंपियन उपविजेता रही जे.बी. इंटरनेशनल स्कूल की टीम सीजन 04 का फाईनल मैच बिलासपुर एफसी. विरूद्ध लालपुर एफसी. के बीच हुआ जिसे बिलासपुर एफसी. की टीम ने 02 गोल से खिताबी मुकाबले में जीत दर्ज कर चैंपियन बनी। महिला सशक्तिकरण को बढावा देने जे.एस.एफ क्लब द्वारा महिलाओं का सद्भावना मैच का भी आयोजन किया गया जो कि खेलो इंडिया सेंटर विरूद्ध जे.एल.एफ एफसी. के मध्य हुआ जिसे जे.एल.एफ एफसी. ने जीता व दुसरा मैच जे.एल.एफ एफसी. विरूद्ध रायपुर एफसी. के मध्य खेला गया जो कि मैच के अंतिम समय तक बराबरा होने पर मैच का निर्णय पेनाल्टी के जरिये हुआ जिसे जे.एल.एफ एफसी. रायपुर ने जीत दर्ज की। महिलाओं का आत्मविश्वास देख दर्शको ने इनकी खुब प्रशंसा की। सीजन 04 के शुभारंभ समारोह में मान. श्री टंकराम वर्मा मंत्री छ.ग. शासन, छ.ग. खेल एवं युवा कल्याण, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के के मुख्य आतिथ में सम्पन्न हुआ कार्यक्रय की अध्यक्षता धरसींवा विधायक मान. अनुज शर्मा ने की जे.एस.एफ क्लब द्वारा नगर में सर्व सुविधायुक्त स्टेडियम के लिए लंबे समय किये जा रहे मांग पर मान. अनुज शर्मा ने टंकराम वर्मा मंत्री छ.ग. शासन, से मांग रखी जिस पर मंत्री जी ने 01 करोड रू. तक निर्माण की बात कहीं। समापन समारोह में छ.ग. के प्रसिद्ध संगीतकार स्वप्निल जायवाल का लाईव संगीत कार्यक्रय रखा गया था जिनके गीतो से दर्शकों में काफी उत्साह रहा। सीजन 04 का होस्ट आर.जे. नरेन्द्र व आर.जे. प्रियल ने किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि देवजी भाई पटेल के साथ नगर पंचायत खरोरा के अध्यक्ष अनिल सोनी, जिला पंचायत रायपुर के सभापति राजू शर्मा, जनपद पंचायत तिल्दा के उपाध्यक्ष टिकेश्वर मनहरे, खरोरा भाजपा मंडल अध्यक्ष नरेन्द्र ठाकुर प्रेमलाल गिलहरे, बिसौहा देवांगन, जे.एस.एफ क्लब के कप्तान अमोल साहू के पिता सहित नगर व क्षेत्र के अन्य गणमान्य नागरिक में समापन समारोह में शामिल हुए।



# दुनिया में कोई महापुरुष तभी बन सके जब उन्होंने अपने दुख को पचाया

समवेत शिखर न्यूज

**अहमदाबाद।** संसार में रहेंगे तो मन को डिस्टर्ब करें ऐसे अनेक प्रसंग हरेक कदमपर आएंगे परंतु हम यदि करके प्रसंगों में मानसिक शांति को गुमाएंगे तो आत्मा का आनंद किस तरह प्राप्त करेंगे? संसार का स्वभाव यानी कर्म का प्रभाव, ऐसा है कि जीवन में कसौटी तो आएगी ही। किसी भी महापुरुष का जीवन चरित्र पढ़ेंगे उनके जीवन में भी दुःख की घड़ियां आई है। परंतु वे महापुरुष तभी बन सके जब उन्होंने अपने दुःख को पचाया, अपने दुःख को नेगलेक्ट किया तथा अपने दुःख को जीता।

प्रखर प्रवचनकार संत मनीषि-गीतार्थ गच्छाधिपति प.पू.आ.देव राजयश सूरीश्वरजी महाराजा श्रोताजनों को संबोधित करते हुए फरमाते है। अमेरिका के बड़ा प्रधान ओबामा कहते हैं कि हम ऐसे घर में रहते थे जहां घर का छप्पर भी पत्तर का था तथा सभी घर के बर्तन धोकर वे बड़े हुए। ऐसा व्यक्ति भी आज बड़े पोस्ट पर पहुंच गए कारण जिनके ह्रदय में महान भावना होती है वह व्यक्ति जीवन में जरूर आगे बढ़ता है।



पूज्य गुरुदेव राजयश सूरीश्वर जी म. सा.

हेमचन्दाचार्य महाराज प्रभु पार्श्वनाथ भगवान की स्तुति में पहले कमठ का नाम लिया फिर धरणेन्द्र का नाम लिया कारण धरणेन्द्र तो भव्य थे तथा प्रभु भक्ति से भव्यता को मिलाया था जबकि कमठ तो बूरा था। परमात्मा पर उपसर्ग किया था अंत में सत्य को समझा और भव्य बना। हमें चिंतन करना है कि आपको धरणेन्द्र कब मिले? कमठ होतो। पहले कमठ उपसर्ग करेगा और उसे समता से सहन करने के लिए सहाय करने, सेवा करने धरणेन्द्र दौड़ता हुआ आएगा परमात्मा महावीर को पहले कौन मिला? गौतम या गोशाला। पहले गोशाला मिला फिर गौतम मिले। क्या जाने प्रकृति का क्रम भी कैसा है कि पहले कष्ट फिर सुख। परमात्मा हमें समझाते हैं पहले कमठ को सम्भाव से सहन कर लो जरूर जीवन में सहन किया हुआ आपको फलीभूत होगा एवं आप सुखी बनोंगे।

बेटी को अच्छा लड़का देखकर विदाई किया तथा ससुर ने दामाद को गिफ्ट में कार भेंट की और कहां इसका पहला हफ्ता मैंने भर लिया है। दूसरा हफ्ता भी मैं भरत रहूंगा। दामाद ने कहा, माफ करना। पप्पाजी मैं तो ऐसा व्यक्ति हूं कि पेट्रोल का हफ्तार भी आपको ही भरना पड़ेगा। लड़का अच्छा देखकर बेटी की शादी कारवाई पुण्य ही हमारा कम हो तो पासा भी उल्टा हो जाता है। ऐसी परिस्थिति का जब सामना करना पड़े तब मन को समभाव में रखना चाहिए। जीवन में अच्छा मिले मन पसंद मिले वो हमारा पुण्य है। अप्रिय मिले नापसंद मिले तो समझना हमें हमारा पाप के उदय से मिला है।

# आगे बढ़ने के लिए लक्ष्य ऊंचा रखें : रमेश

### निरन्तर प्रयास से ही अपने अंदर की छुपी प्रतिभा को मूर्त रूप दिया जा सकता है, जरूरी है स्वयं का आत्मविश्वास जगाए रखना

समवेत शिखर संवाददाता

**फिंगेश्वर।** एक दिवसीय फिंगेश्वर प्रवास के दौरान गरियाबंद जिला शिक्षा अधिकारी रमेश कुमार निषाद एक साक्षात्कार के दौरान आगे आने वाले बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों को दृष्टिगत रखते हुए बोर्ड एवं अन्य परिक्षाओं की तैयारी कब, कैसे करें छात्र छात्राओं को मोटिवेट करते हुए काफी गंभीर एवं सकारात्मक दिखे।

आगामी बोर्ड परीक्षा बढ़ती प्रतिस्पर्धा को ध्यान में रखते हुए रमेश कुमार निषाद जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद ने बहुत ही सरल शब्दों अपनी बात रखते हुए कहा कि आज का दौर प्रतिस्पर्धा का है आप जो भी क्षेत्र से जुड़े हो जिन भी क्षेत्र में कार्य कर रहे हो जिसमें शिक्षा, कला, व्यापार, व्यवसायिक एवं उद्योग जगत हर क्षेत्र में चुनौती है इसके लिए जरूरी हैं समय-समय पर खुद के अन्दर छुपी प्रतिभा की पहचान कर कड़ी मेहनत, दूरदृष्टि सोच बिना थके निरंतर उन कार्यों पर काम करना। वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को दुरूस्त कारगर एवं मजबूती प्रदान करना ही मेरी पहिली प्राथमिकता है। आगे कहा छात्रों को आगे बढ़ने के लिए स्वयं के लिए लक्ष्य निर्धारित करना होगा एक निश्चित समय सीमा के भीतर अपनी प्रतिभा को पहचान कर उन विषयों पर अधिक से अधिक समय दें और उन पर मेहनत करें तो सफलता सत प्रतिशत मिलेगी, वर्तमान शिक्षा प्रतिस्पर्धा का है इसलिए ज्यादा से ज्यादा ध्यान अपने पढ़ाई पर दे इसके अलावा पढ़ाई के दौरान मोबाईल के ज्यादा उपयोग से परहेज़ रखें ताकि ध्यान केवल पढ़ाई लिखाई एवं अपने लक्ष्य पर केंद्रित किया जा सके। इस बीच अपने से बड़ों का उच्च पद पर कार्यरत लोगों से भी सहयोग लिया जा सकता हैं। इस खास मौके पर दानसिंग निषाद पूर्व जिलाध्यक्ष निषाद समाज गरियाबंद,थानू राम निषाद शिक्षक एवं साहित्यकार की उपस्थिति थे।





# मोदी की गारंटी
# विष्णु का सुशासन

हमने बनाया है
हम ही संवारेंगे

श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# महतारी वंदन योजना

## पात्र विवाहित महिलाओं को प्रतिवर्ष
## ₹ 12,000

### देखिए आवेदन फार्म कैसे भरे ?



- महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से प्रदेश में महतारी वंदन योजना क्रियान्वित है
- यह योजना 01 मार्च 2024 से लागू की जा रही है
- योजना का क्रियान्वयन संपूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में होगा

### योजनांनर्गत पात्रता

- विवाहित महिला जो छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी हो
- आवेदन के कलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 1 जनवरी को विवाहित महिला की आयु न्यूनतम 21 वर्ष होनी चाहिए
- विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिलाएं भी योजना के लिए पात्र होंगी

### आवेदन के साथ संलग्न किए जाने वाले आवश्यक दस्तावेज

- स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो
- स्थानीय निवासी के संबंध में दस्तावेज। (निवास प्रमाण-पत्र/ राशन कार्ड/ मतदाता पहचान-पत्र/ आधार कार्ड)
- स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड
- स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड। (यदि हो तो)
- महिला के विवाहित होने की पुष्टि के लिए आवश्यक दस्तावेज-विवाह प्रमाण पत्र/ राशन कार्ड/ आधार कार्ड/ मतदाता परिचय पत्र/ निवास प्रमाण पत्र/ ग्राम पंचायत या वार्ड पार्षद द्वारा जारी प्रमाण पत्र। यदि उपरोक्त में से कोई भी दस्तावेज उपलब्ध न हो तो विवाहित महिला द्वारा स्वघोषणा शपथ-पत्र प्रस्तुत किया जा सकता है
- विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण-पत्र
- परित्यक्ता/ तलाकशुदा होने की स्थिति में समाज द्वारा / वार्ड/ ग्राम पंचायत/ न्यायालय द्वारा जारी प्रमाण-पत्र
- जन्म प्रमाण पत्र/ कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची/ स्थानांतरण प्रमाण-पत्र/ पैन कार्ड/ आधार कार्ड/ मतदाता परिचय-पत्र/ ड्राइविंग लाइसेंस। (कोई एक)
- पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति
- स्व-घोषणा शपथ पत्र (आवेदन के साथ संलग्न)
- यदि महिला हितग्रही के पास मोबाईल नंबर न हो तो राशन कार्ड जमा किया जावे

### हितग्राही को दी जाने वाली सहायता

- पात्र महिला को रुपये 1000/- प्रतिमाह डीबीटी के माध्यम से भुगतान किया जाएगा
- सामाजिक सहायता कार्यक्रम/विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को रु. 1000/- से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा

### आवेदन करने का माध्यम

योजना के ऑनलाईन पोर्टल
(https://www.mahtarivandan.cgstate.gov.in)
तथा मोबाईल एप द्वारा आवेदन निम्नानुसार माध्यमों से भरे जा सकेंगे-

- आंगनबाड़ी केन्द्र की लॉगिन आईडी से
- ग्राम पंचायत सचिव (ग्राम प्रभारी) की लॉगिन आईडी से
- बाल विकास परियोजना कार्यालय की लॉगिन आईडी से
- आवेदक स्वयं पोर्टल के माध्यम से आवेदन कर सकेंगे
- नगरीय क्षेत्रों में वार्ड प्रभारी के लॉगिन आईडी से



श्री विष्णु देव साय
माननीय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

s-39557/142

**सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास**

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in
छत्तीसगढ़ जनसंपर्क

## न्यूज ब्रीफ

### 15 फरवरी को होगी जिला पंचायत सामान्य सभा की बैठक

**जगदलपुर।** जिला पंचायत बस्तर की सामान्य सभा की बैठक 15 फरवरी 2024 को प्रातः साढ़े 10 बजे से जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई है। उक्त बैठक पूर्व में 09 फरवरी को आहूत की गई थी,जिसे परिवर्तित कर 15 फरवरी को निर्धारित किया गया है। अतएव 15 फरवरी को नियत समय पर बैठक में अद्यतन विभागीय जानकारी के साथ उपस्थित होने के निर्देश सर्व सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं।

### जिले में निर्यात बंधु स्कीम अन्तर्गत आउटरीच कार्यक्रम 07 फरवरी को

**दंतेवाड़ा।** जिला व्यापार उद्योग केंद्र द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार विदेश व्यापार और विकास आयुक्त, मिहान सेज डीजीएफटी क्षेत्रीय प्राधिकरण, नागपुर वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्यात बंधु स्कीम अंतर्गत दंतेवाड़ा जिले में निर्यात आउटरीच कार्यक्रम 07 फरवरी 2024 को सुबह 11.00 बजे से कार्यालय कलेक्टर दंतेवाड़ा के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा इसमें डीजीएफटी नागपुर के विशेषज्ञों की एक टीम आईईसी प्राप्त करने के तरीके पर एक कार्यशाला आयोजित करेगी, जिसमें निर्यात वित्त विकल्पों पर एमएसएमई विभाग, बैंक ऑफ महाराष्ट्र, एसबीआई द्वारा डीजीएफटी योजनाओं, कस्टम प्रक्रिया और एमएसएमई द्वारा ऋण योजनाओं पर जानकारी दी जाएगी, चूंकि कार्यशाला में डीजीएफटी आरए नागपुर द्वारा निर्यात आउटरीच कार्यक्रम का फोकस ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीकों से जिले के उत्पादों और सेवाओं की व्यापक और वैश्विक पहुच के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु जानकारी दिया जाना है। अतः इस संबंध में निर्यात में रूचि रखने वाले जिले में स्थापित समस्त औद्योगिक इकाईयों, कृषि उत्पादक संगठन एवं स्व-सहायता समूह एवं नागरिक इस कार्यक्रम में भाग लेकर अधिक जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### दावा आपत्ति हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की तिथि 12 फरवरी 2024

**दंतेवाड़ा।** जिला खनिज संस्थान न्यास जिला दंतेवाड़ा के आदेश 09 जनवरी 2024 के तहत जिला खनिज संस्थान निधि दंतेवाड़ा के रिक्त संविदा पद-विकास सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-03 एवं भृत्य की भर्ती हेतु प्रकाशित विज्ञापन के तारतम्य में प्राप्त आवेदन पत्रों की छानबीन कर विकास सहायक, लेखापाल, सहायक ग्रेड-03 एवं भृत्य के रिक्त पद हेतु पात्र अपात्र सूची का प्रकाशन किया जा रहा है। आवेदक अभ्यर्थी कार्यालय कलेक्टर दंतेवाड़ा एवं कार्यालय जिला पंचायत दंतेवाड़ा के सूचना पटल एवं जिला दन्तेवाड़ा के वेबसाईट में उक्त सूची का अवलोकन कर सकते हैं। स्पष्ट किया जाता है कि दावा आपत्ति का प्रकाशन केवल आवेदकों द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र एवं संलग्न दस्तावेजों के आधार पर आवेदन पत्र की पात्रता निरस्त करने एवं न्यूनतम अर्हता के प्राप्तांक के संबंध में आवेदक को अपना पक्ष रखे जाने का अवसर देने हेतु किया गया है। दावा आपत्ति के माध्यम से आवेदन पत्र में कोई सुधार संशोधन एवं अतिरिक्त दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जायेंगे। दावा आपत्ति के प्रकाशन का तात्पर्य आवेदन पत्रों में सुधार का अवसर प्रदान करना कदापि नहीं हैं।

# महतारी वंदन योजना के लिए आवेदनों का पंजीयन प्रारंभ

## संयुक्त परिवार की सभी पात्र महिलाओं को भी मिलेगा महतारी वंदन योजना का लाभ : जिला कार्यक्रम अधिकारी

समवेत शिखर संवाददाता



**कोण्डागांव।** महतारी वंदन योजना के तहत आवेदनों का पंजीयन जिले में आज से प्रारंभ हो गया है। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशानुसार पंचायत और महिला एवं बाल विकास विभाग के समन्वय से सभी पंचायतों में घर-घर सर्वे कर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा महतारी वंदन योजना हेतु फार्म भरवाने का कार्य किया जा रहा है। इस संबंध में महिला बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी अवनी कुमार बिस्वाल ने बताया कि महतारी वंदन योजना को लेकर गांव की महिलाओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है। सभी पंचायतों में आवेदन पत्र प्राप्ति हेतु विशेष शिविर संचालित किये जा रहे है। इसके साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं मैदानी अमलों के माध्यम से घर-घर सर्वे कर ऑफलाइन आवेदन भी भरे जा रहे है। सभी आवेदनों को ऑनलाइन पंजीयन करने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनायी गयी है। योजना के तहत आवेदनों हेतु पंचायतों को फार्म उपलब्ध करा दिए गए है।

इस योजना के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य की स्थानीय निवासी एवं विवाहित महिला पात्र होंगी। इसके तहत संयुक्त परिवार एवं एकल परिवार की सभी पात्र महिलाओं को योजना का लाभ प्रदान किया जायेगा। आवेदन के कैलेण्डर वर्ष अर्थात् जिस वर्ष आवेदन किया जा रहा है, उस वर्ष की 01 जनवरी को विवाहित महिला की आयु 21 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता महिला भी योजना के लिए पात्र है। योजना अंतर्गत पात्र महिला को प्रतिमाह 1000 रुपए का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया जाएगा। सामाजिक सहायता कार्यक्रम, विभिन्न पेंशन योजनाओं से पेंशन प्राप्त करने वाली महिलाओं को 1000 रुपए से कम पेंशन राशि प्राप्त होने से शेष अंतर की राशि का भुगतान किया जाएगा।

महतारी वंदन योजना अंतर्गत 05 फरवरी से ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन का पंजीयन प्रारंभ हो गया है। आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 20 फरवरी है। अनंतिम सूची 21 फरवरी को जारी की जाएगी। अनंतिम सूची पर आपत्ति 21 से 25 फरवरी तक की जा सकती है। आपत्ति का निराकरण 26 से 29 फरवरी तक किया जाएगा।

अंतिम सूची का प्रकाशन 01 मार्च को होगा एवं स्वीकृति पत्र 05 मार्च को जारी होगा तथा पात्र महिला हितग्राही को राशि का अंतरण 8 मार्च को किया जाएगा। महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए स्व सत्यापित स्वयं की पासपोर्ट साईज फोटो, स्थानीय निवासी के संबंध में निवास प्रमाण पत्र या राशन कार्ड या मतदाता पहचान पत्र दस्तावेज, स्वयं का एवं पति का आधार कार्ड, यदि हो तो स्वयं का एवं पति का पैन कार्ड, विवाह का प्रमाण पत्र, ग्राम पंचायत एवं स्थानीय निकायों द्वारा जारी किया गया प्रमाण पत्र की आवश्यकता होगी। विधवा होने की स्थिति में पति का मृत्यु प्रमाण पत्र, परित्यक्ता होने की स्थिति में समाज द्वारा जारी, वार्ड, ग्राम पंचायत द्वारा जारी प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। जन्म प्रमाण पत्र कक्षा 10वीं या 12वीं की अंकसूची या स्थानांतरण प्रमाण पत्र, पैन कार्ड, मतदाता परिचय पत्र, ड्राइविंग लाइसेंस से कोई एक प्रस्तुत करना होगा। पात्र हितग्राही का बैंक खाते का विवरण एवं बैंक पासबुक की छायाप्रति तथा स्व-घोषणा पत्र, शपथ पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# मुख्यमंत्री ने दिया परीक्षा में सफलता का मंत्र



समवेत शिखर संवाददाता

**नारायणपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रामकृष्ण मिशन आश्रम के आडिटोरियम में विवेकानंद विद्यापीठ और शारदा विद्यापीठ में अध्ययनरत बच्चों को परीक्षा में सफलता का मंत्र दिया। नारायणपुर पहुंचे मुख्यमंत्री ने परीक्षा की अच्छी तरह तैयारी करने के साथ ही परीक्षा के दिन तनावमुक्त होकर रहने की सलाह दी। उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के द्वारा बच्चों से परीक्षा पर चर्चा का उल्लेख करते हुए कहा कि बच्चे परीक्षा के दिन पूरी तरह शांतचित्त होकर परीक्षा हाल में पहुंचें और किसी भी प्रकार का तनाव न लें।

परीक्षा के समय प्रश्नों को भली-भांति पढ़ और समझ लें और सबसे सरल प्रश्नों के उत्तर को सबसे पहले हल करें। उन्होंने परीक्षा के पूर्व पढ़ने के साथ ही लिखने का अधिक से अधिक अभ्यास करने को कहा, जिससे परीक्षा के दौरान लिखने की गति अच्छी रहे। मुख्यमंत्री श्री साय ने इन बच्चों से कहा कि यहां पर उच्च शिक्षा की समुचित सुविधा के लिए अब कॉलेज भी खोल रहे हैं। जिससे बच्चों ने तालियों की करतल ध्वनि के साथ मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया।

# महिलाओं में महतारी वंदन योजना को लेकर दिखा जबरदस्त उत्साह



**दंतेवाड़ा।** राज्य शासन द्वारा महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिले में महतारी वंदन योजना 1 मार्च से लागू की जावेगी। जिले में आज से महतारी वंदन योजना फॉर्म ग्राम पंचायत, आंगनबाड़ी केंद्र, वार्ड पार्षद कार्यालय, च्वाइस सेंटर से प्राप्त और जमा कर सकते हैं ऑनलाइन फॉर्म और ऑफलाइन पंजीयन दोनों माध्यम से शुरू हो गया है। महिलाओं में योजना को लेकर जबरदस्त उत्साह दिख रहा है और फॉर्म भर रहे हैं। जिसमें दन्तेवाड़ा में 325 गीदम में 1389 कटेकल्याण 71, व कुआकोण्डा विकासखंड में 664 महतारी वंदन योजना के तहत ऑफलाइन फॉर्म भरे गए। जिले के समस्त विकासखंड के परियोजना के पहले दिन ऑफलाइन के माध्यम से कुल 2449 महतारी वंदन फॉर्म भरे गए। 8 मार्च को आएगी पहली किस्त दरअसल, महतारी वंदन योजना के लिए 5 फरवरी से ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीयन शुरू हो चुका है. आवेदन प्राप्त करने की अंतिम 20 फरवरी 2024 हैं. अंतिम सूची 21 फरवरी 2024 को जारी की जाएगी और सरकार राज्य की हर विवाहित महिला को हर साल 12,000 रुपए की वित्तीय मदद दे रही है।

# अवैध रूप से अंग्रेजी शराब बिक्री, आरोपी के कब्जे से 10.100 लीटर शराब एवं एक मोटर साइकिल बरामद

समवेत शिखर संवाददाता



**जगदलपुर।** पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह के निर्देशन में बस्तर पुलिस के द्वारा आपराधिक तत्वों के विरूद्ध लगातार कार्यवाही किया जा रहा है। जिस तारतम्य में अवैध शराब बिक्री पर बस्तर पुलिस को कार्यवाही करने में सफलता मिली है।

ज्ञात हो कि सूचना प्राप्त हुआ था कि समुंद चैक के पास एक व्यक्ति जो अपने मोटर सायकल में अवैध शराब रखकर बिक्री हेतु परिवहन कर रहा है। कि सूचना पर पुलिस अधीक्षक श्री शशिमोहन सिंह, अति. पुलिस अधीक्षक श्री माहेश्वर नाग के मार्गदर्शन एवं नगर पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी कोतवाली लीलाधर राठौर के नेतृत्व में टीम गठित कर, कार्यवाही हेतु रवाना किया गया था। उक्त टीम के द्वारा समुंद चैक के पास एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान कर, घेराबंदी कर पकड़ कर पुछताछ किया गया। उक्त व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम शिवशंकर बिसाई निवासी राजनगर पुजारीपारा थाना बकावण्ड का होना बताया। जिसके कब्जे से एक सफेद रंग के थैला के अंदर अवैध अंग्रेजी गोवा स्पेशल व्हीसकी 20 नग प्रत्येक में 180 एम0एल0 कीमती 2600 रूपये, व 05 नग सिमगा बियर प्रत्येक में 650 एम0एल0 कीमती 1100 रूपये एवं 05 नग हंटर कंपनी का बियर प्रत्येक में 650 एम0एल0 कीमती 1100 रूपये जुमला शराब मात्रा 10.100 बल्क लीटर, कुल कीमती-4800/-रूपये एवं एक लाल रंग का हिरो पैशन प्रो मोटर सायकल बिना नंबरी को आरोपी से बरामद कर, जप्त किया गया है। आरोपी के विरूद्ध थाना कोतवाली जगदलपुर में धारा 34 (2) आबकारी एक्ट का अपराध पंजीबद्ध कर, कार्यवाही किया गया है।

## खेल-व्यापार-मनोरंजन

# भारत 21 फरवरी से फुटबॉल टूर्नामेंट में भाग लेगा



**नई दिल्ली।** भारतीय सीनियर महिला टीम 21 से 27 फरवरी तक अलान्या में तुर्की महिला कप में भाग लेगी। भारत के अलावा एस्टोनिया, कोसोवो और हांगकांग की टीमें राउंड-रॉबिन प्रारूप में आयोजित किये जाने वाले इस टूर्नामेंट का हिस्सा है। टूर्नामेंट में प्रत्येक टीम एक-दूसरे से एक बार भिड़ेगी और राउंड-रॉबिन चरण के अंत में तालिका में शीर्ष पर रहने वाली टीम को विजेता घोषित किया जायेगा। भारत अपने अभियान का आगाज 21 फरवरी को एस्टोनिया के खिलाफ करेगा। टीम इसके बाद हांगकांग (24 फरवरी) और कोसोवो (27 फरवरी) से भिड़ेगी।

भारत तीसरी बार तुर्की महिला कप (2019 और 2021 के बाद) में भाग लेगा जो फीफा महिला अंतरराष्ट्रीय विंडो के दौरान आयोजित किया जा रहा है। भारत की नयी मुख्य कोच लैंगम चाओबा देवी की देखरेख में 10 फरवरी से भुवनेश्वर में टीम का एक सप्ताह का शिविर लगेगा।

# भारत ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में दी मात सीरीज को 1-1 से किया बराबर



**नई दिल्ली।** भारत बनाम इंग्लैंड के बीच विशाखापट्टनम में पांच मैचों की टेस्ट सीरीज का दूसरा मुकाबला खेला गया। इस मुकाबले में मेजबान भारतीय टीम ने जीत हासिल की और सीरीज को 1-1 से बराबर कर दिया है। जहां सीरीज का पहला मैच इंग्लैंड ने जीता था वहीं भारत ने दूसरा मुकाबला जीतकर अपना हिसाब बराबर कर दिया है। इस दौरान भारत ने इंग्लैंड को 106 रनों से मात दी है।

वहीं मैच का नतीजा चौथे दिन दूसरे स्थान के आखिर में निकला। इंग्लैंड की टीम ने चौथे दिन 399 रनों के जवाब में 67/1 से आगे खेलना शुरू किया। मेहमान टीम 292 रन बनाकर ढेर हो गई और मैच 106 रनों से हार गई। पूरे दिन मैच रोमांचक रहा, लेकिन जो रूट और बेन स्टोक्स का विकेट मैच का टर्निंग पॉइंट साबित हुआ। जैक क्रॉली ने भारतीय गेंदबाजों को परेशान किया, लेकिन उनको कुलदीप यादव ने LBW आउट किया। क्राली के अलावा कोई अन्य बल्लेबाज इंग्लैंड का अर्धशतक भी इस पारी में नहीं जड़ पाया। इस तरह बैजबॉल फेल हो गई। अब तीसरा मुकाबला राजकोट में खेला जाएगा। आर अश्विन और जसप्रीत बुमराह ने इस पारी में तीन-तीन विकेट निकाले, जबकि एक-एक सफलता इस पारी में अक्षर पटेल और कुलदीप यादव को मिसी। दोहरा शतक पहली पारी में यशस्वी जायसवाल ने जड़ा था और शतक दूसरी पारी में शुभमन गिल के बल्लेबाज से निकला था।

### इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में रौंदकर भारत को मिला डब्लूटीसी पॉइंट्स टेबल में फायदा

भारतीय टीम ने इंग्लैंड को दूसरे टेस्ट में 106 रनों से रौंदकर ना सिर्फ सीरीज में वापसी की है। बल्कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप पॉइंट्स में भी लंबी छलांग लगी है। 5 मैच की इस टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला हारने के बाद भारत डब्ल्यूटीसी पॉइंट्स टेबल में 5वें पायदान पर खिसक गया था। टीम इंडिया के नाम विशाखापट्टनम टेस्ट से पहले 43.33 प्रतिशत अंक ही रह गए थे, लेकिन दूसरा टेस्ट जीतने के बाद भारत ने तीन पायदान की छलांग लगाई है और अब टीम दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। भारत के खाते में अब 52.78 प्रतिशत अंक है। 5 मैच की ये टेस्ट सीरीज अब 1-1 की बराबरी पर है। सीरीज का तीसरा मुकाबला 15 फरवरी से राजकोट में खेला जाना है। वहीं बेन स्टोक्स की अगुवाई वाली इंग्लैंड की टीम को पायदान को लेकर तो कोई नुकसान नहीं हुआ, लेकिन उनके प्रतिशत अंक जरूर कम हुए हैं।

### रणदीप हुडा की स्वातंत्र्य वीर सावरकर बायोपिकः ए सिनेमाई ट्रिब्यूट टू इंडियाज़ अनसंग हीरो 22 मार्च को रिलीज़ होगी

**मुंबई।** रणदीप हुडा की आगामी निर्देशित पहली फिल्म, स्वातंत्र्य वीर सावरकर, एक नायक के पुनरुत्थान की शुरुआत करती है, जो भारत की स्वतंत्रता की लड़ाई में एक अदम्य व्यक्ति है। फिल्म एक सम्मोहक यात्रा की शुरुआत करती है, जो एक दूरदर्शी और तेजतर्रार स्वातंत्र्य वीर सावरकर की पौराणिक लेकिन उपेक्षित कहानी को जीवंत करती है। इस प्रतिष्ठित स्वतंत्रता सेनानी के सार और उत्साह को दर्शाने में उनकी बहुमुखी प्रतिभा और समर्पण का एक प्रमाण, रणदीप का चित्रण एक टूर डी फ़ोर्स होने का वादा करता है। चरित्र चित्रण के प्रति अपने समर्पण के लिए जाने जाने वाले, रणदीप हुडा का स्वातंत्र्य वीर सावरकर का चित्रण एक मंत्रमुग्ध कर देने वाली और विचारोत्तेजक कहानी बनने के लिए तैयार है, जो इतिहास के पर्दों से ढके एक व्यक्ति के धैर्य, जुनून और जटिलता पर प्रकाश डालता है। स्वातंत्र्य वीर सावरकर÷ एक ऐतिहासिक व्यक्ति के जीवन का वर्णन करने से कहीं अधिक करता है; यह यथास्थिति को चुनौती देता है, जो कि एक महत्वपूर्ण लेकिन अक्सर नजरअंदाज कर दी गई चमकदार शख्सियत के पुनर्मूल्यांकन का संकेत देता है, जिसमें रणदीप हुडा का सूक्ष्म निर्देशन है। श्री सावरकर के साथ कालापानी में लगभग दो साल बिताने के बाद, आखिरकार उनके लिए आज़ादी की ओर कदम बढ़ाने का समय आ गया है। यह यात्रा कठिन रही है, लेकिन इसने मुझे एक अभिनेता के रूप में खुद से आगे बढ़कर एक फिल्म निर्माता बनने और बहुत कुछ करने के लिए प्रेरित किया है। अब समय आ गया है कि देश को हमारे स्वतंत्रता संग्राम में सशस्त्र क्रांति के योगदान के बारे में पता चले।



### योद्धा, राजनयिक, और सबसे पसंदीदा रानी; श्रीमद रामायण की एक्टर शिल्पा सकलानी कहती हैं, कैकेयी सिर्फ एक नकारात्मक किरदार होने के अलावा भी बहुत कुछ है



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की महाकाव्य गाथा, श्रीमद रामायण, भगवान राम के जीवन और शिक्षाओं का वर्णन करती है, जो इस कालजयी कथा को दर्शकों के दिल और दिमाग में वापस लाती है। वर्तमान कथा में, माता सीता और भगवान राम मिथिला में एक पवित्र प्रतिज्ञा लेते हैं लेकिन अयोध्या में उन्हें जल्द ही इच्छाओं और असुरक्षाओं के एक जटिल जाल द्वारा परखा जाएगा। रानी कैकेयी, जो अपनी सुंदरता, बुद्धिमत्ता और राजनीतिक कौशल के लिए जानी जाती हैं, इस गाथा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। राजा दशरथ के प्रति उनकी प्रारंभिक भक्ति जल्द ही मंथरा द्वारा भड़काई गई असुरक्षा के कारण खत्म हो जाएगी, जिससे भगवान राम के साथ उनके रिश्ते में उथल-पुथल मच जाएगी। जब मंथरा कैकेयी को याद दिलाती है कि भगवान राम का राज्याभिषेक भरत के साथ अन्याय है, जिन्हें अपनी योग्यता साबित करने का मौका भी नहीं दिया गया, तो कैकेयी एक कठोर कदम उठाती है, और भरत को अयोध्या का राजा बनाने और भगवान राम को 14 साल के लिए वनवास की मांग करती है, जिससे दशरथ को अपना वचन निभाने के लिए उसे दो वरदान देने पर मजबूर होना पड़ता है।

# मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स और क्यूएआई ने 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन क्वॉलिटी एंड पेशेंट सेफ्टी इन स्ट्रोक केयर स्थापित करने के लिए साझेदारी की



**अहमदाबाद (ए)।** मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स और क्वालिटी एवं एक्रिडिटेशन इंस्टीट्यूट ने अहमदाबाद के मैरिंगो सिम्स अस्पताल में अत्याधुनिक 'सेंटर ऑफ़ एक्सीलेंस इन क्वॉलिटी एंड पेशेंट सेफ्टी इन स्ट्रोक केयर' स्थापित करने के लिए हाथ मिलाया है। इस साझेदारी का उद्देश्य स्ट्रोक देखभाल उपचार को बढ़ाना है, साथ ही अहमदाबाद एवं गुजरात राज्य मे स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित करेगा।

इस साझेदारी के लिए मेमोरेंडम ऑफ़ अंडरस्टैंडिंग (स्वह्र) मैरिंगो एशिया हॉस्पिटल्स के मेनेजिंग डायरेक्टर और ग्रुप ष्टश्वह्र डॉ. राजीव सिंघल और क्वॉलिटी एवं एक्रिडिटेशन इंस्टीट्यूट के चीफ एक्सिक्यूटिव ऑफिसर डॉ. बी के राणा द्वारा किया गया था । क्यूएआई की स्थापना एक शैक्षिक, ट्रेनिंग, गुणवत्ता सुधार और मान्यता/प्रमाणीकरण को स्थापित करने के लिए की गई थी, जिसमें गुणवत्ता के किसी भी पहलू में शामिल प्रोफेशनल्स और ऑर्गेनाइज़ेशन के स्टेक होल्डर्स के लिए अपनी विशेषज्ञता और ज्ञान साझा करने के लिए एक मंच तैयार करना था। क्यूएआई के भीतर कार्यक्षेत्रों में सेंटर फॉर एक्रिडिटेशन ऑफ़ हेल्थ एन्ड सोशल केयर है, जो स्वास्थ्य और सामाजिक देखभाल के क्षेत्र में मान्यता/प्रमाणन गतिविधियों की देखरेख करता है। एमओयू का प्राथमिक लक्ष्य छोटे अस्पतालों को जोड़कर प्रायमरी स्ट्रोक केंद्रों का एक नेटवर्क स्थापित करना है। इस पहल में नर्सिंग होम और क्लीनिकों के साथ साझेदारी कर उन्हें लाभान्वित करना, उन्हें मैरिंगो सिम्स अस्पताल और क्यूएआई से जुड़े प्राइमरी स्ट्रोक देखभाल प्रबंधन के लिए स्थानीय केंद्र के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए यह प्रोग्राम में शामिल करना है।

# एचडीएफसी स्काई से जनवरी 2024 में 1 लाख से ज्यादा ग्राहक जुड़े

HDFC BANK

**नई दिल्ली।** अग्रणी इन्वेस्टमेंट सर्विसेज प्रदाता, एचडीएफसी सिक्योरिटीज के फ्लैट प्राइसिंग इक्विटी ब्रोकिंग ऐप ने घोषणा करके बताया कि इससे जनवरी 2024 में 1 लाख से अधिक ग्राहक जुड़े चुके हैं। सितंबर 2023 में लॉन्च हुए इस फ्लैट प्राइस ब्रोकिंग ऐप के पास वर्तमान में 3 लाख से अधिक ग्राहक हैं। एचडीएफसी स्काई निवेश की हर जरूरत - इक्विटी, म्यूचल फंड, ग्लोबल इन्वेस्टिंग आदि के लिए वन-स्टॉप-शॉप प्लेटफॉर्म है भारतीय बाजारों में पिछले 4 सालों में बेहतरीन रिटर्न्स मिले हैं। इक्विटी जैसे शानदार रिटर्न हर एसेट वर्ग में नहीं मिलते। अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के लिए 10.5प्रतिशत जीडीपी वृद्धि दर और 5.1प्रतिशत के राजकोषीय घाटे का अनुमान है। यह व्यापक वृद्धि के लिए अच्छा संकेत है। भारत में रिटेल, एचएनआई या एफआईआई के लिए निवेश का उपयुक्त माहौल है। इस उपलब्धि के बारे में एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मैनेजिंग डायरेक्टर और चीफएक्जीक्यूटिव ऑफिसर श्री धीरज रेली ने कहा एचडीएफसी सिक्योरिटीज में हम अपने ग्राहकों को निवेश एवं संपत्ति निर्माण में मदद करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम अपनी अनुभवी टीम एवं अत्याधुनिक शोध के साथ निवेश के लिए एक सुगम व प्रभावशाली मंच पेश कर रहे हैं। अपनी इस उपलब्धि से हम उत्साहित हैं। यह एचडीएफसी ब्रांड में ग्राहकों का विश्वास प्रदर्शित करती है।

►► न्यूज ब्रीफ

## जिला की प्रभारी मंत्री लक्ष्मी से मिले भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव



**सक्ती।** आज भाजपा जिला कोषाध्यक्ष राम नरेश सिंह यादव ने भाजपा प्रदेश कार्यालय रायपुर में छत्तीसगढ़ सरकार की मंत्री एवं सक्ती जिला प्रभारी मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े से प्रभारी मंत्री बनने पर प्रदेश भाजपा कार्यालय रायपुर में उनसे मुलाकात कर बधाई देते हुए सक्ती जिला आने का निमंत्रण भी दिया तथा सक्ती ज़िले के विकास कार्यों पर लम्बी चर्चा हुई। उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष कृष्ण कांत चन्द्रा ने भी उनसे चर्चा की एवं सक्ती आने का निमंत्रण भी दिया उन्होंने अतिशीघ्र सक्ती जिला आने की बात कही।

## आगामी लोस निर्वाचन 2024 हेतु अधिकारियो कर्मचारियों का एफएलसी प्रशिक्षण हुआ आयोजित

**सक्ती।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रायपुर द्वारा वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से ईवीएम एफएलसी प्रशिक्षण आयोजित हुआ, जिसमें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और उप जिला निर्वाचन अधिकारी बालेश्वर राम, समस्त संबंधित मास्टर ट्रेनर, समस्त तहसीलदार, एनआईसी प्रभारी सैफ खान एवम जिला निर्वाचन कार्यालय के समस्त अधिकारी कर्मचारीगण शामिल हुए। इसके साथ ही लोकसभा निर्वाचन से संबंधित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, एफएलसी कार्य के संबंध में जनप्रतिनिधियों की बैठक ली गई।



# अब हमें जीत की हैट्रिक लगाते हुए लगातार तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है





समवेत शिखर संवाददाता

**जांजगीर।** तरौद चौक अकलतरा विधानसभा मे कार्यकर्ताओ ने जैसे ही अरूण साव जी का काफिला पहुंचा जोरदार जय श्रीराम के नारे व माला पहनाकर उनका भव्य स्वागत पूर्व विधायक सौरभ सिंह के नेतृत्व मे किया गया।

तत्पश्चात बनारी चौक मे स्वागत के पश्चात जांजगीर नगर के नेताजी चौक कचहरी चौक मे भव्य स्वागत किया गया उसके बाद उप-मुख्यमंत्री अरूण साव जी जिला अधिवक्ता संघ जांजगीर के शपथ ग्रहण समारोह मे शामिल होकर पदाधिकारीयो को पद व गोपनीयता की शपथ दिलवाई उसके पश्चात जांजगीर चाम्पा जिला भाजपा कार्यालय मे पुरे जिले के हजारो कार्यकर्ताओ ने अरूण साव जी का आत्मीय स्वागत किया उप-मुख्यमंत्री जी ने कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा कि अब हमे जीत की हैट्रिक लगाते हुए लगातार तीसरी बार विश्व के सबसे बड़े नेता नरेंद्र मोदी जी को देश का प्रधानमंत्री बनाना है उन्होने इसके लिए कार्यकर्ताओ को अभी से तैयार रहने को कहा है उन्होने कहा कि चुनाव मे मोदी गारंटी को पूरा करते हुए विधानसभा चुनाव मे किए गए घोषणापत्र के वादो को भी हम पूरा करेंगे जो कैबिनेट बैठक मे भी पास कर लिए है उन्होने महतारी वंदन योजना पर भी बोलते हुए कहा कि हम सभी महिलाओ के खाते मे उनको किए गए वादे के अनुसार प्रतिमाह एक हजार रू डालेंगे अयोध्या मे श्रीराम लला का मंदिर बनने के पश्चात अब देश मे राम राज्य भी स्थापित होने की ओर पूणतः अग्रसर है कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल सासंद गुहाराम अजगले जिलाध्यक्ष गुलाब चंदेल सोशल मीडीया प्रदेश प्रभारी प्रशांत सिंह ठाकुर पूर्व विधायक सौरभ सिंह अमबेश जांगडे खिलावन साहु कार्तिकेशवर स्वणकार प्रदीप शराफ जिला महामंत्री पुरूषोत्तम शर्मा यशवंत साहु जिला उपाध्यक्ष अमर सुलतानिया विवेका गोपाल चंद्रकांत तिवारी नंद चौधरी संतोष अग्रवाल अनुराग तिवारी जिला मंत्री अभिमन्यु राठौर गुरूदयाल पाटले रमेश वैष्णव मंडल अध्यक्ष आशुतोष गोस्वामी गणेश श्रीवास भुवनेश्वर साहु जगदीश कश्यप महिला मोर्चा पदाधिकारी नंदनी रजवाडे संतोषी दुबे मधु राठौर पूजा राठौर प्रेमलता कौशिक उर्मिला निर्मलकर रजनी साहु उमा सोनी शेखर चंदेल पंकज अग्रवाल चमन शिव सिंह मोहन यादव अजित गढ़ेवाल अमित यादव निरंजन कोसले समर्थ सिंह संतोष जबबल पार्षद विवेक सिंह हितेश यादव सुधीर झाझडिया उमेश राठौर राजू महंत मुकेश जायसवाल दिनेश राठौर शैल राठौर सोनु यादव अनिल शर्मा प्रदीप राठौर प्रदीप सोनी अजय कौशिक राजेश ढोसले रितेश अग्रवाल गोलु दुबे आशीष गोयल अंकित बसईवाल छबि कश्यप पलाश चंदेल प्रदीप राठौर चंद्रकांत रात्रे कुलदीप सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## खोखरा में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया

### तहसीलदार द्वारा प्रकरणो का त्वरित निराकरण किया गया

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत खोखरा में शासन द्वारा राजस्व शिविर का आयोजन की गई जिसका मूल उद्देश्य राजस्व न्यायालय में लंबित प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण राजस्व अभिलेखों में इंद्राज त्रुटियो में सुधार, नए प्रकरणों को दर्ज करना, नक्शे पर तरमीम, पीएम किसान का सेचुरेशन,आधार से ई केवाईसी खसरे की आधार से लिंकिंग आदि आमजन की राजस्व से संबंधित समस्याओं का निराकरण जांजगीर तहसीलदार बजरंग साहू द्वारा फौती, बटवारा, पर्ची, जाति निवास, डीएससी, फसल सुधार, किसान किताब सुधार त्वरित किया गया।

शिविर में राजस्व निरीक्षक हिमांशु भास्कर, पटवारी ज्योतिष सर्वे, सरपंच राधे थवाईत, सचिव गजानन साहू, कृष्ण प्रजापति, ग्राम कोटवार भगत, धनीराम एवं किसान उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आम जनता की समस्याएं

### जनदर्शन में प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को दिए निर्देश

### जनदर्शन में कुल 90 आवेदन हुए प्राप्त

समवेत शिखर संवाददाता



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर श्री आकाश छिकारा ने आज कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में सभी जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों की उपस्थिति में जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के विभिन्न दूरस्थ स्थानों से पहुंचे आम लोगों से बारी-बारी से मुलाकात कर पूरी गंभीरता से उनकी समस्याओं को सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। आज जनदर्शन में कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जनदर्शन में आज अकलतरा के राजीव कुमार खांडे राशन कार्ड के संबंध में, जांजगीर के हरप्रसाद बंजारे ग्राम रोझनडीह को नया ग्राम पंचायत बनाने, व्यास नारायण द्वारा मनरेगा से संबंधित, ग्राम चारपारा निवासी दशरथ सिंह द्वारा भूमि मुआवजा दिलाने आवेदन लेकर पहुंचे। जिस पर कलेक्टर ने उपस्थित सभी संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। इसी प्रकार जनदर्शन में अन्य विभिन्न आवेदकों द्वारा वन अधिकार पट्टा दिलाने, रोजगार प्रदाय, नामांतरण, भूमि सीमांकन, आर्थिक सहायता, प्रधानमंत्री आवास योजना, पीएम किसान सम्मान निधि, राशन कार्ड बनाने सहित कुल 90 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर ने प्राप्त सभी आवेदनों को पूरी गंभीरता से सुनते हुए सभी संबंधित विभागों को उचित कार्यवाही करते हुए प्राथमिकता के साथ समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिये हैं।

# श्री रामलला के दर्शन को रवाना



समवेत शिखर संवाददाता

**पत्थलगांव।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पत्थलगांव के स्वयंसेवक श्री रामलला के दर्शन के लिए अयोध्या के लिए हुए रवाना छत्तीसगढ़ प्रांत की योजना के अनुसार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सभी सक्रिय स्वयंसेवकों को अयोध्या में राम लला के दर्शन हेतु ले जाने की मुहिम चली है । जिसमें प्रांत के समस्त सक्रिय मुख्य दायित्व के कार्यकर्ताओं को यह सौभाग्य प्राप्त हो रहा है । पत्थलगांव में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का कार्य जोरों शोरों से चल रहा है । पत्थलगांव से कांसाबेल जिला के माननीय जिला संघचालक मुरारी लाल अग्रवाल जी , जिला व्यवस्था प्रमुख शंकर लाल अग्रवाल , नगर कार्यवाह पवन अग्रवाल , अज्भाज्विज्प के विभाग संयोजक गुलशन पांडे , विश्व हिंदू परिषद सरगुजा विभाग के विभाग संयोजक रितेश सोनी जी अयोध्या के लिए रवाना हुए हैं । इसी प्रकार समस्त प्रांत के स्वयंसेवक बंधु अयोध्या में रामलला के दर्शन के लिए रवाना हुए है। श्री राम लला को मंदिर में बैठाने के लिए समस्त देश के राम भक्तों के साथ-साथ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक एवं उनके अनुसांगिक संगठन का एक महत्वपूर्ण योगदान बना रहा था । कारसेवा में भी अधिकतर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया था ।

अतः श्री राम मंदिर अयोध्या के ट्रस्ट द्वारा विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ताओं को अयोध्या में रामलला के दर्शन हेतु आमंत्रित किया गया है । अयोध्या में राम लाल के दर्शन के पश्चात काशी विश्वनाथ के दर्शन की भी संभावना बनी हुई है , सभी स्वयंसेवकों में हर्षोल्लास का वातावरण बना हुआ है ।

# जनदर्शन में आए आवेदन का कलेक्टर ने किया त्वरित निराकरण

### दिव्यांग किशोर को स्वीकृत किया गया दिव्यांग पेंशन

समवेत शिखर संवाददाता

**सक्ती।** कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी श्रीमती नूपुर राशि पन्ना द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से जिले के दूरदराज के गांवों से आये विभिन्न लोगों की समस्याएं प्रत्येक मंगलवार को जनदर्शन के माध्यम से सुनी जा रही है। वही विगत जनदर्शन में आए जैजैपुर जनपद पंचायत क्षेत्र अन्तर्गत आने वाले ग्राम तुमीडीह निवासी किशोर कुमार टंडन पिता मनहरण लाल टंडन ने दिव्यांग पेंशन दिलवाने के संबंध में आवेदन लेकर जनदर्शन में पहुंचे हुए थे।

जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारी सुरेश कुमार भारती को नियमानुसार त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये थे। जिस पर समाज कल्याण विभाग के अधिकारी सुरेश भारती द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए सम्बंधित





ग्राम पंचायत सचिव सुश्री संतरा सिदार से सम्पर्क कर जांच के निर्देश दिए। ग्राम पंचायत बरदुली सचिव सुश्री संतरा सिदार के द्वारा आवेदक किशोर कुमार टंडन के घर तुमीडीह पहुंचकर जांच किया गया एवं ग्रामवासियों से जानकारी लिया गया तो उनका दिव्यांग पेंशन हेतु पात्र होना सही पाया गया। जिसके पश्चात् ग्राम पंचायत सचिव ने पंचनामा तैयार कर हितग्राही का दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कर निर्धारित प्रपत्र में आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जैजैपुर को प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद समाज कल्याण विभाग के अधिकारी द्वारा 02 फरवरी 2024 को नियमानुसार हितग्राही को दिव्यांग पेंशन स्वीकृत कराया गया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारी ने बताया की अब से हितग्राही किशोर कुमार टंडन को प्रति माह 500 रुपए का भुगतान किया जायेगा। जिस पर दिव्यांग किशोर कुमार टंडन ने कलेक्टर, समाज कल्याण अधिकारी और सचिव को धन्यवाद ज्ञापित किया है ।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारी से प्राप्त जानकारी अनुसार आवेदक किशोर कुमार टंडन, तीन वर्ष पहले दुर्घटनावश दिव्यांग हो गए। जिसके कारण उनका दाया हाथ 40त्न नही चल रहा है जिस वजह से अपना जीवन यापन करने में असमर्थ है। जिसके कारण उन्होंने स्वयं उपस्थित होकर जनदर्शन में जिला कलेक्टर को दिव्यांग पेंशन हेतु आवेदन दिया था। ज्ञात हो कि आमजनों की समस्याओं का प्राथमिकता के साथ तथा शीघ्र निराकरण करने के उद्देश्य से कलेक्ट्रेट कार्यालय में जिला स्तरीय जनदर्शन का आयोजन प्रत्येक मंगलवार को आयोजित किया जा रहा है।

## सीईओ पद पर भाजपा की शांति भगत ने कांग्रेस के पूर्व विधायक की बेटी को किया चित्त

समवेत शिखर संवाददाता



**पत्थलगांव।** ज्ञात हो कि पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रायमुनी भगत के विधायक बनने के बाद जिला पंचायत अध्यक्ष के पद से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को अध्यक्ष पद हेतु निर्वाचन प्रक्रिया जिला प्रशासन के द्वारा पूर्ण कराया गया। जिला पंचायत जशपुर के सभागार में हुवे निर्वाचन प्रक्रिया में भाजपा खेमे से मनोरा डीडीसी श्रीमती शांति भगत ने नामांकन दाखिल किया जबकि कांग्रेस खेमे से डीडीसी श्रीमती आरती सिंह ने नामांकन दाखिल किया जिसके बाद हुवे नामांकन प्रक्रिया में 9 वोट श्रीमती शांति भगत को मिला जबकि 4 मत श्रीमती आरती सिंह को प्राप्त हुवे इस प्रकार श्रीमती शांति भगत 13 वोट के मुकाबले 5 वोट से जीतकर जिला पंचायत अध्यक्ष बनी।भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता,जिला महामंत्री भरत सिंह ने नवनिर्वाचित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत सहित अन्य सभी जिला पन्यत सदस्यों को बधाई देते हुवे कहा कि भाजपा के शासन काल में विकास की गति अब दोगुनी होगी।जिला में सभी मूलभूत सुविधाओं को ध्यान में रख कर जनहित के सभी कार्य होंगे। भाजपा के डबल इंजन की सरकार विकास कार्यों को करने संकल्पबद्ध है।

जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शांति भगत ने कहा कि मुझे जो दायित्व मिला है उसका निर्वाहन पूरी ईमानदारी से करूंगी। यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के योजनाओं को जन जन तक पहुंचा पार्टी को भी मजबूत करेंगे और आगामी जिला पंचायत चुनाव में भी पूर्ण बहुत की सरकार बनायेंगे। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील गुप्ता,महामंत्री भरत सिंह,पूर्व जिलाध्यक्ष सुरेश राम भगत,भाजयुमो जिलाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जुदेव,पूर्व नपा अध्यक्ष श्रीमती रजनी प्रधान,नितिन राय,रूपेश सोनी,विजय सहाय,श्रीमती शारदा प्रधान,पप्पू ओझा,संतोष सिंह,विकास सोनी,फैजान सरवर खान,राजेश सिंहा,अरविंद भगत,शरद चौरसिया,राहुल गुप्ता, दीपू मिश्रा,नीतू गुप्ता सहित भारी संख्या में भाजपा नेता और कार्यकर्ता भी जिला पंचायत के सामने मौजूद रहे।

# ज्ञानकुंज पब्लिक स्कूल असौंदा में वार्षिकोत्सव आयोजित

### बच्चे लक्ष्य सुनिश्चित कर उसे हासिल करने के लिए शिद्दत से प्रयास करें सफलता अवश्य मिलेगी : चितरंजय पटेल

समवेत शिखर संवाददाता



**सक्ती।** ज्ञानकुंज पब्लिक स्कूल, असौंदा में आज वार्षिकोत्सव 2024 का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों के द्वारा भारत माता एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मंचासीन अभ्यागतों में छत्तीसगढ़ अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल, मुख्य अभ्यागत पुरषोत्तम गबेल, पुष्पांजलि (ज्ञानदायिनी जरवे), अजीत चौहान (शारदा पब्लिक स्कूल), बी डी प्रधान (पलाडी), खिलावन साहू (वृंदा पब्लिक स्कूल) के साथ ही अंचल के उपस्थित जनप्रतिनिधि वीरेंद्र राठौर, देवानंद चंद्रा, वंदना हेमंत सिंह, लीलाधर प्रसाद जायसवाल, जागेश्वर सिंह राज, राम साय साहू, बसंत गबेल आदि सरपंच बंधुओं के साथ नंद किशोर यादव, जयानंद, नंद कुमार सीदार, ताराचंद पटेल ने बच्चों के प्रदर्शन की तारीफ करते हुए कहा कि आज का आयोजन से ही विद्यालय परिवार का प्रयास साफनजर आ रहा है जिसके लिए विद्यालय परिवार के लोग बधाई के पात्र हैं ।

इन पलों में अशासकीय विद्यालय प्रबंधक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं उच्च न्यायालय अधिवक्ता चितरंजय पटेल ने विद्यालय परिवार के साथ ही उपस्थित पालकों से आग्रह किया कि परस्पर समन्वय से बच्चो को संस्कारवान बनाने प्रयास हो तभी परिवार, समाज और राष्ट्र, सुखी एवं समृद्धिशाली बने तो वहीं अभ्यागत पुरषोत्तम गबेल ने आग्रह किया कि विद्यालय परिवार और अभिभावकों मिलकर बच्चों के उज्जवल भविष्य के लिए प्रयास करें।

इन पलों में संचालक विनोद साहू ने स्वागत भाषण करते हुए अभ्यागतों का अभिनंदन किया तो वहीं संचालक दुलीचंद साहू ने मंच संचालन करते हुए व्यक्त किया कि अभिभावकों के साथ परस्पर सहयोग से ही विद्यालय विकास पथ पर अग्रसर है।

आज सैकड़ों दर्शकों की भारी मौजूदगी में बच्चों ने एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुति दी जिसे देखकर दर्शकों के साथ पालक और अभ्यागत खुशी से गदगद नजर आ रहे थे।

आयोजन को सफल बनाने में संचालन समिति के साथ विद्यालय परिवार के शिक्षक राम रजक, सुनीता लहरे, राधा केंवट, नेहा राठौर, प्रिया महंत, भामा जायसवाल, फुलेश्वरी, अंजुलता साहू एवं पालकों की सामूहिक एवं सक्रिय सहभागिता रही।

# संस्कार स्कूल में हुआ सीबीएसई टीचर्स ट्रेनिंग का समापन

### 50 से अधिक शिक्षकों ने की भागीदारी

समवेत शिखर संवाददाता

**रायगढ़।** जिले की प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्था संस्कार पब्लिक स्कूल में सीबीएसई के आगंतुक विद्वानों ने नई शिक्षानीति पर आधारित टीचर्स ट्रेनिंग ली। संस्था की प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने बताया कि सीबीएसई के द्वारा बच्चों को कैसे पढ़ाया जाए, किस तरीके से योजना बनाई जाए, किन-किन तकनीक का इस्तेमाल शिक्षा देने में किया जाए जिसके चलते विद्यार्थियों को अधिकतम लाभ हो और उनका कैरियर ऊंचाई पर पहुंच सके। इस प्रशिक्षण के दौरान अनेक प्रयोगिक एक्टीविटी भी करवाई गई। जिसके चलते शिक्षकों में उत्साह का माहौल रहा। विशेष बात यह थी कि इसमें संस्कार पब्लिक स्कूल के शिक्षकों के साथ-साथ दिगर स्कूल के शिक्षक भी शामिल रहे। सीबीएसई से आए हुए प्रशिक्षक गोविंद दास एवं दिलीप मिश्रा ने अपने अनुभव के साथ नई शिक्षानीति पर आधारित प्रशिक्षण दिया। जिसका लाभ सभी शिक्षकों को प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्या श्रीमती रश्मि शर्मा ने प्रशिक्षण के बारे में जानकारी दी। अंत में आभार प्रदर्शन शिक्षिका रत्नेश मेहरा द्वारा दिया गया।



**योजनाबद्ध कार्य की महत्ता जीवनभर : रामचन्द्र**

इस प्रशिक्षण के दौरान संस्कार पब्लिक स्कूल के मार्गदर्शक एवं प्रसिद्ध मोटिवेटर रामचन्द्र शर्मा ने सभी शिक्षकों को संबोधित करते हुए बताया कि किसी भी कार्य में योजना बनाने का महत्व सदा ही सर्वोपरि रहता है। उन्होंने उदाहरण देते हुए बताया कि घर पर जब महिला कार्य करती है तो योजना बनाकर ही बेहतर कर पाती है। इसी तरह चाहे खिलाड़ी हो, व्यापारी हो, अधिकारी हो, नेता हो या अन्य किसी भी कार्य से संबंधित व्यक्ति हो। यदि वह योजना बनाकर कार्य करता है तो सफलता की संभावना बढ़ जाती है। इसी तरह एक शिक्षक को भी बच्चों को ज्ञान देने से पहले खुद को अपग्रेड कर योजना बनाकर, तकनीक सीखाने का सोचकर शिक्षा देनी चाहिए। तभी एक शिक्षक वास्तविक रूप मे सफल हो पाता है।

**ज्ञान से ही विकास संभव है- दिलीप**

प्रशिक्षक दिलीप मिश्रा ने कहा कि विस्तृत ज्ञान लगातार अध्ययन से ही संभव है। इसलिए शिक्षक बनने के बाद भी दुनिया से जुड़े रहकर अपने ज्ञान में वृद्धि करते रहना चाहिए। तभी आप आने वाली पीढ़ि को समृद्ध कर सकते हैं। इन बातों के साथ-साथ सीबीएसई द्वारा प्रस्तुत नई-नई नीतियों के बारे मे विस्तार से जानकारी दी।

**खुद को बच्चों के लिए तैयार रखे : गोविंद**

प्रशिक्षक गोविंद दास ने सीबीएसई द्वारा लाई गई नई शिक्षा नीति के बारे मे अलग-अलग बिंदुओं पर बहुत ही महत्वपूर्ण जानकारी दी। उस जानकारी को बच्चों के साथ योजनाबद्ध तरीके से सीखाने का तरीका भी बताया गया।

## राजेश्री ने महंत नरोत्तम दास जी महाराज को दी श्रद्धांजलि

### छोटे मठ के महन्त जी थे नरोत्तम दास जी

समवेत शिखर संवाददाता



**चांपा।** चांपा नगर में हसदेव नदी के किनारे स्थित डोंगा घाट, छोटे मठ के महन्त श्री नरोत्तम दास जी महाराज गोलोक वासी हो गए, उनके अंतिम दर्शन के लिए नगर एवं आसपास के क्षेत्र से शिष्य परिवार के सभी लोग तथा श्रद्धालु भक्तजन एवं प्रतिष्ठित नागरीक गण बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने रायपुर से पहुंचकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने शोक संदेश में उन्होंने कहा कि- श्री नरोत्तम दास जी महाराज एक अच्छे सिद्ध सरल हृदय के महात्मा थे, उन्होंने तपसी बाबा के द्वारा स्थापित छोटे मठ की परंपरा को आगे बढ़ाया, भगवान रघुनाथ जी तथा हनुमान जी की वे आजीवन सेवा करते रहे, उनके चले जाने से सन्त जगत में जो कमी हुई है उसकी भरपाई कर पाना बड़ा मुश्किल है। राजेश्री महन्त जी ने साल एवं पुष्पमाला अर्पित कर उन्हें अंतिम विदाई दी, उल्लेखनीय है कि श्री नरोत्तम दास जी का देहान्त 4 फरवरी को हो गया वे अपने जीवन के अंतिम स्वांस तक ÷सीताराम - सीताराम÷ नाम का जाप निरंतर करते रहे। उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करने वालों में अनेक स्थानों से आए हुए सन्त महात्माओं के अतिरिक्त कार्तिकेश्वर स्वर्णकार, पद्मेश शर्मा, मनोज मित्तल, अनिल सोनी, डीडवानियां जी, कमलेश सिंह, निर्मल दास वैष्णव सहित अनेक गणमान्य जन उपस्थित थे। उन्हे कीर्तन -भजन एवं बैड बजे के साथ स-सम्मान अंतिम दर्शन के लिए नगर भ्रमण कराया गया, नगर वासियों ने जगह-जगह आतिशबाजी एवं आरती उतार कर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं अंतिम विदाई दी।